20 जुलाई, 2025
श्रावण, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 270

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




जान जोखिम में डालकर बच्चे जा रहे स्कूल : बाबूलाल


**FLORENCE**
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी तीन बड़ी सड़क परियोजनाओं की मंजूरी

# रांची में बनेंगे तीन फ्लाइओवर

- जमशेदपुर, डालटनगंज और अन्य शहरों में भी ट्रैफिक सुधार की योजनाएं बनाने का दिया निर्देश



अजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची समेत झारखंड के अन्य प्रमुख शहरों में यातायात व्यवस्था को सुचारू और आधुनिक बनाने की दिशा में तीन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं की विस्तृत प्रस्तुति पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री के समक्ष दी गयी। हेमंत सोरेन ने डीपीआर तैयार कर जल्द परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्देश दिया है। साथ ही अन्य प्रमुख शहरों में भी यातायात सुधार के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

**रांची को मिली सौगात:** मुख्यमंत्री ने अरगोड़ा चौक-कटहल मोड़-चापू टोली एलिवेटेड फ्लाइओवर की मंजूरी दी। सड़क के दोनों ओर ड्रेनेज और यूटिलिटी डक्ट बनाये जायेंगे। नीचे की सड़क का सौंदर्यीकरण किया जायेगा। फ्लाइओवर पर पूर्ण प्रकाश व्यवस्था और दोनों किनारों पर नॉइज बैरियर लगेगा। इसके बनने से अरगोड़ा से चापू टोली तक व्यस्त यातायात से राहत मिलेगी और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित होगी। वहीं, दूसरा करमटोली-मोराबादी-साइंस सिटी तक फ्लाइओवर बनेगा। साथ ही रिंग रोड तक फोर लेन होगा। इसके बनने से राजधानी के व्यस्त मार्गों पर जाम की समस्या में कमी आएगी और आवाजाही तेज होगी। इसके अलावा रांची रेलवे स्टेशन से एयरपोर्ट तक वैकल्पिक फोर लेन सड़क बनेगी। दोनों ओर फुटपाथ और कवर्ड साइकिल ट्रैक होगा। ट्रैक के ऊपर सोलर पैनल, जिससे सड़क रोशन रहेगी। ग्रीनफील्ड कॉरिडोर, गजीबो, बैठने की बेंच और प्राथमिक सुविधाएं होगी। इसके बनने से एयरपोर्ट तक जाने के लिए वैकल्पिक तेज रफ्तार मार्ग उपलब्ध होगा। हटिया, डोरंडा, हीनू और एचइसी क्षेत्र के लोगों को रांची रेलवे स्टेशन तक त्वरित और सुगम पहुच होगी।

**अन्य परियोजनाओं पर विचार:** मुख्यमंत्री ने हरमू मुक्ति धाम से रेडिशन ब्लू तक फ्लाईओवर और हिनू पुल से जगन्नाथपुर तक स्वर्णरेखा नदी पर फ्लाइओवर जैसे अन्य प्रस्तावों पर भी विचार करने की बात कही है।

**आर्थिक और सामाजिक लाभ:** इन परियोजनाओं से न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी, बल्कि स्थानीय रोजगार, निवेश और औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने समयबद्ध क्रियान्वयन और नियमित समीक्षा का निर्देश देते हुए कहा कि यह पहल झारखंड को आधुनिक और विकसित राज्य बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

### जमशेदपुर-साकची फ्लाइओवर बनने से जाम से मिलेगी निजात

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि रांची की तर्ज पर जमशेदपुर, डालटनगंज और अन्य शहरों में भी ट्रैफिक सुधार की योजनाएं बनाई जाएं। इसके तहत जमशेदपुर-साकची सिटी फ्लाइओवर परियोजना (लंबाई 2.54 किमी) जाम की समस्या से राहत देगा। वहीं, डालटनगंज-गढ़वा वैकल्पिक कॉरिडोर से चारों दिशाओं को जोड़ने वाला गोलाकार एलिवेटेड कॉरिडोर, ट्रैफिक संतुलन में मदद करेगा। एनएचएआइ के ट्रांजिशन पॉइंट्स पर सुधार से रामगढ़, डालटनगंज, बरकाकाना जैसे स्थानों पर सुरक्षा और जंक्शन सुधार पर जोर दिया।

**अरगोड़ा चौक-कटहल मोड़-चापू टोली एलिवेटेड फ्लाइओवर**

- फ्लाइओवर की लंबाई: 1.75 किलोमीटर
- फ्लाइओवर की चौड़ाई: 10 मीटर
- नीचे की सड़क: 7 मीटर

**करमटोली-मोराबादी-साइंस सिटी फ्लाइओवर एवं रिंग रोड तक फोर लेन**

- फ्लाइओवर की लंबाई: 2.2 किलोमीटर
- फ्लाइओवर की चौड़ाई: 10 मीटर
- फोर लेन सड़क लंबाई : 5 किलोमीटर (साइंस सिटी से रिंग रोड तक)

**रांची रेलवे स्टेशन से एयरपोर्ट तक वैकल्पिक फोर लेन सड़क**

- सड़क की लंबाई: 4.7 किलोमीटर
- एलिवेटेड रोड: 800 मीटर


SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN






Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815


# संसद का मानसून सत्र 21 से, होगा हंगामेदार

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र सोमवार 21 जुलाई से शुरू होने वाला है। पहले यह सत्र 12 अगस्त तक चलने वाला था, अब इसे बढ़ा दिया है। सत्र 21 अगस्त तक चलेगा और इस दौरान दोनों सदनों की कुल 21 बैठकें होंगी। सरकार की तरफ से इस सत्र में कई विधेयक पेश किए जायेंगे। इसमें से कुछ मुद्दे ऐसे है जिस पर हंगामा हो सकता है। इसमें पहलगाम से लेकर बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण तक कई मुद्दे शामिल है। इस एक महीने लंबे सत्र के लिए विपक्ष ने पूरी तैयारी कर ली है। विपक्ष सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की पूरी तैयारी में है। इसे लेकर इंडिया गठबंधन की बैठकें जारी हैं। हालांकि इस गठबंधन में तृणमूल कांग्रेस और आप जेसी कुछ पार्टियां शामिल नहीं हो रही हैं, फिर भी वे सरकार से तीखे सवाल पूछने को तैयार हैं। उधर, सरकार भी विपक्ष के सवालो का जवाब देने की तैयारी कर रही है।

**ऑपरेशन सिंदूर पर ट्रंप के बयान बनेगा मुद्दा:** विपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे को प्रमुखता से उठाने का मन बनाया है। खासकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस संबंध में दिये गये बयानों को लेकर। ट्रंप ने कई बार दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम करवाया था। राहुल गांधी पहले ही 'नरेंद्र सरेंडर' जैसा बयान दे चुके हैं। विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार को पूरी तैयारी के साथ घेरने की कोशिश करेगा। विदेश मंत्री जयशंकर के सीजफायर पर दिये गये बयान को लेकर भी विपक्ष उन्हें कटघरे में खड़ा करने की कोशिश करेगा।

### सहायक आचार्य के गणित और विज्ञान का रिजल्ट जारी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का रिजल्ट जारी होना शुरू हो गया है। शुक्रवार की देर रात गणित और विज्ञान विषय का रिजल्ट जारी कर दिया गया। लगभग 1600 अभ्यर्थियों का रिजल्ट जारी हुआ है, जबकि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन में 2734 अभ्यर्थियों को बुलाया था। गणित और विज्ञान विषय में 5008 पदों के लिए सिर्फ 2734 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, इसमें से सिर्फ 1600 का ही रिजल्ट जारी हुआ है। शेष अभ्यर्थी जिनका सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन हो चुका है, उनके रिजल्ट के बारे में आयोग द्वारा कोई सूचना नहीं दी गयी है। इससे अभ्यर्थियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बताते चलें कि जेएसएससी ने झारखंड हाइकोर्ट में शपथ पत्र दायर किया था कि सहायक आचार्य परीक्षा के गणित और विज्ञान का रिजल्ट जुलाई में जारी होगा।

# हिंदूवादी नेता भैरव सिंह गिरफ्तार

रांची में चुटिया पुलिस की कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र में पार्किंग ठेकेदारी को लेकर हुए विवाद और मारपीट मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए हिंदूवादी नेता भैरव सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना ने बीते कुछ दिनों से रांची में राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा को तेज कर दिया था। घटना रांची के सुजाता चौक के पास स्थित बिग बाजार इलाके की बताई जा रही है, जहां पार्किंग ठेके को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि सड़क पर ही मारपीट की नौबत आ गयी। इस मामले में भैरव सिंह को नामजद आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने मामले की छानबीन के बाद आरोपी भैरव सिंह को पंडरा इलाके से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद भैरव सिंह को मेडिकल जांच के लिए रांची सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश के बाद भैरव सिंह को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। चुटिया थाना प्रभारी ने बताया कि यह कार्रवाई कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से की गयी है। पुलिस आगे भी इस मामले से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।


Euro Kids
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348



SYMBIOSIS PUBLIC SCHOOL
(Affiliated to Central Board of Secondary Education, New Delhi) upto 10+2
NH-33, Near Toll Gate, Bundu, Ranchi-835204 JHARKHAND
TEACHERS REQUIREMENT
PGT (IX -XII) :-MATHEMATICS,ACCOUNTS, BUSINESS STUDIES.
QUALIFICATION: Post Graduate with B.Ed.
PGT (IX -XII) :-COMPUTER SCIENCE
QUALIFICATION: MCA
PGT (IX -XII) :-PHYSICAL EDUCATION
QUALIFICATION: Masters Degree in Physical Education
TGT (VI -VIII) :- HINDI,SCIENCE,MATHEMATICS
QUALIFICATION : Graduate in respective subjects with B.Ed.
WELLNESS TEACHER : Post Graduate in Psychology
SPECIAL EDUCATORS : Post Graduate or Diploma in Special Education
LIBRARIAN: B.lib /M.lib with expertise in using library software.
NOTE :-
• Candidates should have at least 2 years of experience in a reputed CBSE/ICSE School.
• Freshers with exceptional academic record may apply.
• Only shortlisted candidates will be called for the interview and demonstration classes.
Interested candidates should Email their detailed resume along with hand written application and recent passport size photograph to symbiosisbundu@gmail.com latest by 27th July '2025.
ADMISSION OPEN
FOR CLASS XI | LIMITED SEATS
Contact No : 9835108162



YBN UNIVERSITY
Ranchi, Jharkhand
Ph.D. Admission Notification-2025
This is for the information of all concerned that the Y.B.N. University, Ranchi (Jharkhand) has scheduled to conduct YBNU-Ph.D. Entrance Test - 2025 (Research Eligibility Test) in the Schools of Agriculture, Arts & Humanities, Science, Commerce & Management, Computer Science & IT, Engineering & Technology, Law, Pharmacy and Education on 12th August 2025. The Prospectus and seat matrix (including Application Form) for the above-mentioned entrance test is available on University website: https://www.ybnu.ac.in/ To apply, please visit the website https://www.ybnu.ac.in/ Contact Information: For any queries, please contact the Admission Cell at: 70612 61557, 97095 00400
Sd/-
Controller of Examinations
Y.B.N. University
Ranchi (Jharkhand)
Note : Y.B.N. University, Ranchi, is accepting rolling applications for faculty positions across all its Schools and Colleges. Candidates will be invited for interviews as vacancies arise. Interested applicants can apply online by submitting their applications with all supportive documents as per UGC guidelines to hr@ybnu.ac.in.


# राष्ट्रपति देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी

31 जुलाइ को आयेंगी, प्रशासन ने शुरू की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जुलाई को देवघर आयेंगी। वह देवघर एम्स में आयोजित होने वाले पहले दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन और एम्स प्रबंधन ने तैयारियां शुरू कर दी है। देवघर एम्स का यह पहला दीक्षांत समारोह है, जिसे भव्य और ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम का आयोजन एम्स के ऑडिटोरियम में होगा, जहां लगभग एक हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है। एम्स प्रबंधन ने सभी अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंप दी हैं, और तैयारियां पूरे जोर-शोर से चल रही हैं।

**48 छात्रों को मिलेगी डिग्री, चार को मेडल:** दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 48 छात्रों को डिग्री प्रदान करेंगी। इनमें से चार मेधावी छात्रों को विशेष सम्मान मिलेगा, जिसमें एक छात्र को गोल्ड मेडल, एक को सिल्वर मेडल, एक को ब्रॉन्ज मेडल और एक अन्य छात्र को डिग्री दी जायेगी। शेष छात्रों को एम्स प्रबंधन और विशिष्ट अतिथियों द्वारा डिग्री वितरित की जायेगी।

### मंदिर में पूजा की कोई सूचना नहीं

देवघर में श्रावणी मेला चल रहा है। हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु देवघर पहुंच रहे। इस दौरान राष्ट्रपति के अगमन को लेकर प्रशासन विशेष तैयारी में जुटा है। देवघर के एसडीओ रवि कुमार ने बताया कि राष्ट्रपति 31 जुलाई को एम्स के दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। फिलहाल, बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा करने को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 20 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# रांची की स्वच्छता रैंकिंग में गिरावट को लेकर नगर निगम हुआ सचेत

## ■ 32वें से 37वें स्थान पर खिसक कर देश का सबसे चौथा गंदा शहर बना रांची

## ■ नगर की साफ-सफाई की व्यवस्था में सुधार की जरूरत, लोगों का सहयोग भी जरूरी

## ■ जगह-जगह कुड़ेदान, ठोस कचरा प्रबंधन, सीवरेज-ड्रेनेज की व्यवस्था मजबूत करनी होगी

## ■ स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग को लेकर नगर विकास विभाग भी गंभीर

## ■ रैंकिंग जरूर निराशाजनक, लेकिन आने वाले दिनों में जरूर सुधार होगा: नगर निगम

आजाद सिपाही विशेष

दो दिन पहले स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के नतीजों ने रांची के साथ-साथ पूरे झारखंड की हकीकत सामने ला दी है। इस नतीजे के अनुसार सर्वेक्षण में शामिल 10 लाख से अधिक आबादी वाली श्रेणी में देश के 40 सबसे गंदे शहरों में झारखंड की राजधानी रांची चौथे स्थान पर है। इस श्रेणी में देश का सबसे गंदा शहर मदुरै है। उसके बाद लुधियाना दूसरा सबसे गंदा शहर है। उसके बाद चेन्नई और रांची का स्थान है। पिछले साल इस सर्वेक्षण में रांची को 32वां स्थान हासिल हुआ था, लेकिन इस बार वह फिसल कर 37वें स्थान पर चला गया। यहां बड़ा सवाल यह उठता है कि साफ-सफाई के मामले में रांची की इस शर्मनाक स्थिति के लिए जिम्मेवार कौन है। क्या इस स्थिति के लिए केवल रांची नगर निगम को जिम्मेवार ठहराया जा सकता है या फिर रांची के आम लोग भी इसके लिए जिम्मेवार हैं। इस सवाल के जवाब में केवल इतना कहा जा सकता है कि रांची नगर निगम के साथ रांची के लोग भी इस स्थिति के लिए जिम्मेवार हैं। रांची की साफ-सफाई की तरफ किसी का भी ध्यान नहीं है। लोग जहां-तहां कचरा फेंकते हैं और नगर निगम भी उसका निपटारा अपने हिसाब से करता है। दुनिया में शायद रांची एकमात्र ऐसा शहर है, जहां कचरा फेंकने के लिए कूड़ेदान नहीं है। कुछ साल पहले शहर में कूड़ेदान दिखता था, लेकिन अब तो यह दिखाई भी नहीं देता। यह सब तब हो रहा है, जब रांची नगर निगम राज्य में टैक्स वसूलने के मामले में पहले स्थान पर है। क्या है रांची में गंदगी का कारण और क्या हो सकता है इसे दूर करने का उपाय, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड का सिर एक बार फिर शर्म से झुक गया है। राज्य की राजधानी रांची एक बार फिर स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग में पिछड़ गयी है। दो दिन पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में घोषित स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के नतीजों में रांची को 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहर की श्रेणी में 37वां स्थान मिला। इस साल के सर्वेक्षण में इस श्रेणी में 40 शहर शामिल किये गये थे। नतीजे का मतलब यही है कि रांची देश का चौथा सबसे गंदा शहर है। रांची से नीचे चेन्नई, लुधियाना और मदुरै हैं। झारखंड के लिए संतोष की बात यही रही कि 10 लाख से कम आबादी वाले शहर की श्रेणी में जमशेदपुर को तीसरे सबसे स्वच्छ शहर का खिताब मिला और बुंडू को झारखंड का सबसे स्वच्छ शहर का खिताब हासिल हुआ।

### टैक्स कलेक्शन में आगे, पर साफ-सफाई भी करें

हैरानी की बात यह है कि रांची नगर निगम टैक्स कलेक्शन के मामले में राज्य के सभी निकायों से आगे है, लेकिन जब बात साफ-सफाई की आती है, तो तस्वीर एकदम उलटी नजर आती है। रांच नगर निगम द्वारा टैक्स भरपूर वसूला जाता है, लेकिन सफाई के मामले में रांची नगर निगम नाकाम साबित हो रहा है।

### इन कारणों से पिछड़ गयी रांची

स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग में रांची के पिछड़ने के कई कारण हैं। यह हैरत की बात है कि पिछले पांच वर्षों से रांची टॉप 30 में भी जगह नहीं बना पा रही है, जबकि रांची शहर की सफाई पर नगर निगम हरेक माह करीब छह करोड़ रुपये खर्च करता है। शहर की सफाई और स्वच्छ पर्यावरण के नाम पर 50 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करके विभिन्न मशीनों की खरीदारी की गयी है। शहर में ठोस कचरा प्रबंधन लागू कर दिया गया है। इसके बावजूद शहर से नियमित रूप से कूड़े का उठाव नहीं हो रहा है। सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार रांची में मात्र 58 फीसदी घरों से ही कूड़े का उठाव हो रहा है। जल-मल निकासी के लिए सीवरेज-ड्रेनेज सिस्टम का अभाव है और 40 फीसदी सार्वजनिक शौचालय भी साफ नहीं होते हैं। सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के लिए पिछले 24 वर्षों से प्रयास हो रहे हैं, लेकिन परिणाम बेहतर नहीं निकल रहे हैं। साफ-सफाई के मोर्चे पर रांची के पिछड़ने के पीछे कई कारण हो सकते हैं, लेकिन मुख्य रूप से इसके पीछे कागजी योजना, शून्य कार्यान्वयन और दिखावे की मॉनिटरिंग है। इसके अलावा आम लोगों में साफ-सफाई के प्रति जागरूकता का अभाव और सामूहिक इच्छाशक्ति का नहीं होना भी इसका कारण है।




### कूड़ेदान का अभाव

पहले बात कचरा प्रबंधन की। रांची शायद दुनिया का एकमात्र शहर है, जहां कचरा फेंकने के लिए कोई नियत स्थान नहीं है और न ही कूड़ेदान की व्यवस्था है। कुछ साल पहले शहर में कूड़ेदान की व्यवस्था की गयी थी, लेकिन अब यह कहीं भी नजर नहीं आता। इसका नतीजा यह हुआ है कि लोग जहां-तहां कचरा फेंकते हैं और नगर निगम के लोग मनमर्जी के हिसाब से उसे उठाते हैं। इतना ही नहीं, नगर निगम के लोग नाली का कचरा भी सड़क पर ही छोड़ देते हैं, जिससे वह दोबारा नाली में चला जाता है।

### सीवरेज-ड्रेनेज का अभाव

शहर के मात्र नौ वार्डों में सीवरेज-ड्रेनेज प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। पिछले एक दशक में मात्र 80 प्रतिशत काम हुआ है। सभी घर सीवर लाइन से नहीं जुड़े हैं। इस पर करीब तीन सौ करोड़ रुपये खर्च हो गये, फिर भी लोगों को फायदा नहीं मिला। शेष बचे 44 वार्डों में सीवरेज-ड्रेनेज का अभी तक डीपीआर ही बना है। काम कब तक शुरू होगा, इसका पता नहीं है।

### कागजी योजनाएं

रांची नगर निगम में अब बड़ी-बड़ी कागजी योजनाएं बनती हैं। ठोस कचरा प्रबंधन लागू करने की योजना 13 वर्षों से बन रही है, लेकिन आज तक यह पूरी तरह धरातल पर नहीं उतरी, क्योंकि यह योजना व्यावहारिक नहीं है। कंसल्टेंट योजना बनाकर देते हैं और अफसर उसकी व्यवहारिकता समझे बिना उसे लागू कर देते हैं। इसी का नतीजा है कि साफ-सफाई नहीं दिखती। घरों से नियमित कूड़ा नहीं उठता। फिर भी निगम के कर्मचारी गीला-सूखा कूड़ा अलग नहीं देने वाले घरों से कूड़ा नहीं उठाने की धमकी देते हैं।

### शहर की सफाई की निगरानी करें

रांची दुनिया का एकमात्र ऐसा शहर है, जहां नगर निगम की कोई जिम्मेदारी नहीं है। कोई अफसर या कर्मी आम लोगों की न तो शिकायत सुनता है और न सुझाव पर ही ध्यान देता है। कई बार तो साफ-सफाई के लिए निगम कर्मियों और आम लोगों के बीच झगड़े तक हो जाते हैं। इसके साथ साफ-सफाई की निगरानी भी नहीं होती है। कोई ऐसा सिस्टम नहीं है, जहां से पूरे शहर की सफाई की निगरानी की जा सके।

### नगर विकास विभाग भी गंभीर



स्वस्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग में पिछड़ने को नगर विकास विभाग ने भी गंभीरता से लिया है। राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू कहते हैं, हम इस मामले को लेकर नगर निगम के अधिकारियों से बातचीत कर रहे हैं। झारखंड के शहरों को साफ रखने के लिए सरकार के स्तर पर हरसंभव कदम उठाये जायेंगे। इसमें निराश होने की जरूरत नहीं है।


### अधिकारी ने कहा, हम लगातार काम कर रहे हैं, मदद करें

इस पूरे मामले पर नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने बातचीत की और प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि नगर निगम सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस बार की रैंकिंग जरूर निराशाजनक है, लेकिन आने वाले दिनों में सुधार किया जायेगा। उन्होंने इस मामले में आम लोगों से मदद करने की अपील भी की।

---

# विकास योजनाओं को गति देने के लिए उद्योग सचिव ने दिल्ली में की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिशा निर्देश पर राज्य में विकास योजनाओं को गति देने के उद्देश्य को लेकर उद्योग सचिव अरवा राजकमल और ज़ियाडा के प्रबंध निदेशक वरुण रंजन ने शनिवार को दिल्ली में विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग बैठक की।

झारखंड प्रतिनिधिमंडल ने नयी दिल्ली में जापानी अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआइसीए) इंडिया की अपर मुख्य विकास विशेषज्ञ अदिति पुरी के साथ एक बैठक की। इसमें जेआइसीए ने औद्योगिक विकास, स्वास्थ्य अवसंरचना और कौशल विकास पर झारखंड के कार्यों की सराहना की और रणनीतिक सहयोग की संभावनाओं में गहरी रुचि व्यक्त की।

उद्योग सचिव ने जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जेइटीआरओ) इंडिया के मुख्य महानिदेशक सुजुकी ताकाशी से मुलाकात की। जेइटीआरओ ने झारखंड को जापानी निवेशकों से जोड़ने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। दोनों पक्ष नये निवेश अवसरों को खोलने के लिए आउटरीच कार्यक्रमों पर सहमति बनी है। जबकि एक बैठक नयी दिल्ली स्थित झारखंड भवन में एनइसी कॉरपोरेशन के कॉरपोरेट स्ट्रेटेजी के रयोहेई आइबा के साथ हुई। आइटी सॉल्यूशन, दुर्लभ मृदा खनिज खनन के लिए डिजिटल तकनीकों और एनइसी के सहयोग से एक जापानी भाषा अकादमी की स्थापना में संयुक्त उद्यम के अवसरों की खोज करेगी। एनइसी ने झारखंड की डिजिटल परिवर्तन यात्रा में उसके साथ साझेदारी करने में गहरी रुचि व्यक्त की।

---

श्रावणी मेला : श्रद्धालुओं की सेवा

# गर्मी से राहत देने के लिए शुरू की गयी इंद्र वर्षा



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** बाबानगरी देवघर में राजकीय श्रावणी मेला 2025 कई मायनों में खास है। ऐसे में बाबा बैद्यनाथ की नगरी आने वाले देवतुल्य श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से मिस्ट कूलिंग सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है ताकि जलार्पण हेतु कतारबद्ध श्रद्धालुओं को लगातार उमस भरी गर्मी में ठंडक महसूस होती रहे। इसके अलावे मिस्ट कूलिंग सिस्टम का उपयोग जलार्पण हेतु कतारबद्ध श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु संस्कार मंडप के दोनों तलों पर किया गया है। साथ ही नेहरू पार्क होल्डिंग पॉइंट के दोनों पंडाल में मिस्ट कूलिंग सिस्टम का उपयोग किया गया है। इसके अलावे कांवरिया पथ में दुम्मा से खिजुरिया तक गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु कुल 11 जगहों पर इंद्र वर्षा की व्यवस्था के अलावा आवश्यक अनुसार पानी के फुहारों व छिड़काव की व्यवस्था रुटलाइन में सुनिश्चित की गयी है।

---

# आइएएस पूजा सिंघल के खिलाफ नहीं मिली अभियोजन की स्वीकृति

## प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत से मांगी अभियोजन की स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने मनी लाउंड्रिंग के आरोपी आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति नहीं दी है। इडी ने सरकार से मनी लाउंड्रिंग के आरोपों के मद्देनजर अभियोजन स्वीकृति मांगी थी। 120 दिनों बाद भी सरकार से जवाब नहीं मिलने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने पिटीशन दायर कर न्यायालय से सरकार की तरफ से जवाब नहीं मिलने को अभियोजन स्वीकृति मानने का अनुरोध किया है।

इडी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में करीब पांच महीना पहले राज्य सरकार से पूजा सिंघल के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मांगी थी। नवंबर 2024 से पहले तक मनी लाउंड्रिंग के आरोप में



किसी अधिकारी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सरकार से अभियोजन स्वीकृति लेने की जरूरत नहीं होती थी।

इस मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गयी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई के बाद नवंबर 2024 में दिये गये फैसले में सरकारी अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सरकार की अनुमति को आवश्यक बताया था।

इडी ने सुप्रीम कोर्ट के इसी फैसले के आलोक में पूजा सिंघल के खिलाफ राज्य सरकार से मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी थी। लेकिन सरकार ने चार महीना गुजर जाने के बावजूद पूजा सिंघल के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति नही दी थी। इसके बाद इडी की ओर से ट्रायल कोर्ट में एक पिटीशन दायर किया गया। कोर्ट में दायर पिटीशन में कहा गया है कि सरकार ने निर्धारित 120 दिनों के भीतर अभियोजन स्वीकृति नहीं दी है। इडी की ओर से ट्रायल कोर्ट से यह अनुरोध किया गया है कि सरकार की चुप्पी को अभियोजन स्वीकृति मानी जाये। इसके लिए इडी की ओर से सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये कई दिशा निर्देशों को बतौर उदाहरण पेश किया गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.8°c | 23.0°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.37 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.13 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 20 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# हाइकोर्ट ने कांग्रेस-झामुमो गठबंधन को मारा है जोरदार तमाचा : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर मुद्दों को लेकर कई अटैक किये गये हैं। पहला उन्होंने नगर निकाय चुनाव को लेकर सवाल खड़े किये हैं। सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि नगर निकाय चुनाव नहीं कराने के कारण हाइकोर्ट ने कांग्रेस-झामुमो गठबंधन को जोरदार तमाचा मारा है। राज्य के कई नगर निकायों का कार्यकाल पांच वर्ष पूर्व ही समाप्त हो चुका है। बीते दो साल से अधिक समय से पूरे प्रदेश में नगर निकायों को सिर्फ प्रशासकों के भरोसे चलाया जा रहा है।

**नागरिकों का लोकतांत्रिक अधिकार छीन लिया :** परिवारवाद की राजनीति करने वाली कांग्रेस-झामुमो ने शहरी क्षेत्र के नागरिकों का लोकतांत्रिक अधिकार छीन कर उन्हें बुनियादी नागरिक सुविधाओं से वंचित कर दिया है। स्वच्छता नहीं होने के कारण नालियां बजबजा रही हैं, चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है, सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं फिर भी राजनीतिक कुंठा में सरकार निकाय चुनाव नहीं करा रही है। लोकतंत्र का गला घोंटने वाली इस सरकार को जनता कभी माफ नहीं करेगी।

**झारखंड सरकार संविधान पर कर रही हमला :** नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि झारखंड सरकार संविधान पर हमला कर रही है और रूल ऑफ लॉ का गला घोंट रही है। ये वक्तव्य झारखंड हाइकोर्ट का है। हाइकोर्ट ने 4 जनवरी 2025 को अधिसूचना जारी करके सरकार को नगर निकाय चुनाव तीन हफ़्ते के भीतर कराने का निर्देश दिया था। आज 19 जुलाई है, ना चुनाव करवाये गये ना ही कोर्ट से मांगे गये चार माह के समय में चुनाव की कोई तैयारियां की गयीं।

इस तरह हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना करना दिखाता है कि राज्य सरकार न्यायपालिका का कितना सम्मान करती है। जब कोर्ट ने वापस इस मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगा तो बहाना दिया गया कि राज्य निर्वाचन आयोग की नियुक्ति नहीं की गयी है। मुख्यमंत्री लोकतंत्र और संविधान के हर संस्थान को अपने अधीन रखकर उसे नियंत्रित करना चाहते हैं।



## डीजीपी की नियुक्ति पर खड़े किये सवाल

लोकतंत्र की आत्मा के खिलाफ यह सरकार का कोई पहला काम नहीं है, डीजीपी की नियुक्ति से लेकर स्थानीय निकायों में चुनाव कराने तक सरकार ने संविधान के नियमों के साथ खिलवाड़ किया है, उन्हें तोड़ मरोड़ कर अपने राजनीतिक हित के लिए प्रयोग किया है। हर संवैधानिक संस्था को मृतप्राय कर देने का षड्यंत्र रचा है, ताकि सरकार द्वारा किये जा रहे अन्याय व अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाने की कोई संभावना ही ना रहे। सरकार कितनी भी कोशिश कर ले, इस तानाशाही का अंत निश्चित है। इंदिरा गांधी ने भी संविधान की हत्या और लोकतांत्रिक संस्थाओं को नियंत्रित करने का प्रयास किया था, परंतु उस आपातकाल के काले अध्याय का अंत कैसा हुआ, राज्य सरकार को याद रखना चाहिए।

## जान जोखिम में डालकर बच्चे जा रहे स्कूल : बाबूलाल



**रांची (आजाद सिपाही)।** सिमडेगा जिले में स्कूली बच्चे जान जोखिम में डालकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। इस मुद्दे को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर को घेरा है। बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि मुख्यमंत्री, मंत्री और अफसरों के बच्चे जहां महंगे निजी स्कूलों में तमाम सुविधाओं के साथ पढ़ाई कर रहे हैं, वहीं गरीब परिवारों के बच्चों को स्कूल पहुंचने के लिए खतरनाक रास्तों से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि गरीब बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता में शामिल नहीं है। उन्होंने लिखा, झारखंड के सिमडेगा जिले में स्कूली बच्चे जान जोखिम में डालकर नाला पार कर स्कूल जा रहे हैं। अबुआ सरकार बच्चों को स्कूल तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए बुनियादी व्यवस्था तक करने में असफल रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि प्रदेश के अन्य हिस्सों से भी ऐसी कई चिंताजनक तस्वीरें सामने आयी हैं, जहां मासूमों को हर दिन जोखिम भरे रास्तों से होकर स्कूल जाना पड़ता है।

**निकाय चुनाव :** आजसू का राज्य सरकार पर निशाना

# ओबीसी आरक्षण नहीं देना चाहता है झामुमो-कांग्रेस : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने झारखंड में नगर निकाय चुनाव न कराने पर झारखंड हाइकोर्ट की सख्त टिप्पणी को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। श्री महतो ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस की सरकार पिछड़ों को आरक्षण नहीं देना चाहती। साथ ही स्थानीय निकायों को अफसरों के भरोसे चलाना चाहती है। उन्होंने कहा कि हाइकोर्ट की टिप्पणी से स्पष्ट हो गया कि झामुमो और कांग्रेस को लोकतांत्रिक मूल्यों में भरोसा नहीं।

श्री महतो ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस नगर निकाय में ओबीसी को आरक्षण नहीं देना चाहते और इसे टालने का बहाना ढूंढते रहते हैं। राज्य सरकार गंभीर रहती तो काफी पहले ट्रिपल टेस्ट करवा कर नगर निकाय चुनाव करवा सकती थी। जब आजसू पार्टी ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया तब सरकार ओबीसी आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट करवाने पर मजबूर हुई।

श्री महतो ने कहा कि राज्य सरकार ने जानबूझकर ट्रिपल टेस्ट अभी तक पूरा नहीं किया और विगत एक वर्ष से ओबीसी आयोग के अध्यक्ष का पद खाली रखकर



ट्रिपल टेस्ट में देरी की साजिश की गयी। विगत 4 माह से मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पद भी नहीं भरा जा रहा है। इससे साबित हो जाता है कि झामुमो-कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने में जुटे हैं। श्री महतो ने कहा कि नगर निकायों में जनप्रतिनिधि नहीं होने के कारण स्वच्छता, बुनियादी ढांचा और शहरी विकास जैसे मुद्दों पर जनता की उपेक्षा की जा रही है। श्री महतो ने कहा कि राज्य में कानून का शासन चले, राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए। सरकार संविधान और लोकतंत्र का गला नहीं घोट सकती। नगर निकाय चुनाव टालकर जनता को उनके हक से वंचित करने का अधिकार सरकार को नहीं है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |
| वृष | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मिथुन | आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी। |
| कर्क | काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना। |
| सिंह | कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा। |
| कन्या | बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता। |
| तुला | कुछ संघर्षो के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| धनु | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। |
| मीन | आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि। |

# रांची की बेटी रवीना ने बॉलीवुड में बिखेरा अभिनय का जलवा

**फिल्म मर्डरबाद में पुलिस इंस्पेक्टर आदिति रावत का किया दमदार रोल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची की प्रतिभाशाली बेटी रवीना की नयी हिंदी फिल्म मर्डरबाद विगत 18 जुलाई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी है। फिल्म में रवीना ने पुलिस इंस्पेक्टर आदिति रावत की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके अभिनय और स्क्रीन प्रेजेंस को दर्शकों से सराहना मिल रही है।

यह जानकारी झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि रवीना ने झारखंड और मारवाड़ी समाज का नाम रोशन किया है।

सर्राफ ने बताया कि रवीना मूलतः रांची की निवासी हैं और झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व महामंत्री की पुत्री हैं। उन्होंने लोरेटो कॉन्वेंट हाइस्कूल, डोरंडा से स्कूली शिक्षा और संत जेवियर्स कॉलेज से बीकॉम की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने मुंबई का रुख किया।

मुंबई पहुंच कर इन्होंने कई विज्ञापनों में चर्चित कलाकारों के साथ काम किया जिनका प्रसारण विभिन्न चैनलों एवं यूट्यूब पर



होता रहा है। फिल्म के निर्देशक अनरव चटर्जी हैं नकुल रोशन शहदेव, कनिका कपूर, शारीब हाशमी, सलोनी बत्रा, मनीष चौधरी, अमोल गुप्ता, अंजन श्रीवास्तव, मसुदा अख्तर, सुब्रत दत्ता, बरूण चंदा, विभा छिब्बर और उदय टिकेकर इस फिल्म के अन्य कलाकार हैं। शान कुशल इस फिल्म के एक्शन डायरेक्टर हैं। इस फिल्म की शूटिंग राजस्थान एवं दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) में हुई है।

रवीना को बधाई देनेवालों में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री विनोद कुमार जैन, ललित कुमार पोद्दार, पवन पोद्दार, राजेंद्र केडिया, मनोज चौधरी, कौशल राजगढ़िया अनिल कुमार अग्रवाल सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

इरफान अंसारी के बेटे कृष अंसारी का वीडियो वायरल होने के बाद सियासी बवाल

# कृष अंसारी में सेवा की भावना सहज रूप से मौजूद है, आखिर वह पूर्व सांसद फुरकान अंसारी का पोता है : इरफान अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के बेटे कृष अंसारी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह अलग-अलग अस्पतालों में नजर आ रहे हैं। वह रिम्स के अलावा धुर्वा स्थित निजी अस्पताल पारस में भी गये। उनको रिम्स में मरीजों से हालचाल पूछते देखा गया। इस दौरान उनके साथ कुछ युवक भी मौजूद थे। वायरल वीडियो में कृष के साथ मौजूद युवक कहते सुने जा रहे हैं कि ये मंत्री के बड़े बेटे हैं। आप अपनी समस्याएं बता सकते हैं। इस वीडियो को लेकर इरफान अंसारी के बेटे कृष अंसारी पर अस्पतालों में निरीक्षण के आरोप लग रहे हैं। यह मुद्दा चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि आजाद सिपाही नहीं करता है। हालांकि झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। अपने बेटे के वायरल वीडियो पर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने एक्स पर लिखे अपने पोस्ट में कहा- सच्चाई को समझें। मेरे बेटे कृष को गलत तरीके से घसीटा जा रहा है। मेरे बेटे कृष अंसारी को लेकर जो बातें कुछ मीडिया माध्यमों और राजनीतिक मानसिकता के लोग फैला रहे हैं वो निराधार, भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण हैं। कृष रिम्स में किसी निरीक्षण या नेतागिरी के लिए नहीं गया था। वह अपने शिक्षक आदित्य कुमार झा के पिता को देखने गया था। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी आगे लिखते हैं कि बीती रात कुछ आदिवासी हमारे आवास पर मदद के लिए पहुंचे थे। ये लोग रिम्स में अपने परिजनों के इलाज को लेकर परेशान थे। उनके आग्रह पर ही कृष मानवीय आधार पर वहां गया था ताकि उनकी तकलीफ को कम किया जा सके। संयोग से एक वरिष्ठ पत्रकार बंधु के परिजन भी रिम्स में भर्ती थे, जिनको मदद की जरूरत थी। कृष ने इंसानियत के नाते इन लोगों की मदद की। बात केवल इतनी सी है। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने आगे कहा कि आज जिस तरह इस घटना को तोड़-मरोड़ कर और राजनीति का रंग चढ़ाकर बगैर तथ्यों के पेश किया जा रहा है वह दुखद और चिंताजनक है। कृष एक होनहार छात्र है। वह छुट्टियों में रांची आया हुआ है। उसमें सेवा की भावना सहज रूप से मौजूद है। आखिर वह पूर्व सांसद फुरकान अंसारी का पोता है जिन्होंने झारखंड के अलग राज्य के आंदोलन में अहम भूमिका निभाई थी। ऐसे परिवार में जन्मे युवक में सेवा का स्वाभाविक संस्कार होना अचरज नहीं है। क्या अब मदद करना भी अपराध है?





## स्वास्थ्य मंत्री के बेटे ने इंस्टा से डिलीट किये सभी पोस्ट

**रांची (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के बेटे कृष अंसारी का हॉस्पिटल निरीक्षण करना महंगा पड़ गया। ऐसा सियासी बवाल मचा कि कृष अंसारी को अपने सोशल मीडिया अकाउंड (इंस्टाग्राम) से सारा पोस्ट डिलीट करना पड़ा।

# पुंदाग में ज्वेलरी शॉप में पांच लाख की चोरी

## गैस कटर से शटर काटकर गहने उड़ाये




**सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया, इसमें आठ से दस की संख्या में चोर नजर आ रहे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुंदाग के सेल सिटी स्थित 'श्रेष्ठ ज्वेलर्स' में शुक्रवार देर रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर गैस कटर की मदद से दुकान का शटर काटकर अंदर घुसे और करीब पांच लाख रुपये से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गये। शनिवार सुबह जब स्थानीय लोग मॉर्निंग वॉक पर निकले तो उन्होंने देखा कि दुकान का शटर टूटा हुआ है। इसकी सूचना उन्होंने तुरंत दुकानदार को दी। दुकान मालिक मौके पर पहुंचे और चोरी की घटना देखकर हैरान रह गये। उन्होंने बताया कि चोरी गये जेवरों की कीमत पांच लाख से ज्यादा है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा ने बताया कि फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच करायी गयी है। दुकान के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली गयी है, जिसमें आठ से दस की संख्या में चोर नजर आ रहे हैं। पुलिस अब फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी की दिशा में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# महेंद्र सिंह धोनी ने लगायी दिउड़ी मां के दरबार में हाजिरी

**पत्नी साक्षी और बेटी जीवा संग की देवी की आराधना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** झारखंड के लाडले और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपनी पत्नी साक्षी और बेटी जीवा के साथ दिउड़ी मां के दरबार में हाजिरी लगायी। धोनी एक काले रंग की कार से पहुंचे थे। बुंडू के डीएसपी ओमप्रकाश और एसडीएम किस्टो कुमार बेसरा ने चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। उनके स्वागत में नगाड़ा भी बजाया गया। उन्होंने विधि-विधान के साथ दिउड़ी मां की पूजा की। पूजा करने वाले मनोज पंडा ने कहा कि धोनी मां का आशीर्वाद लेना कभी नहीं भूलते हैं। आमतौर पर वे अकेले या मित्रों के साथ आते हैं लेकिन लंबे अरसे बाद अपनी पत्नी और बेटी के साथ पहुंचे थे।

महेंद्र सिंह धोनी के माता के दरबार में पहुंचने की सूचना मिलते ही आसपास के इलाकों से काफी संख्या में प्रशंसक वहां उमड़ पड़े। उनके साथ सेल्फी लेने के लिए होड़ मच गयी। उनके आगमन से लेकर रांची रवानगी तक बुंडू पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही।



धोनी खुद कार ड्राइव कर माता के दरबार पहुंचे थे। दरअसल, धोनी की दिउड़ी माता के प्रति असीम आस्था रही है। वे हर खास मौके पर माता की शरण में जरूर आते हैं। लंबे अरसे बाद वह अपनी बेटी और पत्नी के साथ पूजा करने पहुंचे थे। धोनी की पहचान भारत के सबसे सफल कप्तानों में होती है। उनके नेतृत्व में भारतीय टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप, वन क्रिकेट वर्ल्ड कप और आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीता है।

शानदार उपलब्धियों के लिए धोनी को 2008 में सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार मिला था। उन्हें पद्मश्री और पद्म भूषण से भी नवाजा गया है। आइपीएल सीजन संपन्न होने के बाद से धोनी रांची में हैं। अक्सर जेएससीए ग्राउंड में नजर आते हैं।

# फार्मासिस्ट काउंसिल में झारखंड के लोगों को नियुक्त करे राज्य सरकार : देवेंद्रनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार फार्मासिस्ट के सरकारी पद पर कार्यरत किसी झारखंडी कर्मी को ही सदस्य और रजिस्ट्रार के पद पर नियुक्त करे। ऐसा नहीं होने पर आगामी 23 जुलाई को झारखंड राज्य फार्मेसी काउंसिल बरियातू कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। देवेंद्रनाथ ने उक्त मामले को लेकर नेपाल हाउस में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव अजय कुमार सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। देवेंद्रनाथ ने कहा कि झारखंड राज्य फार्मेसी काउंसिल के प्रभारी निबंधक सह सचिव प्रशांत कुमार पांडेय का कार्यकाल बीते 13 अप्रैल को समाप्त हो गया है। इसके बाद उनका छह माह के



लिए औपबंधिक नियुक्ति की गयी थी जो तीन माह से गैर कानूनी तरीके से प्रभार पर बैठे हुए हैं। फरवरी 2022 से कोई स्थाई निबंधक सह सचिव की नियुक्ति नहीं हो पायी है। राज्य में फार्मासिस्टों के निबंधन, निबंधित फार्मासिस्टों के नवीकरण, कोर्स और परीक्षा संचालन को लेकर झारखंड राज्य फार्मेसी काउंसिल गठित है। फार्मेसी एक्ट के तहत अध्यक्ष, सचिव और सदस्यों का कार्यकाल पांच वर्ष है। काउंसिल के 15 सदस्यों में से चार पदेन सदस्यों को छोड़कर 11 सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। बीते 11 जुलाई को काउंसिल के उपाध्यक्ष जादूनाथ मार्डी का निधन हो गया है। वहीं पांच मनोनीत सदस्यों का कार्यकाल दो वर्षों जबकि छह निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल छह माह पूर्व समाप्त हो चुका है। 15 में से 11 सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने से राज्य का फार्मासिस्ट काउंसिल चरमरा गया है। इसलिए इस बार किसी झारखंडी को अवसर दिया जाये।

उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य फार्मेसी काउंसिल के पांच नामित सदस्यों को सरकार की ओर से मनोनीत किया जा रहा है। इसमें कोई भी सदस्य सरकारी फार्मासिस्ट पद पर कार्यरत नहीं हैं, जो अनिवार्य आहर्ता के मानक को पूर्ण नहीं करता।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
200000 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहीं महिलाएं

## 7023 लाभुकों के बीच 1.29 लाख चूजे, हजारों बत्तख और बकरियों का वितरण




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार की प्रमुख योजना 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार मील के पत्थर साबित हो रही है। इस योजना के तहत रांची जिले में जुलाई माह के दौरान अब तक 7023 लाभुक महिलाओं के बीच कुल 1,29,474 चूजे, 2531 लाभुकों को 40,015 बत्तख, और 2252 महिलाओं को 5637 बकरियों का वितरण किया गया है। यह जानकारी उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने एक ऑनलाइन समीक्षा बैठक के दौरान दी। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं को आजीविका के बेहतर साधन प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है।

**स्वावलंबन की दिशा में तेजी से बढ़ रहा कदम :** बैठक में उपायुक्त श्री भजंत्री ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने लाभुकों के भौतिक सत्यापन को गंभीरता से लेने के निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी समयबद्ध ढंग से शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करें।

समीक्षा बैठक में सामाजिक सुरक्षा, पशुपालन, बैंकिंग, उद्योग, जेएसएलपीएस सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### प्रशासन ने तैयार की समग्र कार्य योजना

उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि योजना के तहत लाभुकों को दी जाने वाली सुविधाएं समय पर और पारदर्शी ढंग से पहुंचे। इसके अलावा, लाभार्थी महिलाओं को प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग व विपणन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रशासन कार्य योजना पर काम कर रहा है, जिससे यह योजना एक स्थायी और समावेशी विकास मॉडल के रूप में उभर सके।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, काठीटांड, रातू में नेत्र एवं दंत रोगों का संयुक्त निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर शनिवार को आयोजन किया गया, इस शिविर में विद्यालय के लगभग 250 छात्र-छात्राओं एवं 150 अभिभावकों ने अपनी आंखों और दांतों की जांच करवायी एवं विशेषज्ञों से उचित परामर्श प्राप्त किया। शिविर का संयोजन व्रजेश शर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने मां वैष्णवी आई हॉस्पिटल के नेत्र विशेषज्ञ डॉ शुभम कुमार एवं स्माइल केयर डेंटल क्लिनिक की डेंटल विशेषज्ञ डॉ मृदुला सौरभ से संपर्क कर शिविर लगाने का अनुरोध किया। दोनों चिकित्सकों ने अपनी टीम के साथ उपस्थित होकर सेवा प्रदान की। शिविर के दौरान डॉ शुभम कुमार एवं डॉ मृदुला सौरभ की टीमों ने न केवल परीक्षण किया, बल्कि उचित देखभाल, खान-पान एवं स्वच्छता को लेकर सुझाव भी दिये। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय द्विवेदी ने इस अवसर पर कहा बच्चों में मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से नेत्र समस्याएं बढ़ रही हैं, वहीं दंत स्वास्थ्य को लेकर भी कई शिकायतें आती हैं। ऐसे शिविरों से बच्चों एवं अभिभावकों में जागरूकता बढ़ती है, और नियमित देखभाल के प्रति सजगता आती है।




# हिंदी साहित्य गोष्ठी का आयोजन 27 को



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हिंदी साहित्य भारती, झारखंड प्रदेश इकाई और केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के संयुक्त तत्वावधान में 27 जुलाई को पुराना विधानसभा सभागार, सेक्टर 2, रांची में एकदिवसीय हिंदी साहित्य गोष्ठी का आयोजन किया जाना है। इसका विषय है–भारतीय ज्ञान परंपरा और हम। इस महत्वपूर्ण साहित्यिक आयोजन में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की भी भागीदारी होगी। कार्यक्रम संयोजक अजय राय ने मुलाकात के बाद उन्होंने इस आशय की सहमति दी है। मौके पर दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि हिंदी साहित्य की समकालीन प्रासंगिकता और भविष्य पर केंद्रित यह पहल स्वागतयोग्य है। ऐसे प्रयास हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और नयी पीढ़ी को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। गौरतलब है कि गोष्ठी में प्रदेश और देशभर के साहित्यकार, शिक्षाविद, चिंतक, मीडिया प्रतिनिधि एवं अन्य भी शामिल होंगे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में वात्सल्यम् की भव्य प्रस्तुति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल द्वारा शनिवार को वात्सल्यम्- 2025 ग्रैंडपैरेंट्स डे के अंतर्गत एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम बिरसा की गूंज-क्रांति की विरासत, संस्कृति की पहचान शीर्षक से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम केजी-2 के नन्हें छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा की जीवनगाथा, उनके शौर्य और झारखंड की समृद्ध आदिवासी विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस कार्यक्रम में डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, सांसद राज्यसभा प्रदेश महामंत्री, भाजपा, झारखंड, प्रो डॉ गोपाल पाठक, महानिदेशक सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची, कर्मवीर सिंह, प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रदेश महामंत्री (संगठन), भाजपा, झारखंड, मंटू, विभाग प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रांची की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रोताओं को इतिहास के पन्नों में ले जाते हुए बिरसा मुंडा के जीवन और उनके स्वतंत्रता संग्राम में योगदान की झलक दिखायी। केजी-2 के बच्चों ने झारखंड की पहचान- सोल ऑफ द रेड सोइल पर प्रस्तुति दी। बच्चों ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्म की कथा का मंचन किया। नन्हें कलाकारों ने ग्रीन ग्रेस द कर्मा टेल नामक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। रूट्स ऑफ जॉय के माध्यम से झारखंड के प्रमुख पर्व सरहुल की सांस्कृतिक झलक दिखायी। वन महोत्सव के अवसर पर प्रकृति माता को समर्पित एक विशेष नृत्य ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रत्येक प्रस्तुति को साहस, एकता और सांस्कृतिक गौरव की भावना से खूबसूरती से कोरियोग्राफ किया गया था। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

प्राचार्या परमजीत कौर ने सभा को संबोधित करते हुए दादा-दादी एवं नाना-नानी को उनके अतुलनीय ज्ञान और बिना शर्त प्रेम के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल विरासत के प्रति प्रेम को बढ़ावा देते हैं, बल्कि ऐसे महान नेताओं की विरासत को गर्व और गरिमा के साथ आगे बढ़ाने की शक्ति भी देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह केवल एक प्रस्तुति नहीं थी, बल्कि हमारी जड़ों और स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि थी। उन्होंने यह दोहराया कि हमें नकारात्मकता जैसे अदृश्य दानवों से लड़ना होगा और उनकी गिरफ्त से मुक्त होकर ही हम सच्चे अर्थों में स्वतंत्र हो सकते हैं।



# प्रकृति और हरियाली थीम पर सावन मिलन समारोह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बैंक कॉलोनी चिरौंदी में महिलाओं ने शनिवार को सावन मिलन समारोह का आयोजन किया। कॉलोनी के प्रसाद में आयोजित इस समारोह की थीम प्रकृति, पर्यावरण और हरियाली थी। इस अवसर पर हरे परिधान पहन कर विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं ने सावन का स्वागत किया और जमकर मस्ती की। महिलाओं ने उपहारस्वरूप सुहाग की प्रतीक कांच की चूड़ियों तथा सृजन के प्रतीक पौधों का परस्पर आदान- प्रदान भी किया। अल्पना बोस, रीता गिरी, निर्मला सिंह, सुषमा साहू, दमयंती वर्मा, सरिता, सुधा दास, कुमुद श्रीवास्तव, पूनम वर्मा, मीना चौधरी, जयमुनी नाग, रेणु मेहता और अनिंदिता ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया ।

# साईं नाथ विवि में सीएटीसी-11 शिविर में प्रशिक्षण दिया गया

### 400 एनसीसी कैडेट्स ने लिया भाग




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय, रांची में 2 एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, रांची द्वारा सीएटीसी-11 (प्री वीएससी-1, एयर विंग) नामक 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 11 जुलाई से 20 जुलाई तक किया गया। शिविर में 400 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया, बी और सी प्रमाण-पत्र के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। शिविर का उद्घाटन साईं नाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ एसपी अग्रवाल ने किया। उन्होंने एनसीसी को युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए एक अहम माध्यम बताया। शिविर में कैडेट्स को ड्रिल, फायरिंग, एरोमॉडलिंग, एयरक्राफ्ट रेकग्निशन, योग, फिजिकल ट्रेनिंग और व्यक्तित्व विकास जैसे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया। इसके अलावा, स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, नशा मुक्ति रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। विंग कमांडर टीजे रंजीत और विंग कमांडर अनिकेत कुमार ने शिविर में कैडेट्स के उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस शिविर से युवा कैडेट्स में अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति की भावना मजबूत होगी, जो उन्हें भविष्य में प्रेरित करेगी।

# रेलवे और वन विभाग के अधिकारियों के बीच हुई समन्वय बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** शुक्रवार को हाथी-ट्रेन टक्कर की घटना को लेकर रेलवे और वन विभाग के अधिकारियों के बीच समन्वय बैठक आयोजित की गयी। ट्रेन संख्या 12022 की हाथी से टक्कर की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के मद्देनजर शनिवार को एक उच्चस्तरीय समन्वय बैठक मुख्य वन संरक्षक, हिजली के कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता, संदीप सुंद्रीयाल, मुख्य वन संरक्षक और केआर चौधरी, मंडल रेल प्रबंधक, खड़गपुर मंडल ने की। बैठक में परिचालन के अपर मंडल रेल प्रबंधक, विभिन्न रेलवे विभागों के अधिकारी और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक और प्रभागीय वन अधिकारी शामिल थे उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य ऐसे हादसों को रोकने के लिए तात्कालिक और दीर्घकालिक उपायों पर चर्चा करना और उन जंगल क्षेत्रों में वन्यजीवों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना था, जहां रेलवे पटरियां गुजरती हैं। बेहतर समन्वय, प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों जैसी तकनीकों के उपयोग, और महत्वपूर्ण हाथी गलियारों की पहचान को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। दोनों विभागों ने वन्यजीव संरक्षण और यात्री सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और वन्यजीव-रेल टकराव की घटनाओं के जोखिम को कम करने के लिए सहयोगात्मक, समयबद्ध कार्य योजनाओं की आवश्यकता पर सहमति जतायी।

# निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल में पौधरोपण सह सावन महोत्सव का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल एदलहातू में शनिवार को पौधरोपण सह सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा प्री-नर्सरी से कक्षा दसवीं तक के सभी विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया साथ ही नन्हे मुन्ने बच्चों ने हरे रंग के वस्त्र पहनकर सावन की हरियाली को और भी सुंदर बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की शुद्धता के लिए नहीं, बल्कि हमारे जीवन के अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। हर विद्यार्थी को एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। वहीं विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और छात्रों को प्रकृति के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। यह आयोजन विद्यालय के सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को समर्पित एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षिका किरण कुमारी, अनामिका, निधि कुमारी और क्षेत्र शिक्षक आशुतोष कुमार सहित अन्य शिक्षकगण की सराहनीय भूमिका रही।



# मनोज सिंह ने अपनी मां की 11वीं पुण्यतिथि पर वस्त्र वितरण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** सांसद प्रतिनिधि सह प्रदेश प्रवक्ता भाजपा किसान मोर्चा मनोज कुमार सिंह ने अपनी मां सुलोचना की 11वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर जरूरतमंद महिलाओं के बीच वस्त्र वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि मां सुलोचना समाज में काकी के नाम से जानी जाती थीं। सभी लोग क्या छोटे, क्या बड़े सभी उन्हें प्यार से काकी कहकर ही पुकारते थे। यहां तक कि हम सब भी उन्हें काकी ही कहते थे। काकी का स्नेह सबके लिए एक जैसा होता था। वो बहूत ही सादगी का जीवन, जीने वाली थीं, आज काकी की कमी सबों को खलती है। उनकी प्रेरणा हम सबों के लिए आदर्श है। इस मौके पर मनोज कुमार सिंह ने जरूरतमंद के लिए हरसंभव मदद का संकल्प लिया।

## इग्नू का सीजीएचसी कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित

रांची (आजाद सिपाही)। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ( इग्नू) ने जुलाई 2025 सत्र के लिए अपने वृद्धावस्था स्वास्थ्य एवं देखभाल प्रमाणपत्र (सीजीएचसी) कार्यक्रम में प्रवेश की घोषणा की है। यह छह महीने का प्रमाणपत्र कार्यक्रम स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा समर्थित है और मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) माध्यम से संचालित होगा। इसे 10+2 उत्तीर्ण व्यक्तियों और स्वास्थ्य क्षेत्र में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों के लिए डिजाइन किया गया है। वृद्ध व्यक्तियों के स्वास्थ्य और देखभाल को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करता है। सामान्य वृद्धावस्था संबंधी स्थितियों की जांच, बुनियादी देखभाल प्रदान करने और गंभीर मामलों को रेफर करने के लिए प्रशिक्षित किया जायेगा। पाठ्यक्रम में प्रबंधकीय और उद्यमशीलता संबंधी पहलू शामिल हैं। कार्यक्रम शुल्क: 6,500 + 700 रुपये पंजीकरण शुल्क है। इसमें प्रवेश के लिए ऑनलाइन अप्लाई कर सकते है। प्रवेश चक्र जनवरी और जुलाई है।

# झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल साहिबगंज गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स का 13 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में शनिवार को साहिबगंज रवाना हुआ। यह प्रतिनिधिमंडल संथाल परगना प्रमंडल में आयोजित क्षेत्रीय अधिवेशन और कार्यकारिणी समिति की बैठक में शामिल होंगे। कार्यकारिणी समिति की बैठक रविवार को शाम 4 बजे से आयोजित होगी। बैठक से पूर्व सुबह 11 बजे से संथाल परगना प्रमंडल के व्यापारियों-उद्यमियों का क्षेत्रीय अधिवेशन आयोजित होगा।अधिवेशन में गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहेबगंज, पाकुड़, गुमला, पलामू, कोयलांचल प्रमंडल के चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों-व्यापारियों का महाजुटान होगा। परेश गट्टानी ने कहा कि संथाल परगना सिर्फ झारखंड का एक प्रमंडल नहीं, बल्कि असीम संभावनाओं का केंद्र भी है। उन्होंने कहा कि यदि हमें एक समृद्ध झारखंड चाहिए, तो हमें एक सशक्त संथाल परगना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य में महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार, उदय शंकर दुबे, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, संजय अघोरी, मुकेश अग्रवाल, उप समिति के चेयरमैन प्रमोद सारस्वत और तेजविंदर सिंह मौजूद थे। जिले के व्यापारियों-उद्यमियों की समस्याएं जानना और समाधान के लिए राज्य सरकार के उच्चाधिकारीयों से मिलना। संथाल प्रमंडल के आर्थिक विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करना और समाधान के लिए प्रयास करना।




# भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी रांची शाखा की हुई बैठक




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शनिवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी रांची शाखा की बैठक उपायुक्त सह रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप रॉय ने किया। सर्वप्रथम रेड क्रॉस रांची के वाइस चेयरमैन आदर्श शर्मा एवं कोषाध्यक्ष आशुतोष कुमार के द्वारा अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर अध्यक्ष का स्वागत किया गया। साथ ही चेयरमैन डॉ शंभू प्रसाद सिंह के द्वारा स्मृति चिह्न देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष डॉ शंभू प्रसाद सिंह ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी रांची शाखा का आधुनिकीकरण और मजबूती करण हेतु ब्लड कंपोनेंट मशीन, ओपीडी सेवा, भवन का जीर्णोद्धार कार्य एवं अन्य प्रस्ताव को उनके समक्ष रखा। इस बैठक में कार्यकारिणी समिति सदस्य त्रिनयन कुमार, प्रदीप रॉय, सत्येंद्र कुमार, गुरदीप सिंह, रवि दत्त, अमित शर्मा एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी प्रवक्ता प्रदीप रॉय ने दी।






आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 20 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in




## इंडिया गठबंधन की ऑनलाइन बैठक : हेमंत का केंद्र पर तीखा हमला

# संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है भाजपा : हेमंत सोरेन

**पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर केंद्र सरकार से जवाबदेही की मांग की**

**बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान पर उठाये सवाल**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को इंडिया गठबंधन की एक ऑनलाइन बैठक में शामिल होकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। बैठक में सोरेन ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर केंद्र सरकार से सख्त जवाबदेही की मांग की। उन्होंने कहा, देश को यह जानने का भी अधिकार है कि इस घटना को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत और स्पष्ट समर्थन का अभाव क्यों रहा? हमारी विदेश नीति इतनी लचर क्यों रही?

सोरेन ने पहलगाम हमले को कायराना करार देते हुए सवाल उठाया कि आखिर देश की विदेश नीति इस संकट के समय इतनी कमजोर क्यों नजर आयी। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि वह न केवल देश को स्पष्ट जानकारी दे, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी प्रभावी प्रतिक्रिया दे।

बैठक में चुनाव आयोग द्वारा बिहार में चलाये जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआइआर) को लेकर भी हेमंत सोरेन ने गंभीर चिंता जतायी। उन्होंने आरोप लगाया कि, बिहार में जिस तरह से एसआइआर प्रक्रिया चलायी जा रही है, उससे स्पष्ट है कि भाजपा सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है और अपने राजनीतिक लाभ के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रही है।

सोरेन ने कहा कि इंडिया गठबंधन केंद्र सरकार की हर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एकजुट और प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी दोहराया कि गठबंधन देश में लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करता रहेगा। यह बयान ऐसे समय में आया है जब देश की राजनीति में विपक्षी एकता और संस्थानों की निष्पक्षता को लेकर बहस तेज होती जा रही है।

## सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल में सलाद बनाओ प्रतियोगिता

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल, न्यू अशोक नगर में प्राइमरी सेक्शन (कक्षा 1 से 5) के बच्चों के बीच सलाद बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और फलों और सब्जियों के महत्व को समझने का अद्भुत परिचय दिया। बच्चों ने खीरा, गाजर, प्याज, शिमला मिर्च, टमाटर, चुकंदर, मूली, मक्का, सेब, संतरा, अनार, अंगूर, केला आदि फलों और साग सब्जियों का उपयोग कर सुंदर-सुंदर आकृतियां बनायी। बच्चों ने मोर, खरगोश, फूल, केक, बटरफ्लाई, झरना, बास्केट, ट्री, रोज, डॉग, और फ्रूट फेस जैसी अद्वितीय डिजाइनों को प्रस्तुत किया। बच्चों को यह सिखाया गया कि स्वस्थ शरीर और तेज दिमाग के लिए प्रतिदिन फल और सब्जियां खाना बेहद जरूरी है। बच्चों में क्रिएटिविटी, टीम वर्क, क्लीननेस और हेल्दी इटिंग की भावना को प्रोत्साहित करना। बच्चों को यह बताया कि बिना आग पर पकाये बिना भी स्वादिष्ट और पोषण से भरपूर भोजन तैयार किया जा सकता है। फल और सब्जियां न केवल रंगीन और स्वादिष्ट होती हैं, बल्कि शरीर को विटामिन, फाइबर और मिनरल्स भी देती हैं। बच्चों को यह समझाने का प्रयास किया गया कि वे अपने आहार में फलों और सब्जियों को शामिल करें।

## एमजी हेक्टर मोटर्स की वर्षगांठ पर ग्राहक मीट का आयोजन

**हरी झंडी दिखाकर कर रैली को रांची से पतरातू रवाना किया**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एमजी हेक्टर मोटर्स के छह साल पूरा होने पर कंपनी ने शनिवार को ग्राहक मीट का आयोजन किया। इसके साथ ही एक रांची से पतरातू के लिए कार रैली निकाली गयी। इस रैली में एमजी हेक्टर की तीस गाड़ियों को शामिल किया गया। वहीं कंपनी के अधिकारी आजाद सिंह और जीएम सेल्स देवाशीष मुखर्जी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर कार रैली को रवाना किया। उन्होंने कहा कि एमजी हेक्टर का छह साल पूरा होने पर पूरे भारत में एमजी हेक्टर मोटर्स वर्षगांठ मना रही है। साथ ही ग्राहक मीट का भी अभी आयोजन किया गया है। पतरातू रिजॉर्ट में ग्राहकों के साथ गेट टू गैदर का आयोजन किया गया। इसमें कई ग्राहकों को सम्मानित भी किया गया। ग्राहकों ने एमजी हेक्टर गाड़ी के बारे में बहुत ही अच्छा अनुभव बताया है। कंपनी के अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों के साथ जुड़ाव रखना है। ग्राहकों की संतुष्टि से ही हमारा व्यापार बढ़ता है। एक ग्राहक को एमजी हेक्टर का एक्सपीरियंस अच्छा होगा तो इसके साथ सैकड़ों ग्राहक कंपनी से जुड़ जायेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में एमजी हेक्टर का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल है। कंपनी ने इलेक्ट्रिक कार भी बाजार में उतार दिया है। झारखंड में एक हजार से ऊपर एमजी के ग्राहक बन चुके हैं। झारखंड में कुल नौ शो रुम एमजी का है, और रांची में दो शो रुम है। आजाद सिंह ने कहा कि एमजी मोटर्स ग्राहकों की मांग पर आने वाले दिनों में और भी कई नये प्रोडक्ट को बाजार में उतराने जा रही है। इसमें काफी प्रीमियम लुक में गाड़ी आयेगी। इस कार्यक्रम को एएनएम मीडिया से ऑर्गनाइज किया। मौके पर पल्लवी कुमारी, कासिफ रहमान, सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं रैली में शामिल कई ग्राहकों ने एमजी हेक्टर गाड़ी का अनुभव मीडिया के सामने शेयर किया। साथ ही कहा कि यह गाड़ी ओर गाड़ी की तुलन में कही अच्छी है और इसका माइलेज भी अच्छा है। गाड़ी सर्विसिंग के दौरान कंपनी में रिस्पॉन्स अच्छा मिलता है।

## आदित्यपुर पुलिस ने चोरी के मामले का किया खुलासा

# पांच आरोपी गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र के रोड नंबर-6 निवासी संजय कुमार मोदी के घर में हुई चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। शनिवार को जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने घटना की जानकारी दी। एसपी ने बताया पुलिस ने चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में संजय गोराई, जावेद अंसारी उर्फ लालटू, रोहित कर्मकार, कुश कुमार सोनी और पंकज वर्मा शामिल है। जावेद अंसारी, संजय गोराई और रोहित कर्मकार के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामला दर्ज है। आरोपियों के पास से 80 ग्राम चुराये गये सोने में से 35 ग्राम गला हुआ सोना, 8 हजार रुपये नकद, चांदी के आभूषण और एक ऑल्टो कार बरामद किया गया। एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बताया चोरी 8 जुलाई को हुई थी। जिसकी शिकायत के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया। छापामारी दल में आदित्यपुर थाना प्रभारी विनोद तिर्की, रंजीत कुमार सिंह, राहुल कुमार, विपुल कुमार ओझा, सुधांशु कुमार, सुरेश राम, राजेश कुमार, रविकांत प्राशर, नीतीश कुमार पांडे, शिव शंकर दास, राघवेंद्र कुमार सिंह शामिल रहे।

## अपर बाजार में निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर मजदूर की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अपर बाजार स्थित रांची एक्सप्रेस गली में निर्माणाधीन इमारत से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गयी। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, मृतक मजदूर बिल्डिंग के ऊपरी हिस्से में काम कर रहा था। तभी अचानक असंतुलित होकर नीचे गिर गया। गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग और बिल्डिंग में मौजूद अन्य मजदूर तुरंत मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक मजदूर की मौत हो चुकी थी। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गयी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि घटना के वक्त सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था या नहीं। पुलिस बिल्डिंग के मालिक और ठेकेदार से पूछताछ की है।

# त्रिवेणी कंपनी में आइएमएस-रांची विवि के पांच एमबीए छात्रों का कैंपस चयन

**7 लाख रुपये तक का पैकेज मिला**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आइएमएस, रांची विश्वविद्यालय के एमबीए सत्र 2023-2025 के विद्यार्थियों ने एक बार फिर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। संस्थान के पांच छात्रों का चयन देश की प्रतिष्ठित कंपनी त्रिवेणी आलमीरा में सहायक प्रबंधक के पद पर हुआ है, जहां उन्हें 7 लाख रुपये वार्षिक पैकेज की पेशकश की गयी है। चयनित छात्रों में आदित्य राज, रोशन मिश्रा, आदित्य तिवारी, मनीष कुमार मेहता तपन पात्र का नाम शामिल है। इस उपलब्धि पर निदेशक डॉ एसके सिंह और समन्वयक डॉ नीलू कुमारी ने सभी चयनित छात्रों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक डॉ सिंह ने कहा कि यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि आइएमएस न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता में अग्रणी है, बल्कि उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल प्रबंधन पेशेवर तैयार करने में भी सक्षम है।

## बैंक ऑफ इंडिया ने किसान दिवस का आयोजन किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

BOI
Relationship beyond banking

**रांची।** शनिवार को बैंक ऑफ इंडिया ने पूरे झारखंड में बड़े उत्साह के साथ किसान दिवस मनाया। इस विशेष अवसर पर बैंक ने झारखंड के विभिन्न जिलों में कृषि ऋण शिविरों का आयोजन किया। कार्यक्रम के तहत बैंक ऑफ इंडिया के प्रधान कार्यालय, मुंबई से विशिष्ट अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक सुधीरंजन पाढ़ी, महाप्रबंधक धनंजय कुमार और महाप्रबंधक मनोज कुमार के साथ झारखंड प्रदेश के फील्ड महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गोंड ने विभिन्न स्थानों पर उपस्थित होकर कृषि ऋण शिविरों का संचालन किया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य किसानों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देना और उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान किसानों को ऋण लेने की प्रक्रिया, सरकारी योजनाओं के लाभ, और कृषि विकास के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी। किसान दिवस के तहत शनिवार को कुल 1793 लाभुकों के बीच करीब 90 करोड़ रुपये के ऋण का वितरण किया गया। 1821 लाभुकों के बीच 224 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त, इस किसान माह में 19 जुलाई तक कुल 31240 लाभुकों के बीच लगभग 540 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किये गये।

## आदित्यपुर में युवक की मौत, पत्नी-बच्चा लापता

**हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र के सातबोहिनी स्थित धीराजगंज इलाके में बंद कमरे में एक युवक का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शनिवार सुबह सूचना मिलते ही पहुची पुलिस मकान के अंदर में खून से लथपथ शव बरामद किया। मृतक की पहचान गिरिडीह निवासी राजेश कुमार चौधरी के रूप में हुई।वह हाल ही में अपनी पत्नी और बच्चे के साथ किराए के मकान में रहने आया था।

स्थानीय लोगों ने बताया बीते कुछ दिनों से मकान से तेज दुर्गंध आ रही थी। संदेह होने पर पड़ोसियों ने मकान के दरवाजे को खोलकर अंदर झांका, तो वहां राजेश का शव खून से सना पड़ा मिला। घर बाहर से बंद था,जिससे मामला और भी संदिग्ध बन गया। इस घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।सूचना मिलने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर कुमार सवैया और आदित्यपुर थाना प्रभारी विनोद तिर्की दल-बल के साथ पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी।

एसडीपीओ समीर कुमार सवैया ने प्राथमिक जांच में राजेश की हत्या मंगलवार को होने की आशंका जताई।उसके बाद से उसकी पत्नी और बच्चा लापता हैं। उन्होंने बताया हत्या के कारणों और संभावित आरोपियों की पहचान के लिए हर पहलू कर जांच की जा रही है। पुलिस फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड की मदद से साक्ष्य जुटा रही है। मृतक के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया। जल्द ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों पर और स्पष्टता मिल सकेगी। स्थानीय निवासियों में घटना के बाद खौफ और असुरक्षा का माहौल है। पुलिस ने आश्वासन दिया जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल पुलिस पत्नी और बच्चे की तलाश और हत्या के कारणों की गहन छानबीन कर रही है।

## गोलमुरी फायरिंग मामले का पुलिस ने किया खुलासा

# हथियार के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** गोलमुरी थाना क्षेत्र के टूइलाडुंगरी सीपी क्लब के पास बीते दिनों हुई फायरिंग मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। शनिवार को पुलिस ने घटना में शामिल प्रयुक्त हथियार के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया गिरफ्तार आरोपियों में हरप्रीत सिंह उर्फ राहुल गिल, प्रेम कुमार उर्फ आयुष साहू,धीरेन तंतुबाई को गिरफ्तार किया गया। गोली धीरेन तंतुबाई ने चलाई थी, लेकिन लोचन कुमार बाल-बाल बच गए। घटना के बाद लोचन कुमार के शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के निशानदेही पर एक देशी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस,दो खोखा, एक चाकू, मोबाइल फोन और दो बाइक बरामद की गयी। छापेमारी अभियान में गोलमुरी थाना प्रभारी राजन कुमार की अहम भूमिका रही। फिलहाल तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## पांडेय गिरोह के चार अपराधी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** पांडेय गिरोह के अपराधियों पर रामगढ़ पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। भुरकुंडा जुबली कॉलेज में रंगदारी मांगने पहुंचे चार अपराधियों को पुलिस ने दबोचा है। उनके पास से एक देसी कट्टा, दो गोली, दो मोटरसाइकिल, मोबाइल जब्त किया गया है। इस मामले की जानकारी शनिवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में हजारीबाग जिले के गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत गिद्दी ए मेन गेट निवासी शुभम कुमार सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ चुसनी, धरम करमाली, विशाल सिंह उर्फ बाबू और टेहराटांड निवासी श्रवण कुमार गंझू शामिल हैं। **कॉलेज भवन निर्माण करा रहे मुंशी पर तानी बंदूक:** एसपी अजय कुमार ने बताया कि पांडेय गिरोह के सदस्यों के द्वारा 9 जुलाई और 12 जुलाई को फोन कर रंगदारी मांगी गयी थी। कॉलेज भवन निर्माण कार्य में लगे ठेकेदारों को लगातार रंगदारी के लिए फोन जा रहा था। जब ठेकेदार ने पैसे नहीं पहुंचाये, तो शुक्रवार को दिनदहाड़े गैंग के सदस्यों ने शुभम कुमार सिंह के नेतृत्व में दहशत फैलाने की कोशिश की। दो बाइक पर सवार चारों अपराधी जुबली कॉलेज पहुंचे। वहां बाउंड्री फांधकर वे अंदर घुसे। वहां उन्होंने मौजूद मुंशी पर कट्टा तान दिया। इस दौरान फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश की।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 3383 date 19/07/2025. I, Jahid Ali, S/o Leyakat Mian, aged date of birth-24/03/1982, by faith-Islam, by occupation-Business, by nationality-Indian, R/o Vill-Ara Sarubera P.O-Sarubera P.S-Mandu, Distt-Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows :-
1. That my actual and correct name is Jahid Ali S/o Leyakat Mian which has been mentioned in my Aadhaar card bearing No-6061 6400 6035 Pan Card Voter ID Card Driving Licensing, Bank Passbook. 2. That my name has ben mentioned as Mohammad Jahid S/o. Liyakat Miyan in my passport vide No. K5491297. 3. That Jahid Ali S/o Leyakat Mian and Mohammad Jahid S/o. Liyakat Miyan, Both Name are same and single person i.e myself and my father.
4. that this affidavit is required for authority concern.

# अमेरिका की कार्रवाई लेकिन काम अभी अधूरा

अमेरिका ने पाकिस्तान समर्थित और पहलगाम हमले के गुनहगार The Resistance Front (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। यह भारत के प्रयासों की जीत है, लेकिन अभी हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाना बाकी है। यह भी देखना होगा कि अमेरिकी कार्रवाई से पाकिस्तान पर कितना दबाव बनता है। जब तक इस्लामाबाद आतंकियों को स्पॉन्सर करता रहेगा, तब तक इस तरह के फ्रंट खड़े होते रहेंगे।

**लश्कर का प्रॉक्सी :** टीआरएफ पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा का ही एक चेहरा है। जब लश्कर और उसके सरगना हाफिज सईद पर कार्रवाई के लिए पाकिस्तान पर वैश्विक दबाव बढ़ने लगा, तो 2019 में उसने टीआरएफको प्रॉक्सी के तौर पर खड़ा कर दिया, तब से यह संगठन भारत में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। यह जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ ही नहीं, हथियारों और ड्रग्स की तस्करी में भी शामिल है। सरकार ने 2023 में इस पर बैन लगाया था।

**बैन बेअसर :** टीआरएफ को संसाधन और समर्थन दे रहा लश्कर-ए-तैयबा पहले ही ग्लोबल टेररिस्ट ग्रुप घोषित है। इसी तरह आतंकी मसूद अजहर के जैश-ए-मोहम्मद पर भी प्रतिबंध लगे हुए हैं। इसके बावजूद ये दोनों आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। दिखाने के लिए हाफिज सईद को जेल में रखा गया है, लेकिन उसकी गतिविधियां पहले की तरह जारी हैं और बाहर उसके बेटे तल्हा सईद ने आतंक फैलाने की कमान संभाल रखी है।

पहलगाम हमले के पीछे पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर की भी भूमिका रही है, लेकिन कुछ ही दिनों बाद डॉनल्ड ट्रंप उनकी मेजबानी करते दिखे। यही नहीं, पाकिस्तान के एयर चीफ ने भी अमेरिका का दौरा किया।

**पाकिस्तान पर दबाव :** लश्कर या जैश जैसे आतंकी संगठन अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद खत्म नहीं हो पा रहे, क्योंकि उन्हें पाकिस्तान की तरफ से खुराक मिल रही है। जब इस्लामाबाद पर दबाव बढ़ता है, तो वह दिखावटी कदम उठा लेता है और आतंकवाद का कोई एक नया चेहरा तैयार कर दिया जाता है। टीआरएफ के मामले में अमेरिका को पाकिस्तान के सामने यह मुद्दा उठाना चाहिए कि लश्कर पर बैन होने के बावजूद कैसे उसने एक दूसरा फ्रंट बना लिया?

**अमेरिकी नीति :** सीमापार आतंकवाद को लेकर वॉशिंगटन का नजरिया भारत से अलग दिखता है। पहलगाम हमले के पीछे पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर की भी भूमिका रही है, लेकिन कुछ ही दिनों बाद डॉनल्ड ट्रंप उनकी मेजबानी करते दिखे। यही नहीं, पाकिस्तान के एयर चीफ ने भी अमेरिका का दौरा किया। अगर अमेरिका टीआरएफ पर बैन का कोई सार्थक नतीजा देखना चाहता है, तो उसे पाकिस्तानी सेना पर प्रेशर बनाना चाहिए।

**भारत के लिए मौका :** पहलगाम हमले और पाकिस्तान के बीच कनेक्शन के कई सबूत सामने हैं। FATF ने भी मान लिया है कि बाहरी सपोर्ट के बिना इतना बड़ा हमला नहीं हो सकता था। टीआरएफ पर एक्शन का इस्तेमाल भारत को पाकिस्तान की घेरेबंदी करने और वैश्विक मंच पर उसे फिर से बेनकाब करने में करना चाहिए।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

भारत विश्व का सबसे अधिक आबादी और भाषावादी देश है। यहां प्रमुख रूप से और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त भाषाओं के अतिरिक्त लगभग 1600 से अधिक मातृभाषाएं, बोलियां हैं, जिनका अपना इतिहास, संस्कृति और साहित्य है। इस विविधता को न समझ पाने का लाभ आक्रांताओं के रूप में आये मुगलों और अंग्रेजों ने उठाया और भारतीय भाषाओं के सिर पर अपनी भाषाओं को थोप दिया। उर्दू और हिंदी मिल कर हिंदुस्तानी हो गयी और अंग्रेजी राजकाज में इस्तेमाल होने लगी।

# भाषा विवाद अपनी राजनीति चमकाने और अस्तित्व के लिए

**पूरन चंद सरीन**



देश में भाषा को लेकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने वाले दल हिंदी को साम्राज्यवादी बताते हुए अपनी अस्मिता, संस्कृति और यहां तक कि साहित्य और सिनेमा तक के लिए खतरा बताते हैं। एक झूठ, कि हिंदी को जबरदस्ती लादा जा रहा है, निरंतर फैलाते रहते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि हिंदी के बिना इन भाषाई ठेकेदारों का कोई अस्तित्व ही नहीं है।

महाराष्ट्र में हिंदी बोलने पर मराठी भाषियों के एक वर्ग द्वारा विरोध और मारपीट करने की घटनाएं और कुछ नहीं, बल्कि एक संवेदनशील मुद्दे की आड़ लेकर अपनी राजनीतिक जमीन को उपजाऊ बनाए रखने की कोशिश है। यह परिपाटी बन गयी है कि जब भी लगे कि जनता को गुमराह कर अपना उल्लू सीधा करना है, तो भाषा की लड़ाई शुरू कर दो और यह केवल एक राज्य तक सीमित नहीं, देश भर में यह पैंतरा अपनाया जाता है। इससे किसका लाभ होता है, इसे समझना होगा।

**भाषाओं का संगम :** भारत विश्व का सबसे अधिक आबादी और भाषावादी देश है। यहां प्रमुख रूप से और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त भाषाओं के अतिरिक्त लगभग 1600 से अधिक मातृभाषाएं, बोलियां हैं, जिनका अपना इतिहास, संस्कृति और साहित्य है। इस विविधता को न समझ पाने का लाभ आक्रांताओं के रूप में आये मुगलों और अंग्रेजों ने उठाया और भारतीय भाषाओं के सिर पर अपनी भाषाओं को थोप दिया। उर्दू और हिंदी मिल कर हिंदुस्तानी हो गयी और अंग्रेजी राजकाज में इस्तेमाल होने लगी।

जिन प्रदेशों में उनकी अपनी भाषाओं का बोलबाला था, उन पर भी अंग्रेजी लाद दी गयी।

राजनीतिक दलों को अपने स्वार्थ पूरे करने होते हैं और यह तब ही हो सकता है, जब वे किसी न किसी बात पर लोगों के बीच बिखराव पैदा कर सकें।

महात्मा गांधी को अंग्रेजों की चाल समझने में देर नहीं लगी। उन्होंने देखा कि हिंदी एक बहुत बड़े क्षेत्र में बोली जाती है, लेकिन पूरे देश में नहीं। उन्हें लगा होगा कि हिंदी को सर्वमान्य और पूरे देश को जोड़ कर रखने वाली भाषा बनाया जा सकता है, क्योंकि लड़ना है, तो अपनी एक भाषा तो होनी ही चाहिए। अगर हिन्दी को स्वीकार्य भाषा बनाना है, तो सबसे पहले उन राज्यों में इसे पहुंचाना होगा, जहां उनकी अपनी भाषाएं समृद्ध तो हैं, लेकिन उनके देशव्यापी बनने की संभावना नहीं है और हिंदी अपने विविध रूपों में आधे भारत द्वारा बोली और समझी जाती है।

आजादी की लड़ाई में हिंदी का प्रयोग सब जानते हैं। स्वतंत्र हुए तो कुछ नेताओं पर अंग्रेजी का नशा सिर चढ़ कर बोल रहा था और वे इसमें पारंगत होने की लालसा के अतिरिक्त अंग्रेजों को यह दिखाने में लगे रहते थे कि उनके जाने के बाद उन्होंने इसे पूरे देश की भाषा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जो अहिन्दी भाषी हिंदी सीख कर यह उम्मीद लगाये बैठे थे कि उन्हें रोजगार मिलने में आसानी होगी, उन्हें भारी झटका लगा, क्योंकि हिंदी की कद्र तो हिंदी भाषी राज्यों में ही नहीं थी, बल्कि सब जगह अंग्रेजी का बोलबाला था। इससे उन्हें अपने साथ धोखा हुआ, जैसा लगा और उन्होंने हिंदी के विरोध में झंडा उठा लिया, अपनी आवाज को इतना बुलंद किया कि देश भर में हिंदी विरोध की लहर फैल गई।

**सरकार की अक्षमता :** सरकार की नीति के अनुसार व्यावहारिक रूप से सभी प्रशासनिक कार्य केंद्र और सभी राज्यों में अंग्रेजी में होने लगे लेकिन क्योंकि हिंदी को भी कानून में अंग्रेजी के बराबर रखा गया था, इसलिए लीपापोती भी करनी थी। विद्वानों की ऐसी मंडली बनाई, जिसने अंग्रेजी शब्दों का हिंदी में ऐसा भ्रष्ट और घटिया अनुवाद किया कि उन्हें बोलना भी मुश्किल था।

उल्लेखनीय यह है कि ये सब अंग्रेजी में ही काम करते थे और उसी के पैरोकार थे लेकिन नाम हिंदी का लेते थे। ऐसे में हमारी जो क्षेत्रीय भाषाएं थीं, वे अलग-थलग पड़ कर अपनी पहचान बनाने का संघर्ष करने लगीं। इसका परिणाम यह हुआ कि वे अपने प्रदेश में हिंदी प्रदेशों से नौकरी या व्यापार करने आये लोगों का विरोध करने लगे। मराठी न बोल पाने पर पिटाई कर देना इसका ही उदाहरण है।

देश में भाषा को लेकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने वाले दल हिंदी को साम्राज्यवादी बताते हुए अपनी अस्मिता, संस्कृति और यहां तक कि साहित्य और सिनेमा तक के लिए खतरा बताते हैं। एक झूठ, कि हिंदी को जबरदस्ती लादा जा रहा है, निरंतर फैलाते रहते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि हिंदी के बिना इन भाषाई ठेकेदारों का कोई अस्तित्व ही नहीं है।

क्या महाराष्ट्र में हिंदी के बिना सिनेमा बन सकता है? तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम में हिंदी के बिना काम चल सकता है? अन्य राज्यों की भाषाएं हिंदी के सहयोग बिना क्या अपना विस्तार कर सकती हैं?

हिंदी में अनुदित या रूपांतरित होकर सभी भाषाओं का श्रेष्ठ और राष्ट्रीय तथा विश्व स्तरीय साहित्य यदि पुस्तकों, नाटकों तथा सिनेमा के माध्यम से प्रसारित होता है, तो इसका अर्थ यह है कि सभी भाषाएं इसके वर्चस्व को स्वीकार करती हैं। लेकिन यह बात राजनीतिज्ञों को सबसे ज्यादा अखरती है कि उनके प्रदेश में, मिसाल के तौर पर हिंदी और मराठी भाषी लोग कैसे एक-दूसरे के साथ गलबहियां करते हैं और मिलजुल कर काम करते हैं। इस बात से किसी को कोई आपत्ति नहीं है कि उनके प्रदेश में उनकी भाषा को प्रोत्साहन मिले, लेकिन यदि इसके साथ ही हिंदी को भी रखा जाये, तो इससे राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलेगी, इसका विरोध क्यों होता है? राजनीतिक दलों को अपने स्वार्थ पूरे करने होते हैं और यह तब ही हो सकता है, जब वे किसी न किसी बात पर लोगों के बीच बिखराव पैदा कर सकें।

**सरकार की मजबूरी :** यह संयोग नहीं एक प्रयोग था कि तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को यह आदेश देना पड़ा कि जब तक अहिन्दी भाषी राज्य न चाहें, अंग्रेजी सरकारी कामकाज की भाषा बनी रहेगी। आज तक यही कायम है। इससे हिंदी की प्रतिष्ठा तो कम हुई ही, लेकिन क्षेत्रीय भाषाओं को भी कुछ नहीं मिला। वे सभी अंग्रेजी के अधीन काम करती हैं। तीन भाषाएं पढ़ने की नीति शुरू से गलत साबित हुई, क्योंकि इसे अमल में लाने के लिए दोगली नीति अपनाई गयी। हिंदी थोपे जाने का भ्रम इसी नीति ने पैदा किया। लोग भाषा को लेकर एक दूसरे से नफरत करने और आपस में लड़ने लगे। या तो जैसा है, वही स्वीकार करें, जैसे कि अंग्रेजी की अनिवार्यता और हिंदी सहित सभी भाषाएं उसके माध्यम से ही फले-फूलें अथवा कुछ और जिसके जरिए भारतीय भाषाओं के सामने उनकी पहचान का संकट न हो।

## कोल्हान की खबरें

# आरएसबी ग्लोबल ने 'एक पहल' की तीसरी वार्षगांठ मनायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** देश की अग्रणी ऑटो व नॉन-ऑटो घटक निर्माण कंपनी आरएसबी ग्लोबल ने अपने महिला सशक्तिकरण मंच 'एक पहल' की तीसरी वर्षगांठ पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया।शनिवार को ह्यएक कदम, अनेक सपनेह्व की थीम पर आयोजित कार्यक्रम मे विभिन्न इकाइयों की महिला कर्मचारियों ने आत्मविश्वास और उत्साह के साथ भाग लिया।इस अवसर पर प्रेरणास्पद महिलाओं में पद्मश्री एवं द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता सह तीरंदाजी कोच पूर्णिमा महतो,अर्थशास्त्री, लेखिका व सामाजिक उद्यमी डॉ. पूर्णिमा डोरे,एवरेस्ट फतह करने वाली ओडिशा की सबसे युवा पर्वतारोही स्वर्णलता दलाई ने अपने जीवन संघर्ष और उपलब्धियों को साझा करते हुए महिलाओं को स्वावलंबन,नेतृत्व और सतत विकास के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में ह्यकल की खोज, आज का बोझह्व नामक मंचन के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण पर सार्थक संदेश दिया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, टीम लीडरों के प्रेरक वक्तव्य और प्रतीकात्मक गतिविधियों ने आयोजन को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का संचालन जया सिंह और गजल भामरे ने प्रभावशाली ढंग से की।आरएसबी की कार्यकारी निदेशक निर्मला बेहरा के द्वारा प्रारंभ की गई ह्यएक पहलह्व अब एक सशक्त आंदोलन बन चुकी है। जो स्वास्थ्य और स्वच्छता,शिक्षा और विकास, सुरक्षा, सामुदायिक सेवा पर आधारित है।मौके पर उत्कृष्ट योगदान के लिए बिंदिया खंडका, मोनिका पैरा (कम्युनिटी इनिशिएटिव) और सुनिता भट्टमिश्र (सेफ्टी) को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।निर्मला बेहरा ने कहा एक छोटा कदम भी बड़े सपनों की नींव रख सकती है। ह्यएक पहलह्व आज आरएसबी की जनकेंद्रित संस्कृति और सामाजिक उत्तरदायित्व का उदाहरण बन चुका है। उन्होंने कहा नव-निर्वाचित पिलर लीडरों के साथ ह्यएक पहलह्व अब नवीन ऊर्जा और दृष्टिकोण के साथ सामाजिक बदलाव की दिशा में एक नए चरण में प्रवेश कर रही है।

# पटमदा के प्रतिभावान बच्चे हुए सम्मानित

**आजाद सिपाही सवांददाता**




**पटमदा।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ भवन बेलटांड़ में बुद्धिजीवी मंच पटमदा की ओर से भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह शामिल हुए। मौके पर उन्होंने राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा और मेडिकल इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया। राजकुमार सिंह ने कहा पटमदा क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है, जो अत्यंत हर्ष की बात है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन और समर्पण के साथ पढ़ाई करने की सलाह दी।श्री सिंह ने कहा सफलता निश्चित है यदि लक्ष्य स्पष्ट हो। उन्होंने आश्वासन दिया जरूरतमंद छात्रों की पढ़ाई में हरसंभव मदद की जाएगी।मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा, थाना प्रभारी करमपाल भगत, समाजसेवी हाराधन महतो व जगदीश प्रसाद मंडल और इंटर कॉलेज जाल्ला के प्राचार्य अरुण कुमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। सभी ने बुद्धिजीवी मंच के पहल की सराहना की।इस अवसर पर पटमदा और बोड़ाम प्रखंड के सफलता प्राप्त 40 से अधिक बच्चों को पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया।मौके पर नीट (मेडिकल प्रवेश परीक्षा) में सफल बोड़ाम की अर्पिता महतो,इंटर टॉपर एवं बीएचयू छात्र मनोज महतो,और जेईई मेंस सफल पटमदा के उत्तम कुमार सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।इस अवसर पर बुद्धिजीवी मंच पटमदा के अध्यक्ष गोपाल कुमार, सचिव कल्याण कुमार गोराई, कोषाध्यक्ष विजय कुमार मंडल, मिहिर कुमार प्रमाणिक, निताई चंद्र गोराई, रवींद्र नाथ सिंह और बृंदावन महतो समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन निताई चंद्र गोराई व धन्यवाद ज्ञापन मिहिर कुमार प्रमाणिक ने की।यह आयोजन न केवल प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित करने का माध्यम बना बल्कि क्षेत्र में शिक्षा के प्रति उत्साह और प्रेरणा का संदेश भी दिया।

# सिदगोड़ा सूर्यधाम की जलाभिषेक यात्रा 28 जुलाई को, हजारों महिलाएं लेंगी भाग



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** श्रावण मास की तीसरी सोमवारी पर (28 जुलाई) सिदगोड़ा सूर्यधाम में आयोजित होने वाली भव्य जलाभिषेक यात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। बारीडीह हरि मंदिर मैदान से प्रातः 7 बजे यात्रा आरंभ होगी, जिसमें हजारों महिलाएं भाग लेंगी।समिति के वरिष्ठ सदस्य मिथिलेश सिंह यादव व खेमलाल चौधरी के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में जनसम्पर्क व बैठकें जारी है।यात्रा में गंगाजल से जलाभिषेक, भक्तिमय झांकियां, गीत-संगीत और जयघोष शामिल रहेंगे।यात्रा के बाद मंदिर परिसर में भोग-प्रसाद का वितरण होगा और परिसर को फूल व विद्युत सज्जा से सजाया जाएगा। बैठक में सुधा यादव, उर्मिला दास, बिमला साहू समेत कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

# गम्हरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यांग वृद्ध की मौत का मामला गरमाया



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** गम्हरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी के सामने बीते दिनों एक दिव्यांग वृद्ध की मौत के मामले का डीसी ने संज्ञान में लिया। स्थानीय पूर्व पार्षद और ग्रामीणों ने मौत के लिए स्वास्थ्य केंद्र की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की थी।शनिवार को डीसी नीतीश कुमार सिंह ने सरायकेला सिविल सर्जन को त्वरित जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिए।डीसी ने स्पष्ट किया जांच रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।सिविल सर्जन ने बताया डीसी के निर्देश पर एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया। टीम पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया जांच निष्पक्ष तरीके से की जाएगी और यदि किसी की लापरवाही पाई गई तो प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।वही क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। उनका आरोप है स्वास्थ्य केंद्र में समय पर इलाज न मिलने और कर्मचारियों की उदासीनता के कारण दिव्यांग वृद्ध की जान गई है। उन्होंने चेतावनी दी यदि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे।अब सबकी निगाहें सिविल सर्जन द्वारा सौंपे जाने वाली जांच रिपोर्ट और प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं। ग्रामीणों की मांग है दोषियों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द दंडित किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# समय कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. में करोड़ों के गबन का आरोप, निदेशक राजेश सिंह ने कराया मामला दर्ज



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** समय कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक राजेश कुमार सिंह ने कंपनी के तीन अन्य निदेशकों अनूप रंजन, राम प्रकाश पांडेय और राजीव कुमार पर करोड़ों रुपये गबन करने के मामले में साकची थाना में मामला दर्ज कराया। राजेश कुमार सिंह के अनुसार अप्रैल 2017 से नवंबर 2024 के बीच करीब 9.06 करोड़ रुपए के गबन किया गया।उन्होंने आरोप लगाया उक्त राशि ब्याज और ब्याज के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से कंपनी से निकाल ली गई, जबकि संबंधित निदेशकों ने न तो कंपनी में कोई पूंजी लगाई थी और न ही कोई लोन दिया था। उन्होंने कहा पूरा कृत्य एक आपराधिक षड्यंत्र और फर्जीवाड़े के तहत किया गया। राजेश सिंह ने बताया जब उन्होंने इसका विरोध किया और हिसाब मांगा, तो तीनों निदेशकों ने उन्हें और उनकी पत्नी को निदेशक पद से हटाने का प्रयास किया। जिसके विरुद्ध उन्होंने एनसीएलटी कोलकाता में केस दायर किया। कोर्ट ने कंपनी संरचना में बदलाव पर रोक लगा दी।

# ग्रामीण विकास सचिव से मिले पोटका विधायक

## जर्जर सड़कों की मुआवजे की उठाई मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची/पोटका।** पोटका विधायक संजीव सरदार ने मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के. श्रीनिवासन से शिष्टाचार मुलाकात की। शनिवार को मुलाकात के दौरान विधायक ने पोटका प्रखंड में जर्जर सड़कों की मरम्मत और भारी बारिश से प्रभावित ग्रामीण परिवारों को तत्काल आवासीय मुआवजा और सहायता प्रदान करने की मांग प्रमुखता से रखी।विधायक श्री सरदार ने कहा पोटका के कई गांवों की सड़कें वर्षों से जर्जर हालत में हैं।ग्रामीणों को रोजमर्रा की आवाजाही में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सचिव से अनुरोध किया ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत आने वाली योजनाओं के माध्यम से इन सड़कों का शीघ्र पुनर्निर्माण कराया जाए।वही विधायक ने हाल ही में हुई भारी वर्षा के कारण कई ग्रामीणों के घरों के क्षतिग्रस्त होने और आजीविका प्रभावित होने की जानकारी दी। उन्होंने पीड़ित परिवारों को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत जल्द से जल्द राहत उपलब्ध कराने की मांग की।साथ ही विधायक श्री सरदार ने अबुआ आवास योजना में शामिल लाभुकों की सूची में हुई स्कोरिंग गड़बड़ी पर भी चिंता जताई। उन्होंने बताया त्रुटिपूर्ण स्कोरिंग के चलते कई वास्तविक जरूरतमंद परिवारों के नाम सूची में नीचे चले गए हैं, जिससे वे योजना के लाभ से वंचित रह सकते हैं।विधायक ने सचिव से अनुरोध किया सूची में संशोधन कर वास्तविक पात्रों का चयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सही व्यक्तियों तक पहुंच सके।सचिव के. श्रीनिवासन ने विधायक की बातों को गंभीरता से लेते हुए उन्हें आश्वस्त किया सरकार पोटका क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देगी।उन्होंने बताया आपदा प्रभावित परिवारों को आवासीय सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

# उपायुक्त ने निर्माणाधीन जेल का किया निरीक्षण

## उपकारा नगर ऊंटारी को शीघ्र शुरू करवाने की दिशा में तेजी लाने का निर्देश



**एनएच-39 झारखंड-उत्तर प्रदेश सीमा पर विधि-व्यवस्था की भी की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** शनिवार को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने नगर ऊंटारी स्थित उपकारा (सब-जेल) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन निर्माण की प्रगति, सुरक्षा मानकों, जल-विद्युत आपूर्ति, कैदियों के आवासीय प्रावधानों एवं मूलभूत सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। उपायुक्त ने जेल परिसर के सभी वार्डों का स्वयं निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नगर ऊंटारी उपकारा को शीघ्र कार्यशील बनाया जायेगा, ताकि जिला में कारागार प्रबंधन और अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी हो सके। साथ ही, कारा के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अभियंताओं को कड़ी हिदायत दी गई। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि आगामी वर्ष की शुरूआत से उपकारा को पूरी तरह से संचालन में लाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त श्री यादव ने गढ़वा-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-39) पर झारखंड-उत्तर प्रदेश सीमा स्थित बिलासपुर चेक पोस्ट का भी दौरा किया। वहां उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्र की विधि-व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती, निगरानी तंत्र एवं यातायात व्यवस्था की समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को सतत मजबूत बनाये रखा जाये। संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी निगरानी और वाहनों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाये, ताकि राज्य की सीमाओं पर कानून व्यवस्था चाक-चौबंद बनी रहे।

इस अवसर पर उपायुक्त के साथ अनुमंडल पदाधिकारी सह जेल अधीक्षक गढ़वा संजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी नगर ऊंटारी प्रभाकर मिर्धा, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता प्रेमलाल सिंह, अंचल अधिकारी नगर ऊंटरी विकास कुमार सिंह सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अन्य वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

### सभी प्रखंड, अंचल तथा अन्य सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण लगातार किया जायेगा : उपायुक्त

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। शनिवार को उपायुक्त दिनेश कुमार यादव द्वारा गढ़वा जिले के नगर ऊंटारी प्रखंड का दौरा करते हुए अनुमंडल कार्यालय श्री बंशीधर नगर, प्रखंड -सह- अंचल कार्यालय नगर ऊंटारी एवं नगर पंचायत कार्यालय श्री बंशीधर नगर का औचक निरीक्षण किया गया। उक्त कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्री यादव द्वारा संबंधित कार्यालय प्रधान एवं उनके अधीन अन्य पदाधिकारियों, कर्मियों को अपने-अपने कार्यालय में दैनिक उपस्थिति निश्चित रूप से दर्ज करते हुए सरकारी कार्यों को निष्पादित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त सभी कार्यालयों की उपस्थित पंजी मंगाई गयी और कर्मियों को बुलाकर बातचीत किया गया। इस अवसर पर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में आए हुए ग्रामीणों से भी उपायुक्त ने संवाद कर उनके समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त श्री यादव ने पाया कि प्रखंड -सह- अंचल कार्यालय, नगर ऊंटारी के कार्यालय परिसर में ही छात्रों के लिए सरकारी योजनाओं के तहत वितरण किये जाने वाले साईकल असेंबल की जा रही है, जिसे प्रखंड परिसर के शालीन वातावरण के विरुद्ध मानते हुए इसे अनुचित ठहराया और कड़ी आपत्ति जतायी, साइकिल फिटिंग का कार्य किसी अन्य स्थान पर करने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सरकारी कार्यालयों के परिसर में गंदगी एवं अव्यवस्था नहीं फैलाने एवं कार्यालय परिसर को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी प्रखंड, अंचल तथा अन्य सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण आगे भी लगातार किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान यदि कोई भी कर्मी या पदाधिकारी अनुपस्थित पाये गये अथवा कार्यों में लापरवाही बरती गयी, तो निश्चित रूप से उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि कार्यालय में ससमय उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध ढंग से सभी सरकारी कार्यों का निष्पादन किया जाये।

# कांडी पुलिस ने 6 माह से लापता विक्षिप्त महिला को परिजनों से मिलाया

**मिली जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार की शाम करीब 6:30 बजे चोराटी पहाड़ के पास एक महिला संदिग्ध अवस्था में पायी गयी, जो ठीक से बोल नहीं पा रही थी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** कांडी थाना क्षेत्र में एक सराहनीय मिसाल पेश करते हुए पुलिस ने एक विक्षिप्त महिला को उसके परिजनों से मिलाने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार, बीते शुक्रवार की शाम करीब 6:30 बजे चोराटी पहाड़ के पास एक महिला संदिग्ध अवस्था में पायी गयी, जो ठीक से बोल नहीं पा रही थी। महिला के पास एक थैला मिला, जिस पर 'पांकी बाजार' लिखा था। इस आधार पर कांडी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पांकी थाना से संपर्क साधा। पांकी पुलिस के सहयोग से महिला की पहचान परमिला देवी, पति विनेश उरांव, निवासी शिंजुआ, थाना पांकी, जिला पलामू के रूप में की गई। महिला के पुत्र बैजनाथ उरांव ने बताया कि उनकी मां करीब 6 माह पूर्व लापता हो गई थीं, जिसकी रिपोर्ट पांकी थाना में दर्ज करायी गयी थी। शनिवार को कांडी पुलिस द्वारा महिला को उनके पुत्र के सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्य को लेकर परिजनों में खुशी की लहर है, वहीं स्थानीय लोगों ने कांडी पुलिस की सक्रियता और मानवता भरे कदम की जमकर प्रशंसा की है।


**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।**

(जिला ग्रामीण विकास शाखा)

-: प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत रिक्त पदों पर नियुक्ति संबंधी आवश्यक सूचना :-

जिला ग्रामीण विकास शाखा, हजारीबाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत प्रखण्ड समन्वयक एवं लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्रारम्भिक औपबंधिक सूची जिले के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर अपलोड किया गया है।

अभ्यर्थी अपनी जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक एवं अनुभव प्रमाण पत्र आदि की जॉच कर अपनी आपत्ति दिनांक 29/07/2025 तक कार्यालय अवधि में साक्ष्य सहित सीधे इस कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् अभ्यर्थियों के दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

उप विकास आयुक्त,
हजारीबाग।

PR 357777 Hazaribag(25-26)D


# बीएचएमएस के जूनियर बैच ने अपने सीनियर स्टूडेंट के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च हॉस्पिटल में बीएचएमएस के जूनियर बैच ने अपने सीनियर बीएचएमएस बैच 2018-19 और 2019-20 के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम गुरुपद संभवराम ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बीडीएसयू के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह और बीडीएसयू के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) एमके सिंह उपस्थित थे।

कार्यक्रम में सीनियर छात्रों को सम्मानित किया गया। कुलाधिपति ने अपने संबोधन में बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए एक अच्छा होम्योपैथिक चिकित्सक बनकर समाज में वंचित और गरीब लोगों को इलाज देने का आह्वान किया। कुलपति ने अपने संबोधन में छात्रों को सफल होम्योपैथिक चिकित्सक बनने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर, कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) केशवेंद्र कुमार तिवारी ने अपने भाषण में सीनियर छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और जूनियर छात्रों को उनके आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी उपस्थित लोगों ने इसका आनंद लिया।

### बाबाधाम के लिए युवा जत्था हुआ रवाना



रमना (आजाद सिपाही)। रमना प्रखंड के हरादाग कला के भारी संख्या में बाबाधाम के लिए जत्था युवा जागरण मंच के तत्वधान में रवाना हुए। इसके पूर्व स्थानीय मंदिरों में गाजे बाजे व पूजा अर्चना के बाद रवाना हुए। इस अवसर पर कावरियो ने बोल बम,जय भोलेनाथ आदि के गगन चुंबी नारे लगाये। इस अवसर पर कावरियों ने कहा कि घर परिवार गांव घर के खुशहाली को लेकर बाबा भोलेनाथ का दर्शन कर प्रार्थना करेंगे। इस दरम्यान पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। इस मौके पर मंच के कोषाध्यक्ष डॉक्टर अशोक चौधरी, सकेंद्र चौधरी, विनोद चौधरी, नंदलाल चौधरी, कमलेश चौधरी, वार्ड सदस्य रामनाथ चौधरी, बुद्धि नारायण साह, संतोष साह, संतान साह, अनिल चौधरी, जितेंद्र, सुनील, सोभन, विमलेश, तुलसी चौधरी, राजेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### थाना दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया थाना परिसर मे थाना दिवस के अवसर पर पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कुल डेढ़ सौ छायादार एवं फलदार पौधे लगाये गये। इस कार्यक्रम में सीडीपीओ रोहित रंजन सिंह व थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम मिश्रा संयुक्त रूप से पौधा रोपण कर इसकी शुरूआत की। इस अवसर पर एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह ने कहा कि वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम अधिक से अधिक पौधा लगायें और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें। इस मौके पर उपस्थित किशोर कुमार दिलीप रंजन व सभी थाना परिसर के पदाधिकारी उपस्थित थे।


**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (जिला आपूर्ति शाखा)**

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सूचीत किया जाता है कि प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, कोडरमा जिला से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में PHH, AAY एवं GREEN राशन कार्डधारियों अन्तर्गत विभिन्न कारणों से निम्न अयोग्य लाभुको का नाम विलोपित का आदेश दिया जाता है जो निम्नवत है:–

| क्र० | प्रखण्ड का नाम | कार्डधारी की श्रेणी | विलोपित किए जाने का कारण | रद्दीकरण के लिए राशन कार्ड की संख्या | अयोग्य सदस्यों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | चन्दवारा | NFSA अन्तर्गत PHH, AAY एवं GREEN राशन कार्डधारियों | 01 (एक) वर्ष या उससे अधिक दिनों से/समय से खाद्यान्न का उठाव नहीं किया जाना। | 193 | 364 |
| 02 | डोमचांच | | | 332 | 742 |
| 03 | जयनगर | | | 102 | 224 |
| 04 | झुमरी तिलैया | | | 332 | 841 |
| 05 | कोडरमा | | | 290 | 604 |
| 06 | नगर पंचायत कोडरमा | | | 72 | 172 |
| 07 | मरकच्चो | | | 305 | 689 |
| 08 | सतगाँवा | | | 464 | 1288 |
| | | | कुल:– | 2090 | 4924 |

1. झारखण्ड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2024 के कंडिका 6 (X) (ग) में प्रावधानित है कि छः माह से अधिक अवधि से जन वितरण प्रणाली दुकान से सरकार द्वारा प्रदत्त किसी भी प्रकार की सामग्री का उठाव नहीं किए जाने पर राशन कार्ड रद्दीकरण योग्य होगा।
2. विलोपन हेतु अयोग्य कार्डधारियों/लाभुकों की विस्तृत विवरणी (राशन कार्ड के साथ) जिला कोडरमा के वेबसाईट www .koderma.nic.in पर उपलब्ध है।
3. अगर किसी कार्डधारी/लाभुक को उनके राशन कार्ड के विलोपित होने पर आपत्ति है तो दिनांक 25.07.2025 तक कार्यालय में अपना दावा आपत्ति दर्ज करा सकते है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR.NO.357715 Food Public Distribution and Consumer Affairs(25-26):D


# आरके पब्लिक स्कूल, उचरी, मझिआंव में नये बदलाव : एफ एफ - II परीक्षा परिणाम घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** शनिवार को आरके पब्लिक स्कूल, उचरी, मझिआंव में अलख नाथ पांडेय एवं नये प्रधानाचार्य केआर झा के द्वारा एफ ए-II की परीक्षा के परिणाम घोषित किये गये। इस अवसर पर अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति रही, जिसमें छात्रों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा की गयी। इस सम्मेलन के साथ ही एक और महत्वपूर्ण आयोजन हुआ, स्कूल की नयी टाटा बस का उद्घाटन किया गया। अपने संबोधन में निदेशक पांडेय ने नये प्राचार्य केआर झा का सभी अभिभावकों से परिचय कराते हुए कहा कि विद्यालय के लिए हर्ष का विषय है कि श्री झा ने प्राचार्य के रूप में यहां योगदान किया। इन्हें बिहार, झारखंड, एवं अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न प्रतिष्ठत विधालयों में शिक्षण का अनुभव है। ये रांची के ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में उप प्राचार्य एवं प्रभारी प्राचार्य के रूप में काम कर चुके हैं। श्री झा सीबीएसई के प्रसिद्ध रिसोर्स पर्सन और मास्टर ट्रेनर हैं। इनका लाभ विद्यालय को निश्चित मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से उनके विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में निरंतरता आयेगी, इस तरह के नवाचारी कदम छात्रों की शिक्षा और सुविधाओं में बदलाव लायेंगे। उपस्थित अभिभावकों ने विद्यार्थियों की प्रगति, विद्यालय की सुविधाएं, साफ -सफाई एवं हरा भरा प्रांगण होने पर प्रसन्नता अभिव्यक्त करते हुए कहा है कि हमें विश्वास है कि आगे भी स्कूल प्रबंधन के द्वारा इसी तरह के निर्णायक फैसले छात्रों के हित में लिए जायेंगे।

### थाना दिवस पर 24 जमीनी मामलों की हुई सुनवाई



बरडीहा (आजाद सिपाही)। बरडीहा थाना परिसर में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय ने की। कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद सहित अन्य मामलों से संबंधित कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अंचल स्तर के मामलों का तत्काल निपटारा किया गया। जबकि जिला स्तरीय मामलों को अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों को ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में सड़कों पर फिसलन अधिक होती है, ऐसे में दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। सुरक्षा के लिहाज से यह नियम जीवन रक्षक सिद्ध हो सकते हैं। कार्यक्रम में कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित थे।


**कार्यालय:– अभिहित अधिकारी–सह–अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा**

**( खाद्य सुरक्षा शाखा)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

खाद्य करोबारकर्त्ता के लिए आम सूचना आगामी त्योहारें के मद्देनजर सभी खाद्य कारोंबारियों मिठाई दुकान संचालक रेस्टोरेंट/ढाबा/होटल संचालक थोक विक्रेता खुदरा एवं फुटकर विक्रेता वितरक फल/सब्जी विक्रेता दवा विक्रेता मीट/मुर्गा/मछली विक्रेता एवं Fast Food विक्रेता इत्यादि को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बिन्दुओं का शत–प्रतिशत अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे:–

1. मिठाई बनाने वाले खाद्य कारोबारियों को सख्त निर्देश दिया जाता है कि मिठाईयों को सुरक्षित एवं अत्याधिक आकर्शक बनाने एवं रखने के लिए आवांछित केमिकल एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालने वाले अखाद्य/औधोगिक आकर्शक रंगों का उपयोग नहीं करेंगे। साथ ही FSSAI द्वारा अधिकृत प्राकृतिक एवं कृत्रिम रंगों का मिठाईयों में उपयोग तय मानक (100 Ppm या 100 mg/L) के अनुरूप ही करेंगे।
2. विभिन्न प्रकार के मिठाईयों में जैसें :– खोवा/मावा/रसगुल्ला/छेना में आरारोट/आटा/मैदा/सूजी इत्यादि काजू बर्फी में गुलकोज,आटा,मैदा एवं धी में रिफाइन/तेल इत्यादि का मिलावट नहीं करेंगे।
3. अपने–अपने खाद्य प्रतिशठानों में FSSAI License/Registration no. का प्रमाण–पत्र अपने परिसर के प्रमुख स्थान पर दर्शाना सुनिश्चित करेंगे।
4. विभिन्न खाद्य पदार्थो का निर्माण करते समय सभी कर्मियों के द्वारा संबंधित मिठाई/संस्तरा/होटल/ढाबा में Handgloves, Hairnet, बाल ढकने का टोपी एवं Mask आदि का उपयोग करवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही खाद्य परिसर का समुचित साफ–सफाई रखना सुनिश्चित करेंगे।
5. यदि किसी कारण वश अभी तक FSSAI License/Registration no नहीं लिया है अथवा Renewal नहीं कराया है, तो सात दिनों के अन्दर WWW.foscos.Fssai.gov.in पर जाकर Online वार्शिक कारोबार के अनुसार (12 लाख से कम FSSAI Registraation एवं 12 लाख से अधिक, FSSAI License) आवेदन करना सुनिश्चित करेंगे।
6. ज्ञात हो कि बिना Valid FSSAI License/ Registration के खाद्य कारोबार करने पर अधिकतम 10 लाख रूप्ये तक का जुर्माना हो सकता है।
7. पैकेट बद खाद्य पदार्थ बिना FSSAI License No., बनाने या पैकिंग की तिथि Expiry की तिथि, Batch no., Nutritional सूचना इत्यादि के कय–विकय करना FSS Act.2006 की धारा–52 के तहत दंडनीय अपराध है।
8. सभी खाद्य पदार्थो को केवल लाइसेंस प्राप्त या रजिस्टर्ड विकेताओं से ही खरीदने एवं बेचने के साथ ही इसका रिकॉर्ड रखना सुनिश्चित करेंगे।
9. तले भुने हुए गर्म खाद्य पदार्थो जैसे–समोसे,पकौडे,जलेबी,कचरी,बरा,ढुसका आदि को अखबार प्रिन्टेंड पेपर एवं प्लास्टिक/पॉलिथीन में देना सख्त मना है।
10. सभी होटल एवं रेस्टॉरेंट के सुचालकों द्वारा उनके यहाँ कार्यरत कर्मियो का नियमाकुल स्वास्थ्य जॉच कराना एवं मेडिकल फिटनेस प्रमाण–पत्र रखना आवश्यक है। साथ ही पानी की गुणवत्ता की जॉच का प्रमाण पत्र भी रखना सुनिश्चित करेंगे।
11. होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई विक्रेता एवं अन्य फास्ट फूड दुकानदार विशेश रूप से दूध,पनीर,खोवा/मावा इत्यादि फूड लाईसेंसधारी वेंडर से ही लेंगे एवं उक्त वेंडर का फूड लाईसेंस व बिल दुकान में रखना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के कम में अज्ञात स्त्रोत से प्राप्त सामग्रियों को जॉच कर,जप्त एवं नश्ट करते हुए नियामानुसार कार्रवाई की जा सकती है।
12. सभी स्ट्रीट फूड वेंडर मेला क्षेत्र में लगने वाले अस्थाई स्ट्रीट वेंडर सहित बिक्री कि जाने वाले खाद्य सामग्रियों को ठीक से ढक कर रखेंगे एवं वैध FSSAI फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन लेकर ही कारोबार करेंगे।
13. सडक/नाला किनारे एवं खुले में मुर्गा मॉस एवं मछली दुकानों का संचालन करना पूर्णतः प्रतिबंधित है।साथ ही सभी मीट विकेता अपने परिसर में ब्लैक (Black) शीश लगा करके ही कारोबार करना सुनिश्चित करेंगे।

उपरोक्त सभी दिशा–निर्देशों का अनुपालन नहीं करने पर खाद्य सुरक्षा एवं अधिनियम–2006 की सुसंगत धाराओं के तहत विधि–सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

Note :- साथ ही उपभोक्ताओं को भी सूचित किया जाता है कि यदि किसी खाद्य कारोबारी के द्वारा मिलावटी Expiry अथवा किसी प्रकार का अवमानक खाद्य सामग्री दिया जाता है,तो इसकी शिकायत खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी,कोडरमा मो0 9971838804 तथा Food Safety Connect App पर अवश्य करें।

इसे अति आवश्यक समझा जाय।

अभिहित अधिकारी–सह–
अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 357731 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)D


# बिजली पोल गाड़ने में लापरवाही, ग्रामीणों ने उठाये निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से पोल लगाये जा रहे हैं, लेकिन निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और लापरवाही सामने आ रही है। शनिवार को रारो गांव स्थित सकील अंसारी, रमेश राम, जमील अंसारी, कमलेश राम, मुस्तकीम अंसारी और विजय प्रजापति के घरों के पास पोल गाड़ने के दौरान ग्रामीणों ने निर्माण में गंभीर खामियों को देखा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली पोल गाड़ते समय न तो छरी डाली गयी और न ही बालू व सीमेंट जैसी बुनियादी निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पोल खड़ा करने के लिए केवल वीसी,छरी के टुकड़े (चिप्स) और पानी का इस्तेमाल किया गया, जिससे पोल की मजबूती और टिकाऊपन पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के कमजोर पोल कभी भी गिर सकते हैं, जिससे न केवल बिजली आपूर्ति बाधित होगी बल्कि जान-माल की हानि की भी संभावना बनी रहेगी। उन्होंने चिंता जताई कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है, ताकि विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता न हो और लोगों की सुरक्षा बनी रहे। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाएं सराहनीय हैं, लेकिन यदि निर्माण में गुणवत्ता से समझौता किया जायेगा, तो इसका लाभ आम लोगों तक नहीं पहुंच पायेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि बिजली पोल गाड़ने के काम की निगरानी सुनिश्चित की जाये, ताकि निर्माण कार्य पूरी पारदर्शिता और तकनीकी मानकों के अनुरूप हो सके और लोगों की सुरक्षा बनी रहे।

### श्रवण पुनः युवा मोर्चा गढ़वा जिलाध्यक्ष बने, लोगों ने दी बधाई



रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा गढ़वा के पूर्व युवा जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह उर्फ संजय छोटू ने दुबारा पुनः युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर खुशी जाहिर करते हुए पार्टी संस्थापक संरक्षक बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन, झामुमो केन्द्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय महासचिव पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का तहेदिल से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि उन्हें पुनः झारखंड मुक्ति मोर्चा, युवा मोर्चा गढ़वा के जिलाध्यक्ष की जिम्मेवारी देने के लिए सभी का आभार व्यक्त करता हूं।

## कांग्रेस पार्टी का संगठन सृजन और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** शनिवार के दिन पुराना विधानसभा सभागार धुर्वा रांची में आयोजित संगठन सृजन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो के द्वारा मनोनीत किये गये सदस्य सिल्ली पूर्वी मंडल अध्यक्ष देवाशीष दत्ता एवं सिल्ली पश्चिम मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो को नियुक्ति पत्र झारखंड सरकार के कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दिया। इस मौके पर सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो, रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो उपस्थित थे। इनके मनोनयन पर सिल्ली प्रखंड उपाध्यक्ष निशाकर महतो, मनीराम दास, महासचिव मंजूर मोमिन, सैयद कमर आलम, भगीरथ महतो, प्रकाश मुंडा,मो कलाम अंसारी, आशा देवी, श्रीप्रसाद बड़ाइक, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस प्रत्याशी विकाश रजक, रोहित मुंडा, सदानंद सोनार, पिनाकी बनर्जी, लालू कोइरी, चंद्र मोहन महतो, शमशेर आलम, महताब अंसारी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष शहाबुद्दीन अंसारी इत्यादि कांग्रेस जनों ने हर्ष जताया।

## सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



खलारी (आजाद सिपाही)। सरस्वती विद्या मंदिर करकटा ने फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डॉ देवनाथ गंझू के द्वारा फीता काट कर किया गया। यह मैच बाल वर्ग तथा किशोर वर्ग के बीच खेला गया। सेमी फाइनल मैच कक्षा नवम और तथा कक्षा दशम के छात्रों के बीच खेला गया। जिसमें खेल का अच्छा प्रदर्शन करते हुए कक्षा नवम को दो गोल से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच किशोर वर्ग तथा बाल वर्ग के बीच खेला गया, जिसमें किशोर वर्ग बाल वर्ग को दो एक गोल से मात देकर मैच जीत लिया। अंत में सभी खिलाड़ियों को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह, आचार्य संजीव कुमार सिंह, पूनम पाठक, बसंती कुमारी, अश्विनी कुमारी के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने किया कई पंचायतों का दौरा



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने शनिवार को कर्रा प्रखंड की लिमड़ा पंचायत, उड़ीकेल, बकसपुर पंचायत और,ब जरियागढ़ पंचायत का भ्रमण कर जन समस्याओं की जानकारी ली। विधायक ने जोरदार बारिश से पूर्ण और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त तथा जंगली हाथियों द्वारा तोड़े गये मकानों को देख और प्रभावित ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उन्हें हर संभव मदद दी जायेगी। विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और वरित कार्यवाही करते हुए प्रखंड के पदाधिकारियों और पंचायत के पदाधिकारियों को अविलंब भौतिक निरीक्षण करने को कहा। पंचायत के सचिव को ग्रामीणों की समस्या के समाधान करने को कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी अनहोनी नहीं होनी चाहिए। जर्जर मकानों में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थान में ले जाने का निर्देश अधिकारियों को दिया। हाथियों द्वारा तोड़े गये मकान का मुआवजा अविलंब देने भी निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को विधायक ने दिया। सभी पंचायत सेवकों और मुखिया को भवन की क्षति को देखते हुए जल्द ही प्राथमिकता के आधार पर आबुआ आवास, भीमराव अम्बेडकर आवास, प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने को कहा। मौके पर सुदीप गुड़िया ने सुख राहत सामग्री, टॉर्च और पटाखों का भी वितरण किया।

## पिपरवार में प्रबंधन और रैयत विस्थापित मोर्चा के बीच सात सूत्री मांगों पर हुई वार्ता

पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में प्रबंधन और रैयत विस्थापित मोर्चे के बीच वार्ता हुई। जिसमें राजधर साइडिंग से जुड़े सात सूत्री मांगों को लेकर रैयत विस्थापित मोर्चा विस्थापितों, प्रभावितों, वंचितों के हित व समर्थन में रोजगार, लोडिंग एवं ट्रांसपोर्टिंग कार्य, सेंपलिंग, मुआवजा, लंबित नौकरी, भूखंड के बदले एक मुश्त भुगतान, विस्थापितों को निजी कंपनी में बहाली, प्रदूषण में रोक इत्यादि से संबंधित मांगों पर चर्चा की गयी। वार्ता से पूर्व महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष विस्थापितों की एक बैठक हुई, जिसके बाद जोरदार नारेबाजी एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। बैठक में मोर्चा के नेताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि रोजगार से कोई समझौता नहीं किया जायेगा एवं निजी कंपनियों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। वार्ता में प्रबंधन की ओर से जीएम संजीव कुमार, एसओपी नागेश गोपाल, एसओ हेमचंद महतो, सीएचपी पीओ प्रवीण कुमार सिंह, राजधर साइडिंग मैनेजर मोहनलाल सिंह, किसन अवस्थी, आभास त्रिपाठी तथा विस्थापितों की ओर से इकबाल हुसैन, रामचंद्र उरांव, बिगन सिंह भोक्ता, रामलखन भोक्ता, सरोज, बीना देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मनाया गया येलो डे



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा देने के तहत येलो डे हर्षोल्लास से मनाया गया। यह उत्सव ईईडीपी विभाग के नन्हें मुन्ने बच्चों और शिक्षकों के द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर पीले रंग के वस्त्र पहन कर बच्चे स्कूल पहुंचे। कक्षा बाल वाटिका-एक से दूसरी तक के सभी बच्चे अपने साथ पीले रंग की खिलौने, फल, रुमाल, फूल आदि कई वस्तुएं लेकर आए और आयोजन का भरपूर लुत्फ उठाया तथा पीले रंग से अवगत भी हुए। इस दौरान बच्चों ने कई तरह की गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें पेपर पेस्टिंग, फिंगर प्रिंटिंग, पेपर क्राफ्टिंग, पेपर कलरिंग आदि शामिल हैं। इस कार्यक्रम में ईईडीपी विभाग की सभी शिक्षिकाओं की सहभागिता एवं भूमिका सराहनीय रही।

### जनभागीदारी गतिविधि के तहत जन शिक्षण संस्थान ने खूंटी में निकाली रैली

## युवा न केवल तकनीकी रूप से सशक्त हों, बल्कि रचनात्मक कार्य करें: राजेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** केंद्र सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के स्वर्णिम दस वर्ष पूर्ण होने पर देश भर में 15 जुलाई से 21 जुलाई तक मनाए जा रहे कौशल का दशक, जनभागीदारी पहल के तहत जन शिक्षण संस्थान खूंटी द्वारा शनिवार को खूंटी में रैली निकाली गयी। शहर के भगत सिंह चौक से बिरसा कॉलेज परिसर तक निकाली गयी रैली में संस्था से जुड़े लोगों कें अलावा बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए। मौके पर जेएसएस के प्रभारी निदेशक राजेश शर्मा ने कहा कि कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने पिछले 10 वर्षों में कौशल की विभिन्न योजनाओं से आत्मनिर्भर भारत की एक मजबूत नींव तैयार की है, जिसमें सबसे ज्यादा योगदान युवाओं का है। उन्होंने कहा कि एआई और डिजिटल प्रौद्योगिकी के इस युग में युवाओं



को प्रासंगिक कौशल से लैस करना बहुत महत्वपूर्ण है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे युवा न केवल तकनीकी रूप से सशक्त हों, बल्कि वह रचनात्मक समस्या समाधान करने वाले और उद्यमी भी बनें। इसके लिए हमें उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रशिक्षण और अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि शिक्षा और रोजगार के बीच की खायी को पाटने के लिए हम इंटर्नशिप और मेंटरशिप जैसे अवसर प्रदान करें। आज का युवा सिर्फ नौकरी नहीं मांग रहा है, बल्कि रोजगार के अनेक अवसर भी पैदा कर रहा है। जन शिक्षण संस्थान ने देश भर में ग्रामीण और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। वर्ष 2018 से 2025 के बीच इन संस्थाओं के माध्यम से 30 लाख से अधिक लाभार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने और बेहतर जीविका का अवसर प्रदान करने में मदद मिली। यह संस्थान न केवल कौशल विकास को जमीनी स्तर से ऊपर ले जा रहा है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को भी साकार कर रहा है। रैली समापन के बाद बिरसा कॉलेज परिसर में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सफाई की गयी और ब्लीचिंग पाउड़र का छिड़काव किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से डीआरडीए के सुरेश टोप्पो, संकल्प इंस्टीट्यूट के निदेशक राजेश कुमार महतो, नॉलेज हब के निदेशक पंकज कुमार नाग समेत बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोग्राम ऑफिसर सुब्रत सेन प्रधान, सहायक प्रोग्राम ऑफिसर शशि कुमार, प्रभावती कुमारी, निकुंज टोपनो, राजीव कुमार, धर्मेंद्र मुंडा, दशाय नाग आदि संस्था के लोगों का योगदान रहा।

## 55 किसानों के बीच मडुवा बीज का वितरण

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कृषि विभाग कार्यालय में शनिवार को सरकार के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत बारुहातू पंचायत के चिरगालडीह ओर दानाडीह गांव के 55 किसानों के बीच मडुवा बीज का वितरण किया गया। किसानों को बीटीएम दीनानाथ भगत ने मडुवा बीज लगाने के तरीका ओर उपजाऊ मिट्टी बनाने की विधि बताये। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि हलधर सिंह मुंडा सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

## बुद्धा पब्लिक स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन बुद्धा पब्लिक स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से कक्षा 10 तक के लगभग 30 छात्राओं ने भाग लिया। आयोजन के दौरान कला के प्रति बच्चों की ललक देखते ही बन रही थी। छात्राओं ने एक दूसरे के हाथ पर कई कलाकृतियां बनाकर प्रदर्शन किया। अव्वल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने कहा कि यह आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपरा को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव ने बताया कि छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए अपनी कलात्मक प्रतिभा तथा सांस्कृतिक अभिरुचि का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों की बेहतरीन प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। सभी ने सुंदरता, स्वच्छता और रचनात्मकता के माध्यम से अपनी प्रतिभा को उजागर किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में अंजली कुमारी, नकुल बड़ाईक, गोविंदर सिंह, प्रतिमा देवी, सुषमा सिंह, स्मिता, प्रिया, प्रेमचंद, जितेंद्र महतो, सुमंत, विपुल एवं लंकेश्वर का काफी सराहनीय योगदान रहा।

## तीन अगस्त को विधानसभा का घेराव करेंगे राज्य के सहायक शिक्षकः संजय

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने तीन अगस्त को विधानसभा घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है। कर्रा के मसमानों मैदान में इसको लेकर शनविार को एक बैठक मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय कुमार पाठक अध्यक्षता में आयोजित की गयी। अध्यक्ष ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर तीन अगस्त को विधानसभा का घेराव किया जायेगा, जिसमें सभी सहायक अध्यक्षपक भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि सहायक अध्यापकों की मांगों को लेकर पूरे झारखंड के सभी विधायकों को मांग पत्र सौंपा जा रहा है। जीता मिंज ने कहा कि सरकार ने चुनाव से पहले से वादा किया था कि झामुमो की सरकार बनते ही सभी सहायक अध्यापकों की सेवा स्थायी करते हुए समान काम का समान वेतन देंगे, लेकिन इतना समय बीत जाने के बाद भी सरकार का चुप्पी साधे रहना, वादा



खिलाफी है। इसी संबंध में विधानसभा घेराव उग्र आंदोलन का संकेत है। इसके बाबजूद मांगें पूरी नहीं पूरा हुई, पांच सितंबर से मुख्यमंत्री आवास का अनिश्चितकालीन घेराव किया जायेगा। टोमनाथ सिंह ने कहा कि सरकार एक स्थायी शिक्षक को अस्सी हजार रुपये और सहायक शिक्षकों को मात्र अठारह हजार रु दे रही है, यह कैसा न्याया है। सुनीता कुमारी एवं सुखनाथ हीरो ने कहा कि शिक्षकों में 99 फीसदी स्थानीय हैं और माटी की सरकार भी यदि नहीं सुनती है, तो पुनः जोरदार आंदोलन किया जायेगा। जेवियर होरो ने आंदोलन को जोदार और उग्र बनाने का आवाह्न किया। खूंटी जिला के तमाम विधायकों को सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा द्वारा ज्ञापन सौंप कर अपने मांग के समर्थन में आवाज उठाने का आग्रह किया गया। खूंटी विधायक रामसूर्या मुंडा और तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर अध्यक्ष संजय कुमार पाठक, सचिव नेली लूकस टोमनाथ सिंह आदि मौजूद थे।


## महिला प्रतिनिधियों को सशक्त करना सामाजिक प्रगति का आधार हैः डीसी

खूंटी (आजाद सिपाही)। डीपीआरसी भवन, खूंटी में शनिवार को रिवेम्ट आरजीएसए योजना के तहत सशक्त पंचायत नेत्री अभियान (इंपावर्ड वूमेन पंचायत लीडर कंपेन) के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के माध्यम से जिले की सभी महिला मुखिया एवं महिला वार्ड सदस्यों का जिला एवं प्रखंड स्तर पर आयोजित होनेवाले प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि मुखिया, वार्ड सदस्य आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को सशक्त करना, पंचायती राज व्यवस्था में उनकी भूमिका को और अधिक प्रभावशाली बनाना एवं ग्राम स्तर पर सुशासन को बढ़ावा देना है।

## विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही न बरतें अधिकारी-कर्मचारीः नवीन चंद्र झा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा कें प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झझा नें प्रखंड के अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में कोतही न बरतें। कोताही बरतने वालों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। बीडीओ शनिवार को प्रखंड कार्यालय में विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गयी। बीडीओं ने पंचायत सचिवों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना



के लाभुकों का जिनका बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है, उनका खाता 25 जुलाई तक आधार लिंक कराना सुनिश्चित करे। ऐसे लाभुक जिनकी आयु 50 वर्ष के ऊपर है, उन्हें सर्वजन पेंशन योजना से जोड़ें। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत सचिव जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र का आवेदन अनावश्यक लंबित नहीं रखेंगे। सभी आवेदनों का त्वरित एवं नियमानाकुल निष्पादन करेंगे। उन्होंने अबुआ आवास योजनाओं 23-24, एवं 24-25 के लंबित आवास को ससमय पूर्ण करने निर्देश भी दिया। जिन लाभुकों ने राशि लेकर काम नहीं किया है उन्हें नोटिस निर्गत करें अथवा राशि वापसी की प्रक्रिया का पालन करें। बैठक में बीडीओ पे मनरेगा के अंतर्गत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत शेड निर्माण में प्रगति लाने को कहा गया। बिरसा सिंचाई कूप अंतर्गत बन रहे कूप में कार्य नहीं करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से ऐसे कूप के चारों हो बांस-बाल्ली, झाड़ी रस्सी आदि से घेरा लगाने को कहा। उन्होंने अत्यधिक अधिक वर्षा के कारण ऐसे ग्रामीण जिनका कच्चा मकान है, गिरने या क्षतिग्रस्त कीसंभावना है, उन्हें नजदीक के पक्का भवन में शिफ्ट करने की व्यवस्था करने का निर्देश पंचायत सचिव को दिया। बैठक में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी आपूर्ति पदाधिकारी, सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता आदि उपस्थित थे।

## बूढ़ाडीह गांव में डायरिया से एक व्यक्ति की मौत

रडगांव (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड के आराहंगा पंचायत के बुढ़ाडीह गांव में डायरिया से नमी महतो उम्र लगभग 55 वर्ष की शनिवार को मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार 17 जुलाई को नमी महतो की तबियत अचानक ज्यादा खराब हो गया, उसे तमाड़ अस्पताल ले जाया गया। फिर वहां से रांची रिम्स भेजा गया, जहां इलाज के दौरान नमी महतो की शनिवार को मृत्यु हो गयी। उक्त गांव में पिछले दस-पंद्रह दिनों से डायरिया का प्रकोप हो गया है जिसमें करीब एक दर्जन लोग इस बिमारी से पीड़ित हो गये हैं। जिसमें कुछ लोग ठीक हो गये हैं कुछ का अभी भी पानी चढ़ाया जा रहा है। डायरिया से लोग डरे व सहमें हुए हैं। तमाड़ अस्पताल के चिकित्सक गांव में कैंप किये हुए हैं।

## धमधमिया में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



खलारी (आजाद सिपाही)। धमधमिया से दामोदर नदी तक बनने वाले पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास कांके विधायक सुरेश बैठा ने शिलापट्ट पर पर्दा हटाकर किया। यह सड़क धमधामिया शिव मंदिर से लेकर दामोदर नदी घाट तक बनायी जायेगी। कार्यक्रम में इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, पंचायत मुखिया संतोष महली, पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली, खलारी प्रखंड समन्वय समिति अध्यक्ष राजेश सिंह मिंटू, विधायक प्रतिनिधि शशि मुंडा, तनवीर आलम, गौरीशंकर महतो, विक्की सिंह, बाबू खान, नंदू मेहता, संजय राम, अजय सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## पीएलवी ने विक्षिप्त को जंजीर से कराया मुक्त



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के काट घोड़ा गांव में एक विक्षिप्त व्यक्ति को हाथ और पैर में लोहे का जंजीर लगा दिया गया था, ताकि वे कहीं भाग न जायें और ग्रामीणों को क्षति नहीं पहुंचायें। विक्षिप्त गांव के ही विनोद मांझी का महिनों से मानसिक स्थिति ठीक नहीं रह रहा था। महिनों से वह जंजीर से जकड़ा हुआ कराह रहा था। इसकी सुचना मिलते ही पीएलवी कार्तिक गोप ने मुखिया राखोहरी सिंह मुंडा एवं थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे को सुचित किया एवं ग्रामीणों का सहयोग से उसे जंजीर से मुक्त कराया। वहीं पीएलवी कार्तिक गोप ने बताया कि विक्षिप्त को जंजीर मुक्त किया गया एवं एक दो दिन के अंदर सिविल कोर्ट सरायकेला के सचिव से मिलकर इलाज हेतु रिन पास रांची भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि विक्षिप्त का समुचित इलाज कराया जायेगा।

## पीपीके कॉलेज बुंडू में फेयरवेल का आयोजन



बुंडू (आजाद सिपाही)। पीपीके कॉलेज बुंडू में शनिवार को अंग्रेजी विभाग के एमए सेमेस्टर 4 विद्यार्थियों के द्वारा फेयरवेल पार्टी रखी गयी, जिसमें अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो डॉ सुमंत कुमार झा सभी विद्यार्थियों की सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पूर्व विभागाध्यक्ष हंस कुमार, रोहित सर, सुषमा उरांव, कल्याण उरांव, सोनी कुमारी, सुरेंद्र राम को बुके देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विनय आदित्य रिया पूजा सलोनी गौतम मुस्कान उजमा आदि छात्र उपस्थित थे।

## सोनाहातू में प्रेम प्रदीप और मुरी ओपी में गगन कुमार ठाकुर ने नये थाना प्रभारी के रूप में दिया यागदान



सोनाहातू के नये थाना प्रभारी प्रेम प्रदीप कुमार प्रभार लेते हुए।



मुरी ओपी के नये थाना प्रभारी के रूप में गगन कुमार ठाकुर प्रभार लेते हुए।

सोनाहातू/मुरी (आजाद सिपाही)। थाना में सादे समारोह में नये थाना प्रभारी प्रेम प्रदीप कुमार ने योगदान दिया। योगदान के अवसर पर निवर्तमान थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर नये थाना प्रभारी प्रेम प्रदीप कुमार ने कहा कि जनआकांक्षाओं के अनुरूप काम करना प्राथमिकता होगी। जनता और पुलिस के बीच मैत्री कायम होगी। वहीं मुरी ओपी के नये प्रभारी के रूप में गगन कुमार ठाकुर ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। उनका स्वागत गुलदस्ता देकर प्रभारी कुंदन कुमार ने किया। मौके पर प्रभारी गगन कुमार ठाकुर ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता विधि व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करना है साथ ही साथ ग्रामीणों की सेवा के लिए 24 घंटा तत्पर रहेंगे। वहीं प्रशासन एवं ग्रामीणों में आपस में तालमेल बनाकर चलना एवं उनकी समस्या का निदान करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। वह इसके पूर्व में लातेहार जिले के बालूमाथ थाना में पदस्थापित थे। इसके पूर्व में मुरी ओपी में कुंदन कुमार प्रभारी के रूप में योगदान दिए थे। उनका स्थानांतरण रांची पुलिस लाइन में हुआ है।

## 9 अगस्त से केडीएच में 41वीं चैलेंजर फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित होगी



खलारी (आजाद सिपाही)। रैंबो क्लब केडीएच में 41वां चैलेंजर फुटबॉल का प्रतियोगिता का आयोजन 9 अगस्त से किया जायेगा। प्रतियोगिता को लेकर शनिवार को बैठक कर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रकाश महतो, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर साहू, सचिव राजकुमार मुंडा, सह सचिव अशोक भुइया, कोषाध्यक्ष इंद्रदेव ठाकुर, उप कोषाध्यक्ष, गोविंद कुमार को बनाया गया। जबकि मुख्य संरक्षक के रूप में क्लब के वरिष्ठ सदस्य राजू सिंह का चयन किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में सुनील केवट, रोहन बेदिया, अंकित कुमार, प्रकाश शर्मा, राजीव, अजय चौहान, अमन शर्मा, अजय प्रजापति, महेंद्र गंझू, अजय गंझू, प्रदीप गंझू, राज बहादुर, रजत उरांव, सुधांशु ठाकुर, हरि मुंडा, टिंकू,शनि उरांव, रवि बेदिया, संतोष गंझु, प्रकाश दास, पवन सिंह, रवि भुइयां, चुन्नू भगत, पप्पू सिंह, करण कुमार, रवि नाहक, आर्यन सिंह, लालू, रवि गोलू, अमन भुइयां, अंकित सिंह, रंजीत कुमार सहित कई लोगों का चयन किया गया।

### सांसद और पूर्व सांसद ने किया तड़ित चालक यंत्र का उद्घाटन

# तड़ित चालक यंत्र लगने से जानमाल की हानि पर लगेगा अंकुश : प्रो आदित्य साहू

## बारिश में लोग पेड़-पौधों के नीचे जाने से परहेज करें : रामटहल चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



तड़ित चालक यंत्र का उद्घाटन करते राज्यसभा सांसद आदित्य साहू एवं अन्य।

**ओरमांझी।** राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू के फंड से चाड़ू पंचायत के विभिन्न गांवों में लगाये गये तड़ित चालक यंत्र का शनिवार को खुद आदित्य साहू एवं पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद ने कहा कि चाड़ू के नगड़ू, ऊपर नगड़ू, चाड़ू, खलारी एवं रोहनडीह में अक्सर वज्रपात की घटना होती रहती है। जिससे कई लोगों की जान जा चुकी है। यहां के ग्रामीणों ने इस समस्या से उन्हें अवगत कराया था। इसके बाद मामले को संज्ञान में लेते हुए चाड़ू पंचायत के विभिन्न गांवों में तड़ित चालक यंत्र लगवाया गया है। इस तड़ित चालक कि निष्क्रिय दूरी 500 मीटर होगी। तड़ित चालक यंत्र लगने से इस क्षेत्र में वज्रपात की घटना कम होगी। जिससे जान-माल की हानी नहीं होगी। उधर, चड़ू में तड़ित चालक यंत्र लगने से ग्रामीणों में उत्साह दिखा। वहीं, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि बारिश के मौसम में बड़े पेड़ के नीचे ना जायें। उसकी जगह किसी सुरक्षित एवं सूखे जगह पर शरण लें। जगह के साथ बारिश हो तो महिलाएं खेत में जाने से परहेज करें। इस मौके पर मनोज वाजपेयी, अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेंद्र शाही, धीरज विनय महतो, रितेश ओरांव, प्रीतम साहू, अलख नाथ महतो, सुनील महतो, राज धाम साहू, शंकर महतो, बालक महतो, दीपक यादव, जयलाल करमाली, पहलाद महतो, उप मुखिया प्रीतम महतो, चंद्रदेव महतो, गणेश महतो, रिव्यू महतो, बालों देवी सुनीता देवी, सीता देवी, सुरंती देवी देवती देवी और वीरेंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए सभी प्रखंडों में आयोजित की जायेगी क्विज प्रतियोगिता : बंधु तिर्की

**एसएस प्लस टू हाई स्कूल में हुई मांडर विधानसभा स्तरीय शिक्षकों-पदाधिकारियों की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



बेड़ो में आयोजित बैठक में मौजूद पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, शिक्षक एवं पदाधिकारी।

**बेड़ो।** शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक प्रगति के लिए मांडर विधानसभा क्षेत्र के पांचों प्रखंड बेड़ो, चान्हों, लापुंग, इटकी एवं मांडर प्रखंड के प्रधानाध्यापकों और शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों की शनिवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एचएम हेनरियता मिंज और संचालन देवनिश तिग्गा ने किया। इसमें सभी हाई स्कूलों के शिक्षण व्यवस्था में परिवर्तन लाने एवं छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर राज्य का पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि सभी प्रखंडों में छात्र-छात्राओं के बेहतर भविष्य के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रथम चरण में नौंवी से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं की परीक्षा ली जाएगी। यह एक उच्च स्तर की क्विज प्रतियोगिता होगी। इसके माध्यम से बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए तैयार किया जाएगा। इसके लिए 18 अगस्त तक फॉर्म भरना और जमा करना अनिवार्य होगा। पांच सितंबर को प्रतियोगिता में सफल बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने सभी हाई स्कूल के प्रधान शिक्षकों से मैट्रिक की परीक्षा के रिजल्ट के संदर्भ में आवश्यक जानकारी ली। इस मौके पर बेड़ो के सीओ प्रताप मिंज, बेड़ो, लापुंग, इटकी मांडर और चान्हो प्रखंड की बीइओ शांति मुनी तिर्की, सीमा कुमारी, कल्पना तांती, बेड़ो के उप प्रमुख मोदस्सीर हक, प्रो करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि नवल किशोर सिंह, क्विज प्रतियोगिता के प्रभारी प्रो रितेश सिंह, सह प्रभारी देवनिश तिग्गा, पंचु मिंज, मो मीर मुस्लिम हुसैन, एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका हेनरिता मिंज, अजय लकड़ा एवं देव कुमार आदि मौजूद थे।

# करंट लगने से युवक की मौत, ग्रामीणों का हंगामा

**सीएचसी के चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही का आरोप**



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में तत्काल प्राथमिक उपचार नहीं मिलने से एक युवक की मौत हो गयी। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने शनिवार को घंटों हंगामा किया। गुस्साए ग्रामीण ड्यूटी में उपस्थित चिकित्सकों को मौके पर बुलाने और उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की मांग कर रहे थे। बाद में प्रशासन ने संबंधित चिकित्सकों पर समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए। जानकारी के मुताबिक बेड़वारी में शनिवार की दोपहर दो बजे करंट लगने से दीपक शर्मा (43) नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन उसे इलाज के लिए तुरंत सीएचसी ले गये। दीपक की पत्नी स्वीटी देवी एवं ग्रामीणों का आरोप है कि सीएचसी में उसका प्राथमिक उपचार किए बिना ही रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। समय पर इलाज नहीं मिलने से उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर इलाज हो जाता तो उसकी जान बच सकती थी। परिजनों ने बताया कि दीपक बेड़वारी स्थित अपने घर में लगे इन्वर्टर की खराबी को ठीक कर रहा था, तभी करंट का झटका लगा, जिससे उसका सिर पलंग के कोने से जा टकराया और सिर फट गया था। परिजन सीएचसी से रिम्स रेफर किये जाने के बाद उसे लेकर मेडिका अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में आक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ सीएचसी का घेराव कर दिया। उधरस हंगामे की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे बीडीओ जयपाल सोय, सीओ राजू कमल, थाना प्रभारी हीरालाल साह एवं चिकित्सा प्रभारी डॉ शशिप्रभा ने ग्रामीणों से वार्ता की। साथ ही इलाज में लापरवाही बरतने वाली चिकित्सक डॉ स्वाति कुमार और डॉ शालेन मिंज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग पर अड़े थे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की। बाद में मृतक की पत्नी द्वारा दोनों चिकित्सकों के विरुद्ध लिखित शिकायत थाना प्रभारी को सौंपा गयी। इधर, अनगड़ा पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर डॉ स्वाति कुमार एवं डॉ शालेन मिंज के विरुद्ध कांड संख्या 117/2025 अंकित कर लिया है। मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, सुरेंद्र महतो, समाजसेवी रामपोदो महतो, जलेश्वर महतो उर्फ मार्शल, विश्राम महतो, डॉ रिझू नायक, जगन्नाथ महतो, ज्योतिष महतो, शिवशंकर केसरी, नीलकंठ चौधरी आदि मौजूद थे।

## पत्रकार को मातृशोक, केंद्रीय मंत्री ने जताया शोक



**बुढ़मू/ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पत्रकार रजनीकांत उर्फ राजू चौबे की मां जयंती देवी का शनिवार तड़के नाउज स्थित आवास पर हृदय गति रूकने से आकस्मिक निधन हो गया। वह 75 साल की थीं। मृतका पिछले एक महीने से बीमार थी। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी के मणिकर्णिका घाट में देर शाम किया गया। जयंती देवी के निधन पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सुरेश बैठा, विधयाक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, पत्रकार कालीचरण साहू, रामाशीष पांडेय, रंगनाथ चौबे, चंद्रकांत गिरि, रविंद्र साहू, मनोज कुमार साहू, सुदीप सिंह, विजय मिश्रा, दिलीप सोनी, पंकज सिंह, भोला प्रसाद और अन्नु साहू आदि ने शोक प्रकट किया है।

## लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल के छात्र सृजन कुमार का इंटर्नशिप के लिए चयन





**रातू (आजाद सिपाही)।** लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल के छात्र सृजन कुमार ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम के बल पर पूरे राज्य को गौरवान्वित किया है। वह आठवीं का छात्र है। उसे आईआईटी बॉम्बे में आयोजित एक सप्ताह की प्रतिष्ठित इंटर्नशिप के लिए आमंत्रित किया गया। सृजन झारखंड के केवल दो छात्रों में शामिल हैं जिन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ है और देशभर के केवल 68 विद्यार्थियों में से एक हैं जिनका चयन इंटर्नशिप के लिए हुआ। यह चयन विद्यार्थी विज्ञान मंथन भीभीएम के तहत हुआ, जिसमें करीब दो लाख छात्रों ने भाग लिया था। सृजन ने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं को सफलतापूर्वक पार करते हुए इस मुकाम को हासिल किया। सृजन आईआईटी निदेशकों, वरिष्ठ प्रोफेसरों और वैज्ञानिकों के व्याख्यानों में भाग लिया। प्रयोगशालाओं में वास्तविक वैज्ञानिक प्रयोग किए और देश के प्रमुख अनुसंधान संस्थानों का भ्रमण किया। इसकी सफलता पर लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल ने हर्ष व्यक्त किया है। कहा कि सृजन कुमार की यह उपलब्धि न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश के छात्रों के लिए एक प्रेरणा है।

## डीएवी स्कूल अंडर-19 की खो-खो टीम बनी उपविजेता

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के अंडर-19 खो-खो की टीम ने सीबीएसइ क्लस्टर-3 प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। गिरिडीह स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में बिहार और झारखंड की कुल 78 टीमों ने भाग लिया था। डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल की लड़कियों की अंडर-19 टीम ने पूरे प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और फाइनल में अपनी जगह बनाई। यह उपलब्धि स्कूल के लिए इसलिए भी बेहद खास है क्योंकि यह पहली बार था जब स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई खो-खो प्रतियोगिता में भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल की छात्रा विद्या कुमारी को बेस्ट चेजर का पुरस्कार दिया गया। वहीं, प्रधानाचार्य कैलाश कुमार ने टीम के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने टीम के साथ गये शिक्षकों जयंतो चौधरी, आरती कुमारी और लक्ष्मी उरांव की भी सराहना की।

## सर जेसी अकादमी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्थापना दिवस

**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** ठाकुरगांव स्थित सर जेसी अकादमी स्कूल में शनिवार को संस्थान का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्थापक स्व जनार्दन चौबे की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने स्व जनार्दन चौबे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने प्रकृति, पर्यावरण एवं अपनी संस्कृति पर कार्यक्रम पेश करते हुए शिक्षा-पर्यावरण को बढ़ावा देने पर बल दिया। इस दौरान पौधों के संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में रांची के पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी के अलावा बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार भी शामिल हुए। उन्होंने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि बुढ़मू जैसे क्षेत्र में उक्त विद्यालय बच्चों के लिए भविष्य में मिल का पत्थर साबित होगा। यह शिक्षा संस्कार के साथ ही कौशल विकास के लिए सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान है, जो सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए समर्पित है। उधर, कार्यक्रम के बाद 750 से अधिक समाज के जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। इस दौरान हिंदुस्तान ओलिंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सब इंस्पेक्टर स्पेशल ब्रांच त्रिदेव कुमार, सब इंस्पेक्टर प्रभात कुमार और अरविंद की ओर से प्रमाणपत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। वहीं, विद्यालय के पूर्व प्रबंधन ने सभी अतिथियो को एक-एक पौधा भेंट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर नक्सलवाद पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए रांची में सम्मानित होने वाले बुढ़मू के युवा थानेदार रितेश कुमार एवं शिक्षा पर बेहतर कार्य करने के लिए असम के गुवाहाटी में सम्मानित सर जेसी अकादमी स्कूल के संयोजक अखिलेश चतुर्वेदी को पौधा एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया किया गया। इसमें पत्रकार सुदीप सिंह, पत्रकार विजय मिश्रा, दिलीप सोनी, पंकज सिंह, महिला नेत्री पार्वती देवी, डॉ मदन, विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, निलाई कॉलेज के चैयरमेन भीम सिंह मुंडा शामिल रहे।

## नीरजा सहाय डीएवी में डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर-2 का आगाज

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में क्लस्टर-2 के तत्वावधान में दो दिवसीय खेल प्रतिस्पर्धा का शनिवार को शानदार आगाज हुआ। इसके अंतर्गत विद्यालय में खो-खो, वॉलीबाल और हैंडबॉल खेलों का आयोजन हो रहा है। इनमें झारखंड क्लस्टर-2 के 10 स्कूलों के करीब 594 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर प्राचार्या किरण यादव ने उद्घाटन समारोह में आये अतिथियों का स्वागत किया। कहा कि खेलों के इस महाकुंभ में शामिल खिलाड़ी सहयोग, संगठन, भाईचारा अनुशासन आदि सीखकर जाएंगे। खेल हमारे सर्वांगीण विकास में मुख्य भूमिका निभाता हैं। खेल ही है जो हमारा चरित्र उज्ज्वल और शरीर स्वस्थ बनाने में सहायक होते हैं। प्राचार्या ने खिलाड़ियों को खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## जर्जर सड़क को ठीक कराने की मांग को लेकर राज्यसभा सांसद से मुलाकात



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** काली नगर बरगावां की महिलाएं इन दिनों बरगावां पंचायत में जर्जर सड़क को लेकर काफी परेशान है। इस समस्या को लेकर महिलाओं ने शनिवार को भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर और मंडल उपाध्यक्ष पुष्पा चौधरी के नेतृत्व में राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य साहू से मुलाकात की। बताते चलें कि बरगावां कालीनगर की जनसंख्या का घनत्व काफी ज्यादा है, कई सड़कें जर्जर हालात में है। गर्मी के दिनों में तो किसी तरह काम चल जाता है, लेकिन बरसात में रास्ता चलना दुभर हो गया है। इस वर्ष लगातार हो रही बारिश से सड़क की स्थिति नारकीय हो गयी है। बच्चों के स्कूल आने जाने, लोगों के घर से निकलना दुशवार हो गया। परिस्थिति से तंग आकर कालीनगर की महिलाएं ने अपनी समस्या को लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर एवं मंडल अध्यक्ष पुष्पा चौधरी के साथ आवेदन तैयार कर राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य साहू के आवास पहुंचे। सांसद ने इनकी समस्या को सुनकर जल्द ही समाधान और सड़क की समस्या से निजात दिलाने का भरोसा दिया। मुलाकात करने वालों में नेहा सिंह, पुष्पा चौधरी, धर्मशीला देवी, शिवकुमार यादव, सोनी सिंह, मुन्नी देवी, रूबी देवी, सुनिता देवी, पूजा देवी, कामिनी सिंह, पूनम सिंह, कुंती देवी, मंजू देवी, सुमित्रा देवी आदि शामिल थे।

## दुष्कर्म का दो साल से फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** पूर्व से लंबित चल रहे केशों के निष्पादन को लेकर वरिय अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत नरकोपी पुलिस ने बेड़ो पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार राम के निर्देश में दो साल से फरार चल रहे दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया। उसकी पहचान सुनील कुमार (35) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के तितावी थाना क्षेत्र के लाडवा गांव का रहने वाला है। पुलिस की मानें तो वह पिछले दो साल से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत थी। उसकी गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी नागेश्वर साव के नेतृत्व में एएसआई रामनगीना प्रसाद, हवलदार जय कृष्ण राम के साथ गठित टीम ने 17 जुलाई को उसे गिरफ्तार किया था।

## लापुंग के नये प्रभारी ने संभाला पदभार

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** थाना के नए थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता विधि व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करना है। ग्रामीणों और पीड़ितों से अपील की कि वे अपने काम के लिए खुद उनसे आकर मिलें। जनता की सेवा के लिए वे 24 घंटे तत्पर रहेगें।

## किसानों के बीच मूंगफली के बीज का वितरण



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता (कृषि प्रभाग) विभाग की ओर से संचालित बिरसा फसल विस्तार योजनांतर्गत साहेर पंचायत के के पलांडू गांव के 30 किसानों के बीच कुल 300 किलो मुंगफली के बीज का वितरण किया गया। इस मौके पर उपस्थित जिप सदस्य पूनम देवी, उप प्रमुख अफसाना परवीन, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक वरदानी लकड़ा, सलाहकार समिति के अध्यक्ष बजरंग महतो ने कहा कि सरकार किसानों के लिए कई लाभकारी योजनाएं चला रही हैं। बस जागरूक होकर इन योजनाओं का लाभ उठाएं। वक्ताओं ने किसानों से जैविक खेती पर विशेष ध्यान देने की अपीस की। मौके पर किसान विजय महतो, उषा देवी, छोटू महतो, विजय तिर्की, विनोद कच्छप, बिरसा उरांव, लीलावती देवी, सावरो देवी, सीता देवी, डोली देवी, रेसिला देवी, सीता राम महतो, बैजनाध महतो, मुकेश महतो, हरिशचंद्र महतो, उमेश महतो और जलधर महतो आदि उपस्थित थे।

## नये थाना प्रभारी से मिल कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील



**पिस्का नगड़ी (आजाद सिपाही)।** झामुमो नेताओं ने शनिवार को नये थाना प्रभारी से शिष्टाचार मुलाकात की। वहीं, थाना प्रभारी ने क्षेत्र की जनता से सहयोग की अपील की। वहीं, विनोद तिर्की ने कहा कि नये थाना प्रभारी से उम्मीद है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कामय रखने की पूरी कोशिश करें। पुलिस प्रशासन संदिग्ध व्यक्ति दबाव बनाए रखे और जनता की उचित काम को जल्द कराए। इस मौके पर दानियल एक्का, राखी देवी, राजेंद्र महतो, सुरेश महतो, वरुण कुमार महतो, तस्लीम अंसारी, रेयाजुल अंसारी, रंजन हेमरोम, नौशाद अंसारी, सुकरमनी देवी, सोमारी उरांव, सरिता देवी, सफीक अंसारी, नसीम अंसारी, खुर्शीद अंसारी, शमशाद अंसारी, रईब अंसारी, अशोक केसरी, मुद्रसीत अंसारी आदि उपस्थित थे।

### शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए गठित छात्र परिषद का अलंकरण समारोह संपन्न

# छात्र परिषद का गठन छात्रों को आत्मनिर्भर और निर्णयक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है : जैलेंद्र कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** जसपुरिया पब्लिक स्कूल बीसा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए गठित छात्र परिषद के अलंकरण समारोह का शनिवार को भव्य आयोजन हुआ। इसका उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व का बोध और आत्मनिर्भरता की भावना को प्रोत्साहित करना था। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जसपुरिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन जैलेंद्र कुमार के अलावा जसपुरिया बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद नवगठित छात्र परिषद के सदस्यों को उनके-अपने पदों की औपचारिक घोषणा के साथ कर्तव्य एवं निष्ठा की शपथ दिलाई गई। नव गठित छात्र पदाधिकारियों में हेड बॉय अंकित महतो, हेड गर्ल मेघा कुमारी, वाइस हेड बॉय सूरज मुंडा, वाइस हेड गर्लः निक्की कुमारी, हाउसवार छात्र प्रतिनिधि में **महाराणा हाउस** के कप्तान वाल्मीकि बेदिया (कक्षा-6), वाइस हेड गर्ल, सुरभि कुमारी (कक्षा-7), सांस्कृतिक सचिव स्मृति कुमारी (कक्षा-5), अनुशासन सचिव संदर्भ उपाध्याय (कक्षा-8), साहित्यिक सचिव सूरज महतो (कक्षा-6), खेल सचिव प्रदीप बेदिया (कक्षा-6), **शिवाजी हाउस** के कप्तान सूरज उरांव (कक्षा-5), उपकप्तान खुशी कुमारी (कक्षा-6), सांस्कृतिक सचिव अनु कुमारी, अनुशासन सचिव आकाश महतो, साहित्यिक सचिव अमन महतो, खेल सचिव प्रीति उरांव, **पोरस हाउस के** कप्तान ईश्वर महतो, उपकप्तान श्रेया मुंडा, सांस्कृतिक सचिव पूजा कुमारी, अनुशासन सचिव नमन मुंडा, साहित्यिक सचिव अनन्या कुमारी और खेल सचिव प्रह्लाद बड़ाइक, **अशोक हाउस** के कप्तान लव्यान्श महतो, उपकप्तान ईशा कुमारी, सांस्कृतिक सचिव पाखी कुमारी, अनुशासन सचिव कुलदीप भोगता, साहित्यिक सचिव परी कुमारी गुप्ता और खेल सचिव ऋतिक महतो को बनाया गया है। इस अवसर पर जैलेंद्र कुमार ने कहा कि नेतृत्व केवल पद का नाम नहीं, बल्कि यह उत्तरदायित्व, अनुशासन और सेवा भावना की कसौटी है। छात्र परिषद का गठन छात्रों को आत्मनिर्भर और निर्णयक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रश्मि सिंह मुंडा एवं देव नारायण साहू ने किया। इस मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिका रोहित कुमार महतो, रवि कुमार, नीतू प्रिया एक्का, प्रियंका बड़ाईक, प्रीति बड़ाईक, संध्या कुमारी, मल्लिका कुमारी, वीरेंद्र हजाम, फूलो देवी, अनन्या बड़ाईक, बसंती बड़ाईक, स्वेता बड़ाईक एवं नाजिर खान आदि उपस्थित रहे।

## कैंपस सेलेक्शन ड्राइव का आयोजन



**मांडर (आजाद सिपाही)।** भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शनिवार को कैंपस सेलेक्शन ड्राइव का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय की शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्य डॉ दिपाली पराशर एवं प्लेसमेंन्ट इंचार्ज राकेश कुमार राय ने किया। अपने संबोधन में डॉ पराशर ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ ही रोजगार का अवसर उपलब्ध कराना हमारे महाविद्यालय का लक्ष्य है। इस कार्यक्रम में लगभग 12 विद्यालय ने भाग लिया। विद्यालयों की ओर से साक्षात्कार लिए गए छात्र-छात्राओं का अंतिम रूप से चयन कर इसकी सूची महाविद्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर ऑक्सब्रीज स्कूल, वंडरलैंड स्कूल, बाघवार एकेडमी, चान्हों, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, चान्हों, ब्राइट फ्यूचर स्कूल, चान्हों, स्मार्ट पब्लिक स्कूल, चान्हो, सनराईज पब्लिक स्कूल आदि ने हिस्सा लिया।

## नये थाना प्रभारी ने ग्रहण किया पदभार

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** थाना के नये थाना प्रभारी पुअनि सिद्धांत ने पदभार ग्रहण कर लिया। विदित हो कि डीआइजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने पूर्व थाना प्रभारी विनित कुमार का तबादला पुलिस केंद्र कर दिया है। इस मौके पर थाना प्रभारी सिद्धांत ने कहा कि क्षेत्र को अपराध मुक्त करना उनका पहला लक्ष्य है। कहा कि अवैध कार्य करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। मौके पर पुअनि दिलीप कुमार, अरविंद कुमार, जमादार सुरेश दास और अरुण कुमार आदि मौजूद थे।

# नाबालिग से गैंगरेप के तीन आरोपी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र में नाबालिक से गैंगरेप के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला 17 जुलाई का है। पुलिस को 18 जुलाई को गुप्त सूचना मिली थी इसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुमला के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। दल में थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली पुलिस अवर निरीक्षक विनय कुमार महतो बबीता कुमारी और सशस्त्र बल शामिल थे। शाम 6:45 बजे छपारी दल ने चेटर मैदान के पास स्थित अनूप उरांव के घर पर दबिश दी, अनुप उरांव को घर में मौजूद पाया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि पंकज उरांव और बलराम महतो ने मिलकर एक नाबालिग लड़की को सुनसान जगह पर झाड़ियां के पास ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया है फिर उसे चेटर मैदान के पास छोड़ दिया था। अनूप उरांव को मौके पर गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चेटन मैदान पहुंची। वहां दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। सशक्त बल की मदद से दोनों को पकड़ लिया गया। पूछताछ पर उन्होंने अपने नाम 27 वर्षीय पंकज उरांव 30 वर्षीय बलराम महतो बताया। दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। पुलिस ने घटना स्थल से एक काले नारंगी रंग की होंडा स्कूटी भी बरामद किया है। वहीं छात्रा का मेडिकल कराया गया। शनिवार दिन के 2:00 बजे एसडीपीओ कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता के बाद सभी को जेल भेज दिया गया।

# अंबोआ में सड़क की समस्या होगी दूरः अभिनव



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सांसद सुखदेव भगत के निर्देशानुसारयुवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव भगत एवं सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा ने अंबवा पंचायत का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने खराब सड़कों का निरीक्षण किया एवं लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। अभिनव भगत ने कहा की जल्द अम्बवा में सड़क की समस्या का होगा समाधान यहां की समस्या सांसद महोदय के संज्ञान में है। सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा ने कहा कि अंम्बवा पंचायत के ग्रामीणों ने सड़क की समस्या को लेकर सांसद से गुहार लगाई थी। सांसद ने संज्ञान लिया। शनिवार को पुरी टीम को जनता की समस्याओं से अवगत होने के लिए भेजा है। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि ने ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता से बात की साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी से बरसात में आवागमन के वैकल्पिक व्यवस्था देने के लिए भी दुरभाष पर बात की। इस दौरान मुख्य रूप से निगरानी सदस्य रूपेश कुमार, प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, आजाद अंसारी, यासीन अंसारी, सलमान अंसारी, फिरोज, मुजाहिर, ईद उल अंसारी, मनसुब, मंजूरी, मकसूद, रहमान, इबरार सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# नागरिक सुविधाओं से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों की जांच हो : सुरेश यादव

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड जेनरल कामगार यूनियन ने खनन कंपनियों की विभिन्न अनियमितताओं के साथ-साथ इन कंपनियों के द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कराये जाने वाले नागरिक सुविधाओं से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों की भी जांच की मांग की है। इस संबंध में यूनियन के केंद्रीय सह जिला सचिव सुरेश प्रसाद यादव ने कहा है कि खनन कंपनियां कागजी तौर पर विकास कार्यों का प्रतिवेदन और आंकड़े जिला को देती रहती हैं, लेकिन धरातल पर नागरिक सुविधाएं नजर नहीं आती हैं। यदि प्रति वर्ष सीएसआर के जरिये लाखों रूपैये खर्च होते हैं तो खनन प्रभावित क्षेत्रों का कायाकल्प आखिर क्यों नहीं हो पा रहा है। उन्होंने उपायुक्त से मांग की है कि खनन कंपनियों के द्वारा दिये गये आंकड़ों की उच्च स्तरीय भौतिक रूप से जांच करायी जाय।

## गुमला और घाघरा क्षेत्र में आसमानी बिजली का कहर

# वज्रपात से एक महिला की मौत, आठ गंभीर रूप से घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला व घाघरा थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में शनिवार को आसमानी बिजली का कहर देखने को मिला। वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक घाघरा थाना क्षेत्र के बरांग गांव निवासी स्नेहा कुमारी धान रोप कर घर लौट रही थी साथ में अन्य महिलाएं भी पीछे-पीछे थीं, तभी अचानक बिजली चमका और वज्रपात हुआ, जिसमें स्नेहा जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयीं। परिजनों ने उसे गोबर में 15 मिनट तक रखा, इसके बाद उसे चींटी काटने लगे, तब उसे गोबर से बाहर निकाला गया।

वहीं गुमला थाना क्षेत्र के कतरी गांव निवासी 55 वर्षीय नेभी देवी और 40 वर्षीय देवंती देवी के ऊपर आसमानी बिजली गिरी। दोनों सास बहू धान रोपकर घर लौट रही थीं। शरीर में तेज जलन होने पर घरवालों ने गोबर का लेप लगाया। फिर बोलेरो से सदर अस्पताल लाये।

कोटाम पंचायत के चूहरू गांव निवासी 14 वर्षीय पुष्पा कुमारी और 18 वर्षीय वर्षा कुमारी रोपा रोपने के बाद साथ में घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में वज्रपात की चपेट में आ गये। उन्हें आधे घंटे गोबर में ढका गया, जिसके बाद जलन कम होने पर अस्पताल लाया गया।

पनसो गांव निवासी 25 वर्षीय खुशबू देवी धान रोपकर घर लौट रहीं थीं तभी वज्रपात की चपेट में आ गयीं। जबकि हेठ जोरी निवासी 14 वर्षीय सलोनी कुमारी भी वज्रपात की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गयीं।

इधर बसुआ अंबा टोली गांव निवासी 28 वर्षीय सुमंती देवी और 55 वर्षीय ललकी देवी धान रोप कर घर लौटने के क्रम में आसमानी बिजली ने अपनी चपेट में ले लिया। सुमंती गंभीर रूप से घायल हो गयीं, जबकि ललकी देवी की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। शनिवार की शाम 6 बजे सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया जहां सभी का इलाज चल रहा है।

# फोरलेन सिसई में पिकअप वाहन और दो लाख के समान की लूट का उद्भेदन, चार अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिला के सिसई थाना क्षेत्र के फोरलेन में बीते 12 जुलाई को रात्रि करीब 9:15 बजे लाल पंडरिया स्थित बाईपास सड़क पर एक सफेद रंग का पिकअप जिस पर राशन का सामान लदा हुआ था , जो गुमला आ रहा था उसी समय एक बोलेरो से आये अज्ञात लोगों के द्वारा पिकअप चालक को लाठी डंडे से मारपीट करते हुए पिकअप और को लूट लिया गया। इस संबंध में चालक दिलीप सिंह ने सिसई थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा एक टीम का गठन किया गया। 18 जुलाई को पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली कि बेड़ो थाना क्षेत्र में चार संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया है, वे लोग एक सफेद रंग के बोलेरो वाहन का प्रयोग कर भाग रहे थे। चारों व्यक्तियों को पकड़ कर पूछने पर घटना में 6 अपराध कर्मी के शामिल होने की बात बतायी। पकड़े गये अपराधियों की निशान देही पर घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन और लूट कांड में लूटी गयी पिकअप वाहन साथ ही किराना के समान को बरामद किया गया। वहीं बेड़ा थाना क्षेत्र के हुलसी गांव निवासी 28 वर्षीय पुने उरांव मासू गांव निवासी 34 वर्षीय कालेश्वर गोप उर्फ क्लेश गोप जरिया सिंगवार टोली निवासी 26 वर्षीय मनोज उरांव और कटर माली गांव निवासी 38 वर्षीय मनोज महली को गिरफ्तार किया गया। चारों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। वहीं मनोज उरांव का आपराधिक इतिहास रहा है, उस पर लूट हत्या और आर्म्स एक्ट के 9 मामले बेड़े थाना में दर्ज हैं। वहीं पुनई उरांव का भी आपराधिक इतिहास रहा है बेड़ो थाना में लूट रंगदारी और हत्या के तीन मामले दर्ज हैं। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव पुलिस निरीक्षक सिसई सुरेंद्र कुमार सिंह थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह अजय कुमार दास, अजय कुमार, प्रमोद कुमार, आशीष कुमार, तकनीकी शाखा की टीम के साथ सिसई थाना के सशक्त बल शामिल थे। शनिवार दिन के ढाई बजे एसडीपीओ कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता के बाद चारों अपराधी को जेल भेज दिया गया।

# उपायुक्त ने की समस्याओं की सुनवाई मौके पर ही 116 मामलों का हुआ निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की पहल से जिले में प्रत्येक शनिवार को अंचल दिवस का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आमजन की जमीन, म्यूटेशन, प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अन्य समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही सुनिश्चित हो सके। इसी क्रम में आज गुमला अंचल कार्यालय में विशेष अंचल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने स्वयं भाग लिया और सभी आवेदकों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए समस्याओं की जानकारी ली। आयोजित कार्यक्रम में जमीन विवाद, म्यूटेशन, सामाजिक सुरक्षा, प्रमाण पत्र से जुड़े कई प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में नागरिक पहुंचे और अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने न सिर्फ सभी आवेदनों को गंभीरता से सुना, बल्कि जिन मामलों का निपटारा मौके पर संभव था, उनका निष्पादन भी सुनिश्चित किया गया। उपायुक्त ने पारिवारिक व आपसी भूमि विवादों के संबंध में आवेदकों को बताया कि ऐसे मामलों के समाधान हेतु जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक माह की 26 तारीख को थाना दिवस का आयोजन किया जाता है।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने यह महत्वपूर्ण घोषणा भी की कि अंचल दिवस का स्वरूप अब और व्यापक होगा। उन्होंने कहा कि अब हम अंचल दिवस को एक समग्र समाधान मंच के रूप में विस्तारित कर रहे हैं। इसमें सिर्फ जमीन से जुड़ी समस्याएं नहीं, बल्कि बैंक खातों के फ्रीज होने, चापाकल की मरम्मती, जैसे मुद्दों को भी शामिल किया जायेगा। आगामी अंचल दिवस अब 'संपूर्ण लोक समस्या निवारण दिवस' के नाम से जाना जायेगा। कार्यक्रम के दौरान कुल 151 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 116 मामलों का निपटारा मौके पर ही किया गया। जबकि शेष 35 मामलों की जांच कर शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम में जिन आवेदनों का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया, उनमें भू-धारण प्रमाण पत्र के 5 में से 5, भूमि सत्यापन प्रतिवेदन 10 में से 10, एनसीएल प्रमाण पत्र 7 में से 7, ओबीसी प्रमाण पत्र 7 में से 7, पारिवारिक सूची 25 में से 18, पंजी-क्क सुधार 65 में से 51, सामाजिक सुरक्षा पेंशन 20 में से 18 मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं भूमि विवाद, प्राकृतिक आपदा और विविध मामलों में भी प्रशासन ने यथाशीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। उपायुक्त द्वारा मौके पर ही 54 विभिन्न प्रकार के स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई विशेष बैठक, 23 जुलाई को आयोजित होगी 'डिजिटल रक्षा पाठशाला'

# डिजिटल साक्षरता को जनजागरूकता से जोड़ना बेहद जरूरी है : उपायुक्त

**500 से अधिक लोगों को मिलेगा प्रशिक्षण, युवाओं को डिजिटल धोखाधड़ी और फेक न्यूज से बचाव की दी जायेगी जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी एवं फेक न्यूज की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में नागरिकों विशेषकर युवाओं को साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी देना समय की आवश्यकता बन चुकी है। इसी उद्देश्य से उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में डिजिटल रक्षा पाठशाला के आयोजन को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी, तकनीकी व्यवस्थाएं, प्रचार-प्रसार और आयोजन स्थल से संबंधित तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गयी।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि डिजिटल साक्षरता को जनजागरूकता से जोड़ना बेहद जरूरी है। हमारा प्रयास है कि आम नागरिक डिजिटल दुनिया में आत्मनिर्भर बनें और साइबर अपराधों के प्रति सचेत भी रहें।

**कार्यक्रम का आयोजन 23 जुलाई को :** यह विशेष जागरूकता कार्यक्रम 23 जुलाई 2025 को कार्तिक उरांव कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम का समय प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा साइबर सुरक्षा, फेक न्यूज की पहचान, डिजिटल व्यवहार में सतर्कता, और आवश्यक ऐप्स व पोर्टल की जानकारी दी जायेगी।



**प्रथम चरण में 500 से अधिक लोगों को प्रशिक्षण :** कार्यक्रम के पहले चरण में जिले भर के चयनित 500 से अधिक प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया है, जिनमें पंचायत प्रतिनिधि, श्छए, छात्र-छात्राएं, स्वयंसेवी समूहों के सदस्य, समाज कल्याण विभाग के कर्मी, पारा शिक्षक, विद्यालय प्राचार्य, और डिजिटल माध्यम से काम करने वाले कार्मिक शामिल होंगे।

**उपायुक्त ने तैयारियों को लेकर दिए आवश्यक निर्देश :** बैठक में नगर परिषद को आयोजन स्थल की समुचित सफाई सुनिश्चित करने, अनुमंडल पदाधिकारी को पार्किंग और यातायात नियंत्रण व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए शिक्षा विभाग की भूमिका को महत्वपूर्ण माना गया है। सभी उच्च विद्यालयों के प्राचार्य, परा शिक्षक आदि को आमंत्रित किया जायेगा। साथ ही, समाज कल्याण विभाग की ओर से महिला समूहों, किशोरियों, और ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जायेगी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को व्यापक पहुंच देने के लिए पविभिन्न ऐप का इस्तेमाल किया जायेगा, साथ ही सभी प्रखंडों में पोस्टर, बैनर, फ्लेक्स तथा प्रजेंटेशन तैयार कर वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम की सामग्री हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी दोनों रूपों में उपलब्ध कराई जायेगी, ताकि इसे विद्यालयों, पंचायत भवनों और सार्वजनिक स्थलों पर साझा किया जा सके।

# एक दिवसीय संकुल स्तरीय वंदना सह गीत प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में गुमला संकुल के विद्या भारती विद्यालयों की एक दिवसीय संकुल स्तरीय वंदना सह गीत प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य संजय कुमार सिंह की उपस्थिति में गुमला, भरनो तथा सिसई से आए आचार्य व दीदी जी ने मां सरस्वती, ॐ व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप जलाकर व पुष्पार्चन कर किया। प्रशिक्षण वर्ग में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया के अतिरिक्त सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला, सिसई तथा भरनो के 43 भैया बहनों तथा 7आचार्य/दीदी जी ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस प्रशिक्षण वर्ग में विद्यालय की वंदना सभा मे होने वाली गतिविधियों यथा भजन, वंदना, मासिक गीत इत्यादि का भैया/बहनों को अभ्यास करवाया गया, ताकि वर्ष भर विद्यालय की वंदना सभा आकर्षक बनी रहे। आर्शीवचन के रूप में प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने इस तरह के प्रशिक्षणों की आवश्यकता की बात कही।

# बसिया प्रखंड के भागीडेरा में बारिश के कारण गरीब का कच्चा मकान गिरा, मदद की गुहार



**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया प्रखंड के भागीडेरा ग्राम में दीपक साहू का मिट्टी का कच्चा मकान हो रही लगातार बारिश के कारण शनिवार को गिर गया। गनीमत रही कि यह हादसा दिन में हुआ और किसी प्रकार की अनहोनी नहीं हुई। दीपक साहू की पत्नी ने बताया कि हमारा दो रूम का कच्चा मकान है जो बारिश के कारण गिर गया। हमारे चार बच्चे हैं। अब हम लोगों के पास रहने के लिए मकान नहीं है। हर रोज बारिश हो रही है मकान गिरने से खाना बनाने वाले सारे बर्तन भी टूट फूट गये। उसने आगे प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा कि हमारे रहने के वैकल्पिक व्यवस्था की जाये, और घर में कुछ बहुत अनाज है उसे रखने की व्यवस्था की जाये, ताकि हम अपना पेट भर सके।

# स्कॉर्पियो वाहन से छह मवेशी जब्त

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा पुलिस ने अवैध मवेशी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक स्कॉर्पियो वाहन से छह मवेशी जब्त किये हैं। हालांकि, पुलिस को देखते ही चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, घाघरा पुलिस पेट्रोलिंग कर रही थी उसी दौरान चपका के समीप एक खड़ी स्कॉर्पियो वाहन नंबर (खँ05अअ 1171) के समीप कुछ लोग दिखे एवं जब सामने जाकर पुलिस ने पूछताछ करने के लिए गाड़ी रोकी वैसे ही पुलिस को देखकर वो लोग घबरा गये और गाड़ी सड़क किनारे छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गये। पुलिस ने जब वाहन की तलाशी ली, तो उसमें क्रूरतापूर्वक छह मवेशियों को ठूंस-ठूंस कर भरा पाया। पुलिस ने सभी मवेशियों को वाहन से उतारकर थाने ले आयी और उनकी देखभाल की जा रही है। स्कॉर्पियो वाहन को जब्त कर लिया गया है। वहीं पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# चर्म, कुष्ठ, थायरॉयड और गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप गुमला में आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड के सुप्रसिद्ध चर्म, कुष्ठ, थायरॉयड व गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप रविवार को गुमला में रहेंगे। पालकोट रोड स्थित निलेश मेडिकल हॉल में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक वे रोगियों की जांच करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए निलेश मेडिकल हॉल के संचालक दिलीप निलेश ने बताया कि ससमय पहुंच कर रोगी डॉ संदीप से मिल कर रोग संबंधी परामर्श ले सकते हैं।

# अग्निशमन विभाग गुमला मुख्यालय के अधिकारियों ने बच्चों किया जागरूक




**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत अग्निशमन विभाग गुमला मुख्यालय के पदाधिकारी संजय कुमार सिंह, प्रधान अग्नि चालक फिरोज मसरूर, अग्नि चालक बासु कच्छप दिन शनिवार की दोपहर को सिसई पहुंचे। और उन्होंने राजकीयकृत बालक मध्य विद्यालय सिसई में एक संकुल के रसोईया सह सहायिका को गैस सिलेंडर में लगे आग को सुरक्षित तरीके से बुझाने के लिए उपाय बताकर जागरूक किया। साथ ही उन्होंने कहा कि सिलेंडर से गैस का रिसाव होने की जानकारी होने पर बिजली स्विच, मोबाईल फोन को बंद कर, सभी खिड़की दरवाजा को तुरंत खोल देना चाहिए। अग्निशमन विभाग गुमला के द्वारा प्रखंड और जिला के सरकारी गैर सरकारी, शिक्षण संस्थान, नर्सिंग कॉलेज, अन्य प्रशिक्षण संस्थान में पहुंचकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** पंचायत भवन में अग्रगति संस्था द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी संस्था के सेंटर कोऑर्डिनेटर सचीन लकड़ा उपस्थित रहें। बीडीओ ने वित्तीय साक्षरता का उद्देश्य लोगों को बताते हुए कहा कि पैसे, निवेश, और वित्तीय नियोजन के बारे में शिक्षित करना है ताकि वे अपने वित्तीय मामलों को बेहतर ढंग से प्रबंधित कर सकें। यह अभियान लोगों को वित्तीय रूप से स्वतंत्र और सशक्त बनाने में मदद करेगा, जिससे वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेगें। सचीन ने उपस्थित ग्रामीणों को आरबीआई और बैंकिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# घाघरा में चलाया गया चेकिंग अभियान



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना के समीप चालकों के लिए जागरूकता अभियान व मोटरसाईकिल चेकिंग शनिवार को चलाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप के नेतृत्व में मोटरसाइकिल चेकिंग के दौरान 62 लोगों को पकड़ कर यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने को लेकर सड़क सुरक्षा काउंसलिंग किया गया। वहीं पकड़े गये वाहनों का कागजात सुपुर्द नहीं करने पर 54000 दंड राशि वसूल गया। इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से मौजूद लोगों में जिला परिवहन प्राधिकारी राकेश कुमार गोप, मोटरयान निरीक्षक प्रदीप कुमार तिर्की, सड़क सुरक्षा प्रबंधन कुमार प्रभास, सूचना प्रोद्योगिकी सहायक मंटू रवानी, घाघरा पुलिस बल सहित कई लोग शामिल थे।

# झरिया में फिर भू-धंसान, दहशत

## बेलगड़िया टाउनशिप में बिना मास्टर प्लान के आवास बनाये गये हैं, यहां न सुविधाएं हैं और न रोजगार : झरिया विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया में फिर एक बार भू धसान का मामला सामने आया है। इससे लोगों में दहशत का माहौल है। ऐसा ही झरिया के इंदिरा चौक के समीप शुक्रवार देर रात भू-धसान की एक बड़ी घटना सामने आयी, जिससे क्षेत्र में अफरातफरी मच गयी। झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग से कुछ ही दूरी पर वर्षों से खड़ी एक पुरानी 407 वाहन अचानक जमीन में समा गयी। संयोगवश घटना में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन इससे इलाके में दहशत फैल गयी। स्थानीय लोगों के अनुसार जमींदोज हुई गाड़ी मोहम्मद रियाज नामक व्यक्ति की थी, जिसकी पार्ट्स की दुकान घटनास्थल के सामने ही है। वाहन कई दिनों से उसी स्थान पर खड़ा था, लेकिन देर रात अचानक जमीन धंस गयी और गाड़ी पूरी तरह समा गयी। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुटे और प्रशासन तथा बीसीसीएल के प्रति नाराजगी जतायी। लोगों का कहना था कि प्रशासन तब तक चुप बैठा रहेगा, जब तक कोई बड़ा हादसा या जनहानि नहीं हो जाती। वहीं शनिवार की सुबह झरिया विधायक रागिनी सिंह, बीसीसीएल एरिया-10 के जीएम निखिल बी. त्रिवेदी, पूर्व पार्षद अनूप साव, दिलीप भारती, महेश शर्मा, मोहन पांडेय समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू करवाया। राहत कार्य में जुटे कर्मियों ने घंटों मशक्कत के बाद वाहन को क्रेन की सहायता से बाहर निकाला और घटनास्थल की भराई करायी गयी। घटना को लेकर विधायक रागिनी सिंह ने घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि भगवान का शुक्र है कि इस बार कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन यह पूरी तरह प्रशासन और बीसीसीएल की लापरवाही का नतीजा है। उन्होंने कहा कि झरिया में लंबे समय से भू-धसान की घटनाएं हो रही हैं लेकिन प्रशासनिक स्तर पर न तो कोई ठोस कदम उठाये गये हैं और न ही किसी विस्थापन नीति को प्रभावी रूप से लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि बेलगड़िया टाउनशिप में बिना मास्टर प्लान और जनता की राय लिए आवास बनाये गये हैं, जहां न तो मूलभूत सुविधाएं हैं और न ही रोजगार। इसलिए, झरिया की जनता जहां विस्थापन चाहती है उन्हें वहीं बसाया जाये।



### विस्थापन नहीं हुआ, तो यहां कभी भी बड़ा हादसा : महाप्रबंधक

बीसीसीएल एरिया-10 के महाप्रबंधक निखिल बी. त्रिवेदी ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद कहा कि यह क्षेत्र पहले से ही अग्नि प्रभावित (फायर जोन) घोषित है। यहां की जमीन अंदर से कमजोर है। उन्होंने कहा कि इस बार अधिक वर्षा के कारण भी भू-धंसान की घटनाएं तेज हुई हैं। त्रिवेदी ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते विस्थापन नहीं हुआ तो यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने बताया कि माइनिंग नक्शे के आधार पर स्थल की तकनीकी जांच की जायेगी और डीआरडीए पुनर्वास पैकेज के तहत स्थानीय लोगों को जल्द से जल्द विस्थापित किया जायेगा।

# सर्च अभियान के दौरान पुलिस को हथियार-विस्फोटक सामग्री मिली

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** विगत 16 जुलाई को गोमिया थानांतर्गत बिरहोरडेरा के जंगली क्षेत्र में संयुक्त बलों एवं नक्सली दस्ता के साथ मुठभेड़ की घटना के बाद से जारी सर्च अभियान के दौरान 18 जुलाई को पुलिस ने हथियार, मैगजीन व विस्फोटक सामग्री बरामद किया है। इसमें 1 एसएलआर रायफल, 20 एसएलआर गोली,इंसास व एसएलआर की मैगजीन, 2 बंडल कोडेक्स वायर एवं डेटोनेटर की बरामदगी हुई। डेटोनेटर को बीबीडीएस टीम द्वारा विनष्ट कर दिया गया। इस आशय की जानकारी एसपी हरविंदर सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। गौरतलब है कि उक्त मुठभेड़ की घटना में 5 लाख का इनामी नक्सली कुंवर मांझी को सुरक्षा बलों ने ढेर कर दिया था,जबकि कोबरा 209 बटालियन का एक जवान प्राणेश्वर कोच शहीद हो गये थे।

## कार्यक्रम में अधिवक्ता और लिपिकों को दी गयी ई-फाइलिंग की ट्रेनिंग



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** ई-कोर्ट्स भारत में न्यायिक प्रक्रिया को डिजिटलीकरण और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की एक पहल है। यह परियोजना ई-गवर्नेंस के तहत न्यायपालिका में पारदर्शिता, दक्षता और तेजी लाने के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2007 में शुरू की गयी है। इसके तहत न्यायालयों में ई-फाइलिंग, ऑनलाइन केस ट्रैकिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और डिजिटल दस्तावेज प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उपरोक्त बातें शनिवार को धनबाद सिविल कोर्ट में आयोजित ई कोर्ट्स ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कही। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीष, मनीषरंजन, ने किया। अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि लोग अब अपने मुकदमों के संबंध में ऑनलाइन केस ट्रैकिंग और आदेश डाउनलोड कर पायेंगे।

## झरिया इंदिरा चौक फुलारीबाग भू-धंसान क्षेत्र का संतोष सिंह ने किया दौरा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ झरिया इंदिरा चौक फुलारीबाग भू-धंसान क्षेत्र का सघन दौरा किया एवं विस्थापित परिवारों से मिला तथा संबंधित पदाधिकारी बीसीसीएल एरिया 10 के महाप्रबंधक से बात की। धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सह प्रवक्ता शमशेर आलम, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी, राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के सचिव एहसान अहमद खान, झरिया नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्याम कुमार साव, भोला सिंह, शिव शंकर सिंह, मृत्युंजय सिंह, अशोक मालाकार, रवी सिंह राठौर, राहुल चौहान, अर्जुन विश्वकर्मा, फैज अहमद, गीता सिंह, वीरेंद्र यादव, राजीव झा, निसार आलम,चंदन मोदक, सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित थे। प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए विस्थापित परिवारों से मिलकर कहा की अथा शीघ्र उचित कार्रवाई होगी। इसके लिए हम सभी कांग्रेस जन आपके साथ खड़े हैं। बीसीसीएल जन सिर्फ कोयला उत्पादन पर जोर दे रही है। विस्थापन पर ध्यान नहीं दे रही है, यहां कभी भी बहुत बड़ा हादसा हो सकता है और बड़ी दुर्घटना का निमंत्रण दे रहा है। यहां बार-बार भू-धंसान हो रहा है और प्रबंधन मौन है। जरूरत पड़ी, तो हम लोग उपायुक्त धनबाद से मिलकर विस्थापित परिवार की बात रखेंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बेलगडिया टाउनशिप जो इमारत बनी हुई है, एक तो बहुत छोटी है और बहुत कमजोर है। कभी भी भू-धंसान क्षेत्र से भी बड़ा हादसा हो सकता है। विस्थापन के नाम पर चारों तरफ लूट मची हुई है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव सह प्रवक्ता शमशेर आलम ने कहा कि झरिया का दुर्भाग्य है कि इमानदार जन-प्रतिनिधित्व नहीं मिला है, जब तक झरिया को दबंग लोगों से मुक्ति नही मिलेगी, तब तक झरिया को कोई नही बचा सकता है। शमशेर आलम ने कहा कि बीसीसीएल और जिला प्रशासन विस्थापन के मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई करे अन्यथा कांग्रेस जोरदार आंदोलन करेगी।

## उपायुक्त की पहल पर बिरसा पुल की हुई मरम्मत



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की पहल पर दामोदर नदी पर स्थित मोहलबनी बिरसा पुल की मरम्मत आज पूरी हो गई है। इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि उपरोक्त पुल पर गड्ढों के कारण लोगों को आवा-जाही करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। वर्षा के कारण गड्ढों में जल-जमाव हो जाता था। इसके कारण वाहन चालकों, विशेष कर दोपहिया वाहनों को पुल से गुजरने में दिक्कत हो रही थी। मामले पर त्वरित संज्ञान लेकर उपायुक्त ने एनएच डिविजन के कार्यपालक अभियंता को युद्ध स्तर पर पुल की मरम्मत करने का निर्देश दिया। जिसके परिणामस्वरूप पुल पर बने गड्ढों को भरकर सुचारू आवागमन के लिए तैयार कर दिया गया।

## बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर गहमागहमी

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर बोकारो बार परिसर में सरगर्मी तेज हो गई है। परिसर में चुनावी गहमागहमी का माहौल देखने को मिल रहा है। नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू हो चुकी है, जो 23 जुलाई तक जारी रहेगी। 20 से 24जुलाई तक नामांकन दाखिल जबकि , 25 को स्क्रुटनी किया जाएगा। चुनाव 2 अगस्त को होगा। मतगणना 3 अगस्त को निर्धारित की गई है। चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, सचिव सहित कई अन्य पदों के लिए प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कई अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र खरीद लिया है। उपाध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार रणजीत गिरि ने फॉर्म लेने के बाद अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि वे बार एसोसिएशन के विकास एवं अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

## दिल्ली जाकर आजाद अंसारी ने शिबू सोरेन की स्वास्थ्य के लिए जानकारी

**जैनामोड़(बेरमो)।** झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा बोकारो जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी अपने सहयोगियों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री सह झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष, राज्य सभा सांसद शिबू सोरेन का स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए गंगाराम अस्पताल स्थित दिल्ली पहुंचे। दिल्ली पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। झारखंड सरकार के मंत्री हाफिजुल हसन से मुलाकात कर अपने बोकारो जिला के विभिन्न क्षेत्रों के समस्याओं की जानकारी उपलब्ध कराई। समस्याओं की समाधान करने का आग्रह किया। बीते दिन हफीजूल हसन की दिल्ली स्थित मेदांता अस्पताल में हार्ट सर्जरी हुई थी। बोकारो जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मोहम्मद आजाद अंसारी ने स्वास्थ्य की जानकारी ली। स्वास्थ्य जानकारी लेने के बाद उन दोनों नेताओं को शीघ्र स्वास्थ्य होने की प्रार्थना की। मिलने वाले में मुख्य रूप से समीम अंसारी, तबरेज आलम, मोसीम अंसारी शामिल थे।

## 3 अगस्त को दिल्ली में आयोजित होगा जय भोजपुरी जय भोजपुरिया 11वां स्थापना दिवस

**बेरमो कार्यालय(बेरमो)।** बेरमो कोयलांचल भोजपुरी परिवार की बैठक कथारा सीसीएल अतिथि गृह में आयोजित हुई। यह बैठक अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार ओझा की अध्यक्षता तथा भोजपुरी सम्राट लाखन सिंह के संचालन मे हुई। जबकि मुख्य अतिथि के रूप मे मुखिया ललन सिंह, विशिष्ट अतिथि केपी सिंह उपस्थित रहे। इस बैठक मे 3 अगस्त को माता सुंदरी लेन-1, माता सुंदरी कालेज बाराखम्भा नयी दिल्ली मे भोजपुरी संगठन जय भोजपुरी जय भोजपुरिया के 11वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित होने वाला है, उस सम्मलेन मे सभी के शामिल होने पर सहमति बनी।

## बीएसएल के बिजनेस एक्सीलेंस विभाग में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग के द्वारा बिजनेस एक्सीलेंस विभाग में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में मनीष जलोटा, मुख्य महा प्रबंधक के साथ विभाग के वरीय अधिशासी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि मनीष जलोटा के द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रयोग के प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भविष्य में भी हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग करने पर बल दिया गया। बिजनेस एक्सीलेंस विभाग की हिंदी अधिकारी देवयानी चक्रबोर्ती ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा विभाग के अधिकारी अलोक कुमार, उप महाप्रबंधक के द्वारा किया गया। अलोक कुमार, उप महाप्रबंधक ने हिंदी का राजभाषा के रूप में महत्व, इसकी उपयोगिता, संवैधानिक महत्व के बारे में विस्तृत चर्चा की। साथ ही यूनिकोड का अधिकाधिक प्रयोग कर संसदीय राजभाषा समिति की अपेक्षाओं के अनुरूप हिंदी पत्राचार में वृद्धि करने की अपील की। कार्यशाला में हिंदी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समापन महा प्रबंधक अनुपमा तिवारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# आइआइएमयूएन कांफ्रेंस 2025 का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद स्थित क्रेडो वर्ल्ड स्कूल में आयोजित इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशन्स (आईआईएमयूएन) कॉन्फ्रेंस 2025 के उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होकर देव कुमार वर्मा ने देशभर से आ/र प्रतिभाशाली युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने इस अवसर को अत्यंत गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक बताया। अपने संबोधन में श्री वर्मा ने कहा की, जब देश के कोने-कोने से आए विद्यार्थियों को वैश्विक मंच पर गंभीरता से विमर्श करते देखता हूं, तो यह विश्वास और भी दृढ़ होता है कि भारत का भविष्य समर्थ, संवेदनशील और जागरूक हाथों में है। साथ ही उन्होंने कहा कि आइआइएमयूएन जैसे आयोजन नई पीढ़ी को संवाद, नेतृत्व और वैश्विक दृष्टिकोण से समृद्ध करते हैं। इस अवसर पर देव कुमार वर्मा के द्वारा पौधरोपण भी किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में श्री वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ये युवा ही आने वाले समय में एक सशक्त, समावेशी और पर्यावरण-संवेदनशील भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभायेंगे।




## अरकेएमयू प्रतिनिधियों के साथ जारंगडीह कोलियरी प्रबंधन की एजेंडा मीटिंग

**कथारा/ जारंगडीह।** जारंगडीह स्थित परियोजना पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में एजेंडा वार्ता हुई। यहां राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन जारंगडीह शाखा के प्रतिनिधियों द्वारा पूर्व में सौंपे गए 21 सूत्री मांगपत्र को लेकर प्रबंधन के साथ वार्ता हुई। इसमें प्रबंधन की ओर से पीओ विनोद कुमार, प्रबंधक मानव संसाधन सुभाष पासवान उपस्थित रहे। जबकि संगठन की ओर से कथारा क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह, संगठन के वरीय नेता व जिला परिषद सदस्य आकाश लाल सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष गणेश राम शामिल रहे। जारंगडीह शाखा के सचिव खगेश्वर रजक ने मांगपत्र की समस्याओं को प्रबंधन के समक्ष रखने का कार्य किया। इसपर पीओ श्रीकुमार ने सकारात्मक कदम उठाने का भरोसा दिलाया। वहीं क्षेत्रीय व मुख्यालय स्तर पर पूरी किए जाने वाले मांग को अग्रसारित करने की बात कही। इस अवसर पर शाखा उपाध्यक्ष पवित्र दास, सहायक सचिव राम प्रसाद मांझी, सपना राम, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश रजक, सेफ्टी बोर्ड के सदस्य सतीश वर्णवाल, बैरिस्टर सिंह लीलू गोप, शिशिर बार्तिया, प्रकाश तुरी आदि लोग उपस्थित थे।

### काला हीरा कार्यक्रम का दूसरा दिन

## चार राज्यों के कलाकारों ने दी सांस्कृतिक नृत्य एवं संगीत की शानदार प्रस्तुतियां



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** 9वां ऑल इंडिया मल्टीलिंगुअल ड्रामा,डांस, ड्राइंग एंड म्यूजिक कंपटीशन फेस्टिवल 'काला हीरा' के दूसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ काला हीरा के निदेशक राजेंद्र प्रसाद, मुख्य अतिथि बंगाल की प्रख्यात आर्टिस्ट,अनिता दत्ता, अनुभूति एक एहसास की निदेशक सरसी चंद्र क्लब इंडिया के डायरेक्टर संतोष रजक समेत अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। राजेंद्र प्रसाद ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित कर स्वागत किया। दूसरे दिन चार राज्यों वेस्ट बंगाल, उड़ीसा, आजमगढ़ एवं झारखंड के स्थानीय कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक डांस,इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक, ड्राइंग सिंगिंग प्रतिस्पर्धा में 180 प्रतिभागियों ने दमदार दर्शनीय प्रस्तुति देकर दर्शकों की वाहवाही एवं तालियां बटोरी। आज के कार्यक्रम की निर्णायक बंगाल की अनिता दत्ता थीं। काला हीरा के निदेशक राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम, ओडीसी समेत चारों राज्यों के प्रांतीय संस्कृति नृत्य, लोक गायन, वाद्य यंत्र,चित्रकारी प्रतिस्पर्धा ओं में कलाकारों ने बहुत ही शानदार एवं प्रसंसनीय प्रस्तुति दी है। कार्यक्रम का संचालन अनुभूति एक एहसास की निर्देशिका सरसी चंद्रा द्वारा बहुत ही शानदार और व्यवस्थित ढंग से की गई।काला हीरा के दूसरे दिन के सफल कार्यक्रम में सरसी चंद्रा सचिव हेमंत कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष नरेश राय वाइस प्रेसिडेंट मिताली मुखर्जी, देवनारायण, उत्तम विश्वकर्मा,सतीश कुमार, रविकांतआर कुमार शिवानी, दीक्षा, वशिष्ठ प्रसाद सिन्हा,सरसी चंद्रा, संजय चंद्रा, यूसी मिश्रा का योगदान था।

## चास के शिव हॉस्पिटल में डीआइएमसी टीम ने की छापामारी

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चास अनुमंडल क्षेत्र के आइटीआइ मोड़ स्थित शिव हॉस्पिटल में शुक्रवार को जिला निरीक्षण एवं निगरानी समिति (डीआईएमसी) की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अल्ट्रासाउंड सेंटर का औचक निरीक्षण किया। पीसीपीएनडीटी एक्ट का अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बिना वैध कागजात के अल्ट्रासाउंड सेंटर का परिचालन किया जा रहा है। टीम का नेतृत्व चास अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढांडा ने किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल के चिकित्सक डॉ. महेंद्र कुमार को बिना वैध लाइसेंस के एक महिला का अल्ट्रासाउंड करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके पर अल्ट्रासाउंड मशीन समेत अन्य जरूरी उपकरणों को जब्त कर लिया गया। जब्ती की प्रक्रिया चास अंचलाधिकारी दिवाकर दुबे की देखरेख में पूरी कर मौके पर ही जब्ती सूची तैयार की गई।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूंटी**
**सूचना**

पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी के अन्तर्गत सिसई – लापुंग–डोरमा पथ (MDR-030) के कि0मी0 5th, 9th, 10th, 12th, 15th, 27th, 30th & 31st के सकीर्ण HPC कलभर्ट को चौड़ीकरण कार्य कि0मी0 5th में स्थित RCC कलभर्ट को चौड़ीकरण कार्य तथा कि0मी0 29th में 1200 MM dia का Double Vent HPC कलभर्ट निर्माण कार्य जिसका निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– प0 नि0 वि0 /खूँटी/657 दिनांक 10.07.2025 PR No. 357001 Road (25-26)#D को अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, खूँटी।

PR.NO.357737 Road(25-26):D

**Government of Jharkhand**
**Directorate of Food & Consumer Affairs**
**3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi -834002**
**Notice Inviting Tender through GeM Portal**
Letter No.-kha.up.ni.01-vividh-01/2024- **1142** Date : **18-07-2025**
**Selection of Aadhar enabled 4G e-PoS Manufacturer/System Integrator for FPS Upgradation/Automation across Jharkhand State through GeM Platform.**

| Bid Details | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Selection of Aadhar enabled 4G e -PoS Manufacturer/System Integrator for FPS Upgradation/Automation across Jharkhand State (RFP ref No. 1137 Date 18.07.2025) |
| 2. | Tender Publishing Date/ Download Link of Tender Document | 21-07-2025/ Through https:// www.jharkhand.gov.in/food and https://gem.gov.in |
| 3. | Bid validity period | 180 days from the last date (deadline) for submission of Techno-financial response/ proposals. |
| 4. | EMD Amount | Rs. 3,56,00,000/- (Rupees Three Crore Fifty Six Lakhs only) (~ 2 % of estimated cost) to be paid online (Directorate bank account provided in RFP) /demand draft / BG through GeM portal valid for a minimum period of 180 days. |
| 5. | Last Date & Time for Submission of Pre -bid Queries (By e-mail) | 29-07-2025 up to 04:00 pm e-Mail – directorfood18@gmail.com |
| 6. | Date of Pre-bid meeting | 28-07-2025 at 01:00 pm through Google Meet (**https://meet.google.com/hyv - pudc-qxq**). |
| 7. | Date of release of responses to clarifications / queries / corrigendum | Before the last date of bid submission. |
| 8. | Last Date and time of Bid Submission | 08-08-2025 up to 06:00 pm |
| 9. | Date of proposed e-PoS device sample submission | Will be intimated later. |
| 10. | Date of opening of Technical Bid. | 09-08-2025 |
| 11. | Date of Technical presentation | After Technical Evaluation date shall be intimated. |
| 12. | Date of Financial Bid opening | Date will be intimated to qualified bidders. |
| 13. | Tender Inviting Authority and Address. | The Director, Directorate of Food and Consumer Affairs, Government of Jharkhand, 3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi 834002 e-mail: directorfood18@gmail.com |

- Any changes/modifications/corrigendum in the tender documents will be posted on website **https:// www.jharkhand.gov.in/food** and https://gem.gov.in

Sd/-
Director
Directorate of Food & Consumer Affairs, Jharkhand.

*PR 357728 Directorate of Food and Consumer Affairs(25-26)D*


# बीएसएल का सघन पौधरोपण अभियान शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बीएसएल के नगर प्रशासन विभाग के तत्वावधान में सेक्टर-4 स्थित सूर्य मंदिर के समीप से सघन वृक्षारोपण का अभियान 19 जुलाई को निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी की अगुवाई में आरम्भ किया गया। इस मौके पर अधिशासी निदेशक राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक सीआर मिश्रा, अधिशासी निदेशक अनीष सेनगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक लक्ष्मी दास, मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार और हॉर्टिकल्चर अनुभाग की टीम उपस्थित थी। इस अभियान के तहत बीएसएल द्वारा वित्त वर्ष 2025 -26 के दौरान कुल 665000 पौधे लगाने की योजना है। बीएसएल के पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी विभाग के द्वारा वित्त वर्ष 2025 -26 में बोकारो इस्पात संयंत्र के अंदर 65000 पौधे लगाये जायेंगे तथा शेष 600000 पौधे टाउनशिप के आसपास में लगाने का लक्ष्य नगर प्रशासन विभाग द्वारा रखा गया है। इस अवसर पर निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने वृक्षारोपण के लिए, नगर प्रशासन के प्रयासों की सराहना की और सभी को इस मानसून में बड़े पैमाने पर पौधरोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा

# 1 अक्टूबर से लागू होगा भारत इएफटीए व्यापार समझौता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह इएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता एक अक्टूबर से लागू होगा। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीइपीए) पर हस्ताक्षर किये। समझौते के तहत भारत को समूह से 15 वर्षों में 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है, जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट और कटे और पॉलिश किए गए हीरों जैसे कई उत्पादों को कम या शून्य शुल्क पर अनुमति दी गयी है।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत-इएफटीए टीइपीए 1 अक्टूबर से प्रभावी होगा। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। समूह ने 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है - समझौते के कार्यान्वयन के बाद 10 वर्षों के भीतर 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तथा अगले पांच वर्षों में 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर- जिससे भारत में 1 मिलियन प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। यह भारत द्वारा अब तक



हस्ताक्षरित किसी भी व्यापार समझौते में सहमत अपनी तरह की पहली प्रतिज्ञा है।

यह प्रतिबद्धता इस समझौते का मुख्य तत्व है, जिसे पूरा होने में लगभग 16 वर्ष लगे, जिसके बदले में भारत ने यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ देशों से आने वाले कई उत्पादों के लिए अपने बाजार खोल दिये। इस समूह में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार स्विट्जरलैंड है। शेष तीन देशों के साथ भारत का व्यापार कम है। इस समझौते में भारत अपनी टैरिफ लाइनों या उत्पाद श्रेणियों का 82.7 प्रतिशत हिस्सा देने की पेशकश कर रहा है, जो इएफटीए निर्यात का 95.3 प्रतिशत है, जिसमें से 80 प्रतिशत से अधिक आयात सोना है। घरेलू ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले स्विस उत्पाद, जैसे घड़ियां, चॉकलेट, बिस्कुट और घड़ियां, कम कीमत पर उपलब्ध हो जाएंगे, क्योंकि भारत व्यापार समझौते के तहत इन वस्तुओं पर सीमा शुल्क को 10 वर्षों में चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर देगा। सेवा क्षेत्र में वाणिज्य मंत्रालय ने पहले कहा था कि भारत ने ईएफटीए को 105 उप-क्षेत्रों की पेशकश की है, जैसे लेखांकन, व्यावसायिक सेवाएं, कंप्यूटर सेवाएं, वितरण और स्वास्थ्य। दूसरी ओर, देश ने स्विट्जरलैंड से 128 उप-क्षेत्रों में, नॉर्वे से 114, लिकटेंस्टीन से 107 और आइसलैंड से 110 उप-क्षेत्रों में प्रतिबद्धताएं हासिल की हैं। जिन क्षेत्रों में भारतीय सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा, उनमें कानूनी, दृश्य-श्रव्य, अनुसंधान एवं विकास, कंप्यूटर, लेखांकन और लेखा परीक्षा शामिल हैं। इसके अलावा, यह समझौता घरेलू निर्यातकों को यूरोपीय संघ (इयू) के बाजारों में एकीकृत होने का अवसर प्रदान करेगा। स्विट्जरलैंड के वैश्विक सेवा निर्यात का 40 प्रतिशत से अधिक यूरोपीय संघ को होता है। भारतीय कंपनियाँ यूरोपीय संघ तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए स्विट्जरलैंड को एक आधार के रूप में देख सकती हैं। 2024-25 में भारत-इएफटीए द्विपक्षीय व्यापार 24.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

# शिक्षकों के टॉर्चर से परेशान मेडिकल छात्रा ने जान दी



- सुसाइड नोट में लिखा- महेंद्र सर, शैरी मैम जिम्मेदार
- नोएडा में यूनिवर्सिटी हॉस्टल में मिला शव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** 'अगर मेरी मौत हुई तो इसके लिए पीसीपी और डेंटल मेडिकल के टीचर जिम्मेदार होंगे। महेंद्र सर और शैरी मैम मेरी मौत के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, मुझे अपमानित किया। उनकी वजह से लंबे समय से डिप्रेशन में हूं। मैं चाहती हूं कि उन्हें भी यही सब सहना पड़े। सॉरी... मैं अब और नहीं जी सकती।' ये बातें ग्रेटर नोएडा की शारदा यूनिवर्सिटी की छात्रा ज्योति शर्मा ने अपने सुसाइड नोट में लिखीं। शुक्रवार शाम 7 बजे उसने फांसी लगाकर जान दे दी। गर्ल्स हॉस्टल मंडेला की 12वीं मंजिल पर कमरे में पंखे से छात्रा का शव लटका मिला। घटना का पता उस वक्त चला, जब साथी छात्रा रूम के पास गयी। देखा तो दरवाजा अंदर से बंद था। धक्का दिया तो दरवाजा खुल गया, फिर उसने पुलिस और वॉर्डन को सूचना दी। जैसे ही ज्योति के सुसाइड की खबर फैली, छात्र-छात्राएं इकट्ठा हो गये और हंगामा करने लगे। उन्होंने जुलूस निकालकर यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद सुबह कॉलेज में पहुंचे परिजनों ने हेड ऑफ डिपार्टमेंट से बातचीत की। इस दौरान गुस्से में आकर छात्रा की मां ने एचओडी को थप्पड़ जड़ दिया। परिजनों और कॉलेज के स्टूडेंट्स ने एचओडी के साथ धक्का-मुक्की की, तभी एसीपी को भी धक्का लगा। जिससे भीड़ को हटाने के लिए पुलिस फोर्स ने परिजनों और स्टूडेंट्स को मारा-पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस से छात्रों की नोकझोंक भी हुई। उधर, छात्रा ने सुसाइड नोट में जिन दो शिक्षकों महेंद्र और शैरी पर आरोप लगाया है, यूनिवर्सिटी ने उन्हें सस्पेंड कर दिया। पुलिस ने दोनों को अरेस्ट कर लिया है।

# चंदन मिश्रा हत्या मामले में एसएसपी ने आठ पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

- ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में की गयी कार्रवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** पटना में गैंगस्टर चंदन मिश्रा हत्याकांड मामले में आठ पुलिसकर्मियों पर गाज गिरी है। लापरवाही बरतने के आरोप में 8 पुलिसवालों को सस्पेंड किया गया है। जिसमें एक दारोगा, दो सिपाही समेत कई पुलिसकर्मी शामिल हैं। ये कार्रवाई पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने की है। बताया जा रहा है कि हत्याकांड के दौरान गश्त में लापरवाही के आरोप में ये एक्शन लिया गया है।

बता दें कि 17 जुलाई जिस पारस हॉस्पिटल में कुख्यात चंदन मिश्रा की हत्या हुई थी, वह जगह पुलिस मुख्यालय से लगभग उतना ही करीब है, जितना पटना हवाई अड्डा से। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी पहुंची और फिर जांच-पड़ताल, पूछताछ और एफएसएल टीम के द्वारा जांच किया। इसके बाद विपक्ष ने फिर से पटना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाया। विपक्ष के नेताओं ने कहा कि छह अपराधी आए और हत्या कर आराम से फरार हो गए लेकिन पुलिस उन्हें देख तक नहीं पाई। इसके बाद पटना के वरीय अधिकारियों ने मामले की जांच का आदेश दिया। इसमें पांच पुलिसकर्मी लापरवाह पाये गये।



### कंधे से लेकर पैर तक लगी थी 32 गोलियां

घटनास्थल तक पुलिस के अलावा कोई और नहीं पहुंच पाया, इसलिए गोलियों की संख्या स्पष्ट नहीं हो पा रही थी। शुरुआती समय में यह कहा जा रहा था कि अपराधियों ने उन्हें चार गोलियां मारी हैं, लेकिन सच्चाई कुछ और हैं। चंदन मिश्रा को 4 नहीं 36 गोलियां मारी थी। मृतक के एक बहुत ही नजदीकी व्यक्ति ने यह बताया कि अपराधियों ने कुख्यात चंदन मिश्रा पर कुल 36 गोलियां बरसाईं। कंधा से लेकर पैर तक कुल 36 गोलियां लगी थीं। अपराधियों ने फिल्मी स्टाइल में कंधे से लेकर पैर तक कोई ऐसी जगह नहीं छोड़ी थी, जहां गोलियां नहीं मारी।

### किस सीसीटीवी का जिक्र कर रहा है विपक्ष

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सीसीटीवी फुटेज का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि घटना के कुछ घंटों के अंदर पारस अस्पताल में चंदन मिश्रा हत्या कांड का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ गया था, जिसमें यह दिख रहा है कि पांच अपराधी बड़े आराम से पारस अस्पताल के अंदर कमरे में प्रवेश करते हैं और फिर फायरिंग कर बाहर निकल गये। साथ ही उनके जाने का भी सीसीटीवी फुटेज सामने आया, जिसमें दो बाइक पर तीन-तीन अपराधी हथियार लहराते हुए दिख रहे हैं। घटना करने के बाद ये छह अपराधी पारस अस्पताल से सटी गली से निकलते हुए बड़े आराम से अपने गंतव्य की ओर निकल गए। अपराधी जिस रास्ते से फरार हुए, वह रास्ता भी सीसीटीवी में कैद हो चुका। लेकिन एक भी अपराधी को पुलिस पकड़ नहीं पाई? यह बड़ा सवाल है।

## दिल्ली में मारा गया एक और पति

# पत्नी ने देवर संग मिलकर दिये बिजली के झटके

- मोबाइल से खुला राज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिला के उत्तम नगर इलाके से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। इसमें पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया। मृतक की शिनाख्त करण देव के रूप में हुई है। अपने प्रेमी के साथ रहने के लिए आरोपी महिला ने पति को बिजली का झटका देकर उसे मार डाला। महिला ने मृतक के परिजनों को महज करंट लगने की जानकारी दी थी। परिवार वालों ने भी इसे हादसा माना।

**चैट से हुआ हत्या का खुलासा :** घटना के कुछ दिन बाद भाभी और उसके चचेरे भाई के बीच हुए चैट को देखकर मृतक के छोटे भाई को साजिश का पता चला। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की छानबीन करने के बाद हत्या का मामला दर्ज कर मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।

**दोनों का छह साल का बेटा :** द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि आरोपियों की पहचान ओम विहार निवासी सुष्मिता देव और राहुल देव के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक करण अपनी पत्नी सुष्मिता देव और 6 साल के बेटे के साथ ओम विहार फेस-1 स्थित में रहते थे। वह निजी कंपनी में काम करते थे। उसके घर के पास ही करण के पिता कृष्ण देव, मां नीरू देव और छोटा भाई कुणाल अपने पुराने वाले घर में रहते हैं।

# शाहरुख खान को किंग के सेट पर चोट लगी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान अपनी फिल्म किंग की शूटिंग के दौरान चोटिल हो गये। उन्हें चोट तब लगी, जब वह मुंबई के गोल्डन टोबैको स्टूडियो में एक एक्शन सीन शूट कर रहे थे। बॉलीवुड हंगामा ने सूत्र के हवाले से बताया कि शाहरुख को चोट कब लगी और कहां लगी, इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आयी है।





































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**